

- वित्त मंत्री सीतारमण बोलीं-संकट से प्रभावितों को समर्थन देने के लिए वित्तीय गुंजाइश -12




- इंडियन ऑयल ने कहा- 4.88 करोड़ उपभोक्ताओं तक पहुंच रही एलपीजी -12



- भारतीय उच्चायुक्त ने कहा-बांग्लादेश के साथ अपने संबंधों को फिर मजबूत करेगा भारत-13



- आईपीएल में राजस्थान की आक्रामकता से सतर्क रहना होगा मुंबई को-14


आज का मौसम
31.0° अधिकतम तापमान
19.0° न्यूनतम तापमान
सूर्योदय 06.00
सूर्यास्त 06.36

एक सम्पूर्ण दैनिक अखबार

# अमृत विचार

www.amritvichar.com

2 राज्य | 6 संस्करण
लखनऊ ■ बरेली ■ कानपुर ■ मुरादाबाद ■ अयोध्या ■ हल्द्वानी

बैशाख कृष्ण पक्ष पंचमी 04:34 उपरांत षष्ठी विक्रम संवत 2083 | मुरादाबाद | मंगलवार, 7 अप्रैल 2026, वर्ष 7, अंक 4, पृष्ठ 14 ■ मूल्य 6 रुपये


# यूसीसी, एक राष्ट्र-एक चुनाव अगला लक्ष्य

## भाजपा के 47वें स्थापना दिवस पर प्रधानमंत्री मोदी बोले- पार्टी के इन दो प्रमुख एजेंडों में सकारात्मक प्रगति हुई

नई दिल्ली, एजेंसी



- कार्यक्रम को डिजिटल तरीके से मोदी ने किया संबोधित, कहा- हमने 1994 में उठाया था महिला आरक्षण का मुद्दा
- बोले- भाजपा कार्यकर्ताओं ने आपातकाल जैसी कई कठिनाइयों को सहा और कांग्रेस शासन में उत्पीड़न को झेला

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को समान नागरिक संहिता और एक राष्ट्र, एक चुनाव को भाजपा के दो अधूरे एजेंडे बताते हुए कहा कि इन पर गंभीर विचार-विमर्श हो रहा है तथा सकारात्मक दिशा में प्रगति हुई है। भाजपा के 47वें स्थापना दिवस पर एक कार्यक्रम को डिजिटल तरीके से संबोधित करते हुए, मोदी ने कहा कि पहली बार भाजपा ने 1994 में महिला आरक्षण का मुद्दा उठाया था, जबकि मौजूदा भाजपा नीत केंद्र सरकार महिला आरक्षण अधिनियम को 2029 के आम चुनाव में लागू करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है, जिसके तहत लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण होगा।

प्रधानमंत्री ने कांग्रेस पर भी निशाना साधा और कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं ने आपातकाल जैसी कई कठिनाइयों को सहा और कांग्रेस के शासन में उत्पीड़न का सामना किया है। उन्होंने कहा कि कई भाजपा कार्यकर्ताओं ने तो अपनी जान भी कुर्बान कर दी, जैसा कि बंगाल और केरल जैसे राज्यों में देखा गया, जहां हिंसा को एक राजनीतिक संस्कृति बना दिया गया है। कहा कि हमारा मिशन अभी जारी है। समान नागरिक संहिता, एक राष्ट्र, एक चुनाव और अन्य मुद्दों पर देश में गंभीर चर्चाएं चल रही हैं और हम इन पर सकारात्मक दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। भाजपा देश को विकसित और आत्मनिर्भर बनाना चाहती है और इस दिशा में बढ़ती रहेगी। एक राष्ट्र, एक चुनाव प्रणाली में विधानसभा व लोकसभा के चुनाव एक साथ कराने का प्रस्ताव है। यूसीसी का उद्देश्य पूरे देश में विवाह, गोद लेने आदि के संबंध में सभी के लिए एक समान कानून बनाना है। मोदी ने कहा कि देश जानता है कि भाजपा हर चुनौती का सामना करने के लिए पूरी ईमानदारी से प्रयास कर रही है और ऐसा करती रहेगी, पहले भी सकारात्मक परिणाम मिले हैं, और भविष्य में भी मिलेंगे। ब्रिटिश काल के सैकड़ों काले कानूनों को खत्म करना, लोकतंत्र के लिए एक नए संसद भवन का निर्माण, सामान्य वर्ग के गरीबों के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण, तीन तलाक पर प्रतिबंध लगाने वाला कानून, नागरिकता संशोधन अधिनियम, अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण ऐसे अनगिनत काम हैं जो भाजपा के ईमानदार प्रयासों का परिणाम हैं।

### भाजपा ही एकमात्र ऐसी राजनीतिक पार्टी जिसे कार्यकर्ता मानते हैं अपनी मां : प्रधानमंत्री

प्रधानमंत्री ने कहा कि भाजपा ही एकमात्र ऐसी राजनीतिक पार्टी है, जहां कार्यकर्ता पार्टी को अपनी मां मानते हैं। मोदी ने कहा कि राष्ट्रीय सुरक्षा और आतंकवाद जैसे मुद्दों पर भाजपा का सतत रुख रहा है। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के विशाल और पवित्र वटवृक्ष की छाया में भाजपा सद्भाव और ईमानदारी के साथ राजनीति करने के लिए प्रेरित हुई। उन्होंने कहा कि पार्टी 1984 को नहीं भूल सकती, जब कांग्रेस बड़ी संख्या में सीट जीती थीं, लेकिन देश ने यह भी देखा कि उन्होंने लोगों को कैसे धोखा दिया। भाजपा की स्थापना छह अप्रैल, 1980 को हुई थी।

## देश-समाज के लिए जीता है भाजपा कार्यकर्ताः मुख्यमंत्री



गोरखपुर में पार्टी के झंडा और कार्यकर्ताओं के साथ सेल्फी लेते मुख्यमंत्री योगी।

- स्थापना दिवस पर गोरखपुर में गरजे सीएम, राष्ट्र प्रथम को बताया मूल मंत्र
- संस्थापकों के आदर्शों और कार्यकर्ताओं के समर्पण से बनी विश्व की बड़ी पार्टी

राज्य ब्यूरो, लखनऊ/गोरखपुर

**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि भाजपा का कार्यकर्ता अपने लिए नहीं, बल्कि राष्ट्र और समाज के लिए जीता है। जनसंघ काल से चली आ रही राष्ट्र प्रथम की भावना ही भाजपा की असली ताकत है, जिसने उसे आज दुनिया की सबसे बड़ी राजनीतिक पार्टी बनाया है।

मुख्यमंत्री गोरखपुर के मानसरोवर रामलीला मैदान में भाजपा के 47वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भाजपा की यात्रा सत्ता की नहीं, बल्कि सेवा, संस्कार और समर्पण की यात्रा है। यही कारण है कि पार्टी आज देश की विकास यात्रा का नेतृत्व कर रही है और हर राष्ट्रभक्त को इस अभियान से जुड़ना चाहिए। योगी ने कहा कि श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने जनसंघ की स्थापना कर देश की एकता और अखंडता के लिए आवाज उठाई। वहीं दीनदयाल उपाध्याय ने 'अंत्योदय' का दर्शन देकर राजनीति को अंतिम पायदान तक पहुंचाने का मार्ग प्रशस्त किया। अटल बिहारी वाजपेयी ने कठिन परिस्थितियों में भी पार्टी को स्थिरता दी और विकास की राजनीति को नई दिशा दी। सीएम ने कहा कि नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने निर्णायक बदलाव देखा है। धारा 370 की समाप्ति, गरीब कल्याण योजनाओं का विस्तार और वैश्विक स्तर पर भारत की साख मजबूत होना इसी नेतृत्व का परिणाम है। उन्होंने कहा कि भाजपा ने जो कहा, वह करके दिखाया है,यही उसकी विश्वसनीयता है। योगी ने राम मंदिर निर्माण को ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए कहा कि यह राष्ट्र की आस्था और संकल्प का प्रतीक है।

# प. बंगाल के मुख्य सचिव को सुप्रीम कोर्ट ने फटकारा

- कहा- हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की कॉल न उठाने के लिए माफी मांगें
- न्यायालय ने मालदा घटना की जांच की जिम्मेदारी एनआईए को सौंपी

नई दिल्ली, एजेंसी

सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार को अपनी पूर्ण एवं असीमित शक्तियों का इस्तेमाल करते हुए प. बंगाल के मालदा जिले में एसआईआर कार्य में जुटे सात न्यायिक अधिकारियों को बंधक बनाने का मामला एनआईए को स्थानांतरित कर दिया। वहीं, मुख्य सचिव दुश्यंत नरियाला को फटकार लगाई कि उन्होंने एक अप्रैल को कलकत्ता हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की कॉल उस वक्त नहीं उठाई, जब न्यायिक अधिकारियों का घेराव किया गया था। पीठ ने कहा कि उन्हें मुख्य न्यायाधीश से कॉल न उठाने के लिए माफी मांगनी चाहिए।

सीजेआई सूर्यकांत, न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची और न्यायमूर्ति विपुल एम पंचोली की पीठ ने कहा कि बंगाल में नौकरशाही की विश्वसनीयता कम की जा रही है और सचिवालय एवं सरकारी कार्यालयों में राजनीति घुसाई जा रही है। पीठ ने आदेश दिया कि राज्य पुलिस द्वारा मालदा घटना से जुड़े 26 गिरफ्तार व्यक्तियों से एनआईए द्वारा पूछताछ की जाए, भले ही वे न्यायिक हिरासत में क्यों न हों। शीर्ष अदालत ने कहा कि मालदा में एसआईआर कार्य में जुटे न्यायिक अधिकारियों को घंटों तक घेर लिए जाने की घटना वास्तव में पूर्व-नियोजित और किसी विशेष उद्देश्य से प्रेरित थी।



### एसआईआर मामले में हाईकोर्ट से 3 जजों का पैनल बनाने को कहा

**नई दिल्ली।** शीर्ष कोर्ट ने कहा कि चुनावी राज्य प. बंगाल में मतदाता सूचियों के एसआईआर के दौरान मतदाता सूची से बाहर किए गए करीब 60 लाख लोगों के दावों और आपत्तियों का सोमवार 6 अप्रैल को ही निस्तारण किया जाएगा। यह भी कहा कि राज्य में केंद्रीय बल तैनात रहेंगे। शीर्ष अदालत ने एक महिला न्यायिक अधिकारी का अपने परिजनों की सुरक्षा को लेकर चिंता व्यक्त करने वाला वीडियो देखने के बाद कहा कि हाल के दिनों में जिस तरह की घटनाएं हुई हैं, उन्हें देखते हुए केंद्रीय बलों को वापस नहीं बुलाया जाएगा। पीठ ने कहा, यदि सरकारी तंत्र विफल होता है, तो हम सोचेंगे कि क्या किया जा सकता है। पीठ ने वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम दीवान द्वारा प्रतिनिधित्व की जा रही मुख्यमंत्री ममता की इस दलील पर गौर किया कि गलत तरीके से हटाए गए या जोड़े गए नामों के खिलाफ याचिकाओं की सुनवाई के लिए स्थापित 19 अपीलीय अधिकरण अभी क्रियान्वित नहीं हो सके हैं। सीजेआई ने हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश से इन अधिकरणों के लिए समान प्रक्रियाएं तैयार करने के वास्ते पूर्व वरिष्ठ न्यायाधीशों की तीन सदस्यीय समिति गठित करने को कहा।

## न्यूज ब्रीफ

### आईएसआई समर्थित आतंकवादी मॉड्यूल का भंडाफोड़, तीन गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई (इंटर-सर्विसेज इंटेलिजेंस) द्वारा समर्थित एक आतंकवादी मॉड्यूल का भंडाफोड़ करते हुए तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। उनके पास से दो हथगोले एवं एक 'ग्लॉक' पिस्तौल बरामद की है। पुलिस महानिदेशक गौरव यादव ने बताया कि हथगोलों पर पीओएफ (पाकिस्तान आयुध कारखाना) के चिह्न हैं जो सीमा पार संबंधों का संकेत देते हैं।

### आरबीआई ने बैंक प्रतिनिधियों की श्रेणियां बनाने के दिए निर्देश

**मुंबई।** आरबीआई ने सोमवार को बैंक प्रतिनिधियों को उनके काम के आधार पर दो श्रेणियों में रखने और उनके वेतन में समानता लाने का सुझाव दिया। केंद्रीय बैंक ने सोमवार को जारी शाखा मंजूरी संबंधी मसौदा मानदंडों में तीन प्रकार के वितरण बिंदुओं को परिभाषित करने का प्रस्ताव दिया है जिसमें बैंक शाखाएं, बैंक प्रतिनिधि-बैंक आउटलेट्स (बैंक शाखा, एटीएम, एक्सटेंशन काउंटर) और बैंक प्रतिनिधि-बैंकिंग टचपॉइंट (बीसी-बीटी) शामिल हैं। बैंक प्रतिनिधि को दूर-दराज के इलाकों में बैंकिंग सेवाएं देने के लिए नियुक्त किया जाता है।

# हमले में ईरानी सेना के खुफिया प्रमुख मारे गए, नया युद्धविराम प्रस्ताव भेजा

दुबई, एजेंसी



ईरान के मिसाइल हमले से इजराइल में क्षतिग्रस्त हुईं कारें और अपार्टमेंट।

- तेहरान में ताबड़तोड़ बमबारी में 25 से अधिक की गई जान
- ईरान ने इजराइल और पड़ोसी खाड़ी देशों पर मिसाइलें दागीं

इजराइल और अमेरिका ने सोमवार को ईरान पर बड़े पैमाने पर हमले किए, जिनमें 25 से अधिक लोगों की मौत हो गई। इसके जवाब में ईरान ने इजराइल और पड़ोसी खाड़ी देशों पर मिसाइलें दागीं। होर्मुज खोलने के लिए ईरान को अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा दी गई समयसीमा नजदीक आने के बीच मध्यस्थों ने युद्धविराम का नया प्रस्ताव पेश किया है।

सोमवार सुबह हुए हवाई हमलों में तेहरान में स्थित शरीफ प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय को निशाना बनाया गया। ईरानी मीडिया के अनुसार, इस हमले में विश्वविद्यालय की इमारतों के साथ-साथ परिसर के पास स्थित प्राकृतिक गैस वितरण केंद्र को भी नुकसान पहुंचा। ईरानी सरकारी मीडिया के अनुसार, तेहरान पर हुए एक हमले में अर्धसैनिक बल रिवोल्यूशनरी गार्ड के खुफिया प्रमुख मेजर जनरल माजिद खादेमी की भी मौत हो गई। वहीं, ईरानी मिसाइलों ने उत्तरी इजराइल के शहर हाइफा को निशाना बनाया, जहां एक रिहायशी इमारत के मलबे से चार लोगों के शव बरामद किए गए। अधिकारियों के मुताबिक, तेहरान के दक्षिण-पश्चिम में इस्लामशहर के पास हुए हमले में कम से कम 15 लोगों की मौत हुई। वहीं, कोम के एक रिहायशी इलाके पर हमले में पांच लोगों की जान गई, जबकि अन्य शहरों में हुए हमलों में छह और लोगों की मौत हुई। इसके अलावा, तेहरान में एक घर पर हुए हवाई हमले में तीन और लोगों की मौत हो गई।

### तेहरान ने नवीनतम युद्धविराम प्रस्ताव खारिज किया, कहा- युद्ध का स्थायी अंत चाहिए

**तेहरान।** ईरान ने नवीनतम युद्धविराम प्रस्ताव को खारिज कर दिया है और कहा कि वह युद्ध का स्थायी अंत चाहता है। यह खबर अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप द्वारा तेहरान को होर्मुज खोलने के लिए ईरान को दी गई समयसीमा नजदीक आने से ठीक पहले आयी है। ईरान ने पाकिस्तान के माध्यम से अमेरिका को अपना जवाब दे दिया है। काहिरा स्थित ईरानी राजनयिक मिशन के प्रमुख मोजतबा फरदौसी पोर ने सोमवार को बताया, हम केवल युद्धविराम स्वीकार नहीं करेंगे। हम युद्ध की समाप्ति तभी स्वीकार करेंगे जब हमें यह गारंटी दी जाए कि हम पर दोबारा हमला नहीं किया जाएगा।

# बीमा रकम के लालच में सिपाही पत्नी-बेटे को कार में फूंका

कार्यालय संवाददाता, रामपुर



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

- कार में आग से जलकर मरी महिला और उसके बेटे की हत्या का खुलासा
- महिला सिपाही के पति ने अपने पांच साथियों के साथ दिया था वारदात को अंजाम

**अमृत विचार** : थाना गंज क्षेत्र में करीब 10 दिन पहले महिला कांस्टेबल और उसके बेटे के कार जलकर मरने के मामले का पुलिस ने सोमवार को सनसनीखेज खुलासा कर दिया है। बीमा की एक करोड़ रुपये की रकम हड़पने के लिए महिला कांस्टेबल लता और तीन साल के बेटे आवांश को कार में जिंदा जलाकर मारा गया था। मृतका के पति ने ही दोहरे हत्याकांड को हादसे का रूप दे दिया था। पुलिस ने मृतका सिपाही के पति सहित तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है, जबकि अभी दो आरोपी फरार हैं।

पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना ने बताया कि 25 फरवरी की थाना गंज क्षेत्र में अज्ञात डंपर चालक द्वारा तेजी व लापरवाही से चलाकर कार में टक्कर मार देने और कार क्षतिग्रस्त होकर आग लग जाने का मामला सामने आया। इसमें कार सवार महिला सिपाही और उसके तीन साल के बेटे की मृत्यु हो जाने की पुष्टि हुई थी। परिवार नैनीताल से घूमकर वापस मिलक लौट रहा था। हादसे में पति दान सिंह और उसका भाई रवि सुरक्षित बच गया था। मामले में सीओ सिटी जितेंद्र कुमार के निर्देशन में पुलिस ने छानबीन की तो मामला अलग ही सामने आया। जांच में सामने आया कि पति दान सिंह ने बीमा राशि के लालच में सिपाही पत्नी लता और तीन साल के बच्चे आवांश उर्फ लड्डू की कार में पेट्रोल से जलाकर हत्या की थी। मामले में पति दान सिंह निवासी ग्राम बेहटरा थाना मिलक रामपुर, रवि निवासी ग्राम जमापुर थाना मिलक रामपुर, प्रदीप कुमार निवासी पनवड़िया थाना सिविल लाइंस रामपुर, नूरहसन निवासी ग्राम सोनकपुर थाना टांडा रामपुर, सलमान निवासी ग्राम चण्डका मदारपुर थाना पटवाई रामपुर का नाम प्रकाश में आया है।

एसपी ने बताया कि मामले में थाना गंज पुलिस ने दानसिंह, नूरहसन और सलमान को केसरपुर निर्माणाधीन पुल के पास से गिरफ्तार कर लिया है, जबकि दो आरोपी पुलिस की पकड़ से दूर हैं। आरोपियों के कब्जे से घटना में प्रयुक्त कार बरामद कर ली है। आरोपी पति ने जुर्म कबूल करते हुए बताया कि हत्या करने से पहले उसने पत्नी को कोल्ड डिंक में नशे की दवाई दी थी। पुलिस अधीक्षक ने पुलिस टीम को 25 हजार इनाम देने की घोषणा की।

## सीईसी के खिलाफ नोटिस अस्वीकार

**नई दिल्ली।** लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार को हटाने के लिए प्रस्ताव लाने संबंधी विपक्ष के नोटिस को सोमवार को अस्वीकार कर दिया। विपक्षी दलों के सदस्यों ने 12 मार्च को यह नोटिस सौंपा था। लोकसभा सचिवालय ने कहा कि अनुच्छेद 324(5), सीईसी और अन्य ईसी (नियुक्ति, सेवा की शर्तें और कार्यालय की अवधि) अधिनियम, 2023 की धारा 11(2) व न्यायाधीश (जांच) अधिनियम, 1968 के तहत लोकसभा के 130 सदस्यों द्वारा हस्ताक्षरित 12 मार्च, 2026 के एक प्रस्ताव संबंधी नोटिस लोकसभा अध्यक्ष को सौंपा गया था जिसमें सीईसी को हटाने की मांग की गई थी।

## अधिवक्ता की हत्या में 3 को मौत की सजा

मुजफ्फरनगर, एजेंसी

- यहां की एक अदालत ने सुनाया फैसला, एक अन्य को सात वर्ष कारावास की सजा
- अधिवक्ता मोहम्मद समीर (28) का अपहरण कर की गई थी हत्या

यहां की एक अदालत ने अधिवक्ता का अपहरण कर उसकी हत्या के मामले में सोमवार को चार आरोपियों को दोषी करार दिया। एक शासकीय अधिवक्ता ने यह जानकारी दी। अदालत ने चार में से तीन दोषियों को मौत की सजा जबकि एक को सात वर्ष कारावास की सजा सुनाई।

शासकीय अधिवक्ता कुलदीप ने बताया कि मुजफ्फरनगर की त्वरित अदालत ने अधिवक्ता मोहम्मद समीर (28) के अपहरण और हत्या मामले में सोमवार को रिजवान अहमद, सिंगोल अल्वी और शालू उर्फ अरबाज को मौत की सजा सुनाई। कोर्ट ने तीनों दोषियों पर एक-एक लाख रुपये का जुर्माना भी लगाया है। कुमार ने बताया कि अदालत ने मामले में सह-आरोपी दिनेश को सात साल कारावास की सजा सुनाई है।

# बरेली: किडनैपर थे मरने वाले बोलेरो सवार

कार्यालय संवाददाता, बरेली

- हरियाणा के ऑटो ड्राइवर व उसके दो मासूम बेटों को किया था अगवा
- बच्चों को शिफ्ट करते समय टैंकर से टकराई थी बोलेरो
- अपहर्ता मनमोहन व दो साथियों की हुई मौत, चौथा घायल

**अमृत विचार।** दिल्ली हाईवे पर एक दिन पहले हुए भीषण हादसे की जांच में बरेली पुलिस ने सनसनीखेज खुलासा किया है। एक्सीडेंट में मारे गए कार सवार तीन लोग पेशेवर अपराधी थे और गुरुग्राम से ऑटो ड्राइवर मनोज व उसके दो मासूम बेटे कुनाल (5) और लक्ष्य (3) का अपहरण कर भागे थे।

बच्चों को कार की डिग्गी में छिपाकर दूसरी जगह शिफ्ट करते समय मुख्य आरोपी मनमोहन व उसके दो साथियों की कार एक्सीडेंट में मौत हो गई, जबकि अस्पताल में भर्ती चौथा साथी प्रिंस पुलिस की हिरासत में है। पुलिस ने मृतक मनमोहन के पिता को गिरफ्तार कर उसके घर में बंधक बनाकर रखे गए ऑटो चालक मनोज को सकुशल मुक्त करा लिया है। गुरुग्राम पुलिस भी बरेली पहुंच गई और कार्रवाई में जुट गई। एसपी सिटी मानुष पारीक ने बताया कि हादसे की जांच में पुलिस को चौंका देने वाली जानकारी मिली थी। घायल बोलेरो चालक प्रिंस से पूछताछ और उसके मोबाइल की जांच में संदिग्ध वीडियो मिले थे। जिसके बाद पुलिस ने नत्थू सिंह को हिरासत में लिया, जो मारे गए मनमोहन का पिता है। उसके घर से पुलिस ने बंद कर रखे गए गुरुग्राम निवासी ऑटो चालक अजय को सकुशल छुड़ा लिया।पुलिस की पूछताछ में पता लगा कि हत्या के मामले में पिता के साथ जेल से छूटकर बाहर आए मनमोहन के प्रेम सम्बंध ऑटो ड्राइवर मनोज की भांजी से थे। वे शादी करना चाहते थे मगर इसके खिलाफ था।

मनमोहन व उसके पिता ने पीलीभीत-रामपुर के अपराधियों से मिलकर मनोज के अपहरण व हत्या की साजिश रची थी। 4 अप्रैल को सुनियोजित तरीके से गुरुग्राम में मंदिर दर्शन को गए मनोज व उसके दो बेटे दक्ष व कुनाल को अगवा कर लिया गया था।

उपलब्धि | लखनऊ के युवाओं का दिव्यास्त्र बना डिफेंस टेक्नोलॉजी की मिसाल

# बदल रही यूपी की छवि ... अब बना रहे आधुनिक ड्रोन

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



**अमृत विचारः** मुख्यमंत्री योगी के नेतृत्व में प्रदेश अब पुरानी छवि को पीछे छोड़ते हुए डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग और स्टार्टअप इनोवेशन का नया केंद्र बनता जा रहा है। कभी अवैध हथियारों के लिए बदनाम रहा प्रदेश अब 'ड्रोन शक्ति' के रूप में नई पहचान गढ़ रहा है। राजधानी लखनऊ में तीन युवा उद्यमियों पवन, रविंद्र पाल सिंह और सौरभ सिंह द्वारा स्थापित स्टार्टअप कंपनी हॉवरिट ने 'दिव्यास्त्र एमके-1' नाम का एडवांस यूएवी तैयार किया है।

यह ड्रोन आधुनिक युद्ध की जरूरतों को ध्यान में रखते हुए विकसित किया गया है, जो निगरानी के साथ-साथ सटीक हमले करने में सक्षम है। इस ड्रोन की सबसे बड़ी खासियत इसकी 500 किलोमीटर तक की रेंज, करीब पांच घंटे की उड़ान क्षमता और एआई आधारित टारगेटिंग सिस्टम है। यह 10 हजार फीट की ऊंचाई तक उड़ान भर सकता है और लगभग 15 किलोग्राम पेलोड के साथ लक्ष्य को भेद सकता है। कम लागत में तैयार यह ड्रोन विदेशी विकल्पों के मुकाबले ज्यादा किफायती बताया जा रहा है।

स्टार्टअप के संस्थापकों के अनुसार, प्रदेश सरकार की डिफेंस कॉरिडोर ० स्टार्टअप नीति ने उन्हें तेजी से आगे बढ़ने का अवसर दिया है। कंपनी भारतीय सेना के लिए ड्रोन सप्लाई की दिशा में काम कर रही है और शुरुआती ऑर्डर भी प्राप्त कर चुकी है। आने वाले समय में 'दिव्यास्त्र एमके-2' पर काम चल रहा है, जिसकी रेंज 2000 किलोमीटर और पेलोड क्षमता 80 किलोग्राम तक होने की संभावना है।

### एक नहीं, पूरा ड्रोन इकोसिस्टम तैयार

कंपनी केवल एक ड्रोन तक सीमित नहीं है, बल्कि निगरानी, सप्लाई और स्ट्राइक के लिए अलग-अलग यूएवी विकसित कर रही है। इसमें ''आंख'' सर्विलांस ड्रोन, ''बाज'' पेलोड ड्रोन, बम गिराने वाले ड्रोन, विटीओएल यूएवी और डिकॉय ड्रोन शामिल हैं, जो दुश्मन को भ्रमित करने में सक्षम हैं।

- 500 किमी रेंज, एआई टारगेटिंग व कम लागत से सेना को मिलेगी बढ़त

### रोजगार और टेक्नोलॉजी का नया केंद्र बन रहा यूपी

डिफेंस कॉरिडोर और स्टार्टअप नीति के चलते प्रदेश में युवाओं को हाई-टेक सेक्टर में अवसर मिल रहे हैं। नई मैन्युफैक्चरिंग यूनिट से स्थानीय स्तर पर रोजगार बढ़ेगा और यूपी देश के डिफेंस उत्पादन में अहम भूमिका निभाने की दिशा में आगे बढ़ेगा।

## न्यूज ब्रीफ

### दिव्यांग पुनर्वास केंद्र की स्थापना शीघ्र

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** सीडीओ की अध्यक्षता में जनपद में जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र की स्थापना एवं संचालन के संबंध में संचालन समिति की बैठक सीडीओ कार्यालय में हुई। यह केंद्र राज्य सरकार के संसाधनों से स्थापित किया जाएगा और संचालन जिला चिकित्सालय परिसर में किया जाएगा। बैठक में बताया गया कि जिला दिव्यांग पुनर्वास केंद्र के माध्यम से दिव्यांगजनों को मुख्यधारा से जोड़ने के उद्देश्य से विभिन्न आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। इनमें फिजियोथेरेपी, स्पीच थेरेपी, पुनर्वास परामर्श सहित अन्य सहायक सेवाएं शामिल होंगी। मुख्य विकास अधिकारी मृणाली अविनाश जोशी ने निर्देश दिए कि केंद्र की स्थापना एवं संचालन शीघ्र सुनिश्चित किया जाए तथा इसे दिव्यांगजन-अनुकूल बनाते हुए अधिक से अधिक प्रचार-प्रसार किया जाए, जिससे जरूरतमंद लाभार्थियों तक इसकी सेवाएं प्रभावी रूप से पहुंच सकें।

### आज से 10 तक आंधी बारिश की आशंका

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** पश्चिमी विक्षोभ अब सात से 10 अप्रैल तक पश्चिमी यूपी में तूफान मचाएगा। इसे देखते हुए अलर्ट जारी किया गया है। जिससे लोग खासकर किसान खेतों में खड़ी अपनी फसलों की सुरक्षा के उपाय कर सकें। इस दौरान तेज आंधी, ओलावृष्टि और भारी बारिश की संभावना भी जताई गई है। मौसम विभाग की ओर से जारी अलर्ट में बताया गया है कि सात से 10 अप्रैल के बीच बेहद शक्तिशाली पश्चिमी विक्षोभ (वेस्टर्न डिस्टर्बेंस) उत्तर, मध्य और पूर्वी भारत को प्रभावित करेगा। 7-8 अप्रैल को तापमान में 3-5 डिग्री सेल्सियस गिरावट हो सकती है।

### ई-रिक्शा चालक को दबंगों ने पीटा

**बिलारी, अमृत विचार :** कोतवाली क्षेत्र के रेलवे स्टेशन निवासी मनोहर लाल ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में कहां है कि वह स्टेशन से ई रिक्शा में सवारी भरकर बिलारी जा रहा था। तभी संजय शर्मा और उसका बेटा यश ने उसके ई रिक्शा को रोककर उसके साथ गाली-गलौज शुरू कर दी। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# पहली पत्नी की मौत और कार क्षतिग्रस्त न मिलने पर हुआ शक

## एक करोड़ के लालच में पत्नी-बेटे को कार में जिंदा जलाने का मामला, दान सिंह ने लता व बेटे की मोहब्बत और भरोसे का किया कत्ल

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- बेटे की हत्या से पहले नहीं पसीजा दान सिंह का दिल
- 2021 में सीतापुर निवासी सिपाही लता से की थी लव मैरिज

**अमृत विचार :** पत्नी के बीमा के एक करोड़ रुपये हड़पने के लिए आरोपी दान सिंह ने पत्नी और बेटे को जिंदा जलाकर मार दिया। मामले को लेकर पुलिस भी चौकन्नी रही। आरोपी की पहली पत्नी की भी हादसे में हुई मौत और कार के क्षतिग्रस्त न मिलने पर पुलिस को शक हुआ और आरोपी पकड़ में आ गए।

आरोपी पति दान सिंह ने पत्नी लता का नहीं, उसकी मोहब्बत और उसके अटूट भरोसे का भी कत्ल किया है। पत्नी व अपने कलेजे के टुकड़े की हत्या करने से पहले पति दान सिंह का दिल जरा भी नहीं पसीजा। पूछताछ के दौरान आरोपी पति ने बताया कि साल 2021 में उसने महिला सिपाही लता से लव मैरिज की थी। लता जिला श्रावस्ती में तैनात थी और वह सीतापुर जिले की मूल निवासी थी।

दान सिंह ने बताया कि पत्नी लता उससे सब कुछ बेचकर सीतापुर जिले में रहने की बात को लेकर लड़ती थी। यहीं से उसने पत्नी को रास्ते से हटाने के बारे में सोचा क्योंकि मौत के बाद पुलिस विभाग से करोड़ों रुपये का बीमा उसे मिलेगा। उसने पत्नी के साथ बेटे आवांश उर्फ लड्डु को मारने की योजना बनाई। पहली पत्नी से आरोपी दान सिंह को एक बेटी है, जिसके नाम उसने पांच बीघा जमीन कर रखी है। उसने साथियों को लालच दिया। 25 फरवरी 2026 को वह पत्नि, बेटे व भाई रवि के साथ नैनीताल घूमने गया। शाम को लौटते समय बाजपुर से पहले एक दुकान से कोल्ड ड्रिंक लेकर उसमें 3 नींद की गोली डाल दी। बिलासपुर रोड से सीधे मिलक ना जाकर सुनसान रास्ता चुना। खौद से मुड़कर चाकू चौराहे वाली रोड पर आगे चल रहे ट्रक को पास करते समय उसने पत्नी वाली साईड ट्रक में मारी थी। भारत पेट्रोल पंप से थोडा से आगे सुनसान रास्ते पर कार को गलत साइड खड़ा कर दिया। इस दौरान गोली के नशे में लता बेसुध सी थी। तीसरा आरोपी प्रदीप आ गया और गाडी में पेट्रोल डाल लाइटर से आग लगा दी। प्रदीप कुमार व सलमान कैन लेकर चले गए। जैसे ही गाड़ी ने आग पकड़ी तो वह और रवि दरवाजा खोलकर कार से निकल गए।


नैनीताल में पत्नी व बच्चे के साथ आरोपी पति। (फाइल फोटो)


बेटे के साथ दान सिंह। (फाइल फोटो)

### दान सिंह पर तीन थानों में मुकदमे दर्ज प्रदीप और रवि फरार

आरोपी पति दानसिंह, नूरहसन और सलमान को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है, जबकि प्रदीप और रवि अभी फरार हैं। पुलिस दो स्विफ्ट कार, एक हथौड़ी, तीन फोन बरामद किए हैं। आरोपी पति पर अलग अलग थानों में तीन मुकदमें दर्ज हैं।


हत्याकांड के दौरान जली कार। (फाइल फोटो)

### कार में आग लगने के बाद लता ने बाहर निकलने का किया था प्रयास

आरोपी पति ने बताया कि आग लगने के बाद लता गाड़ी से निकलने लगी तो उसने व रवि ने उसे अंदर धकेल दिया। तब उसने नूरहसन को कॉल करके बताया कि लता बच गई है। बच्चा जल गया है, तुरंत कार लेकर आओ। इसके बाद रवि ने उसके पैर कसकर पकड लिये और दो-तीन वार उसके सिर पर हथौड़ी से किए तो वह अचेत हो गई थी। तभी पट्रोल पंप के कर्मचारी एवं अन्य लोग आ गए जिन्होंने उसे कार से बाहर निकाला। इसके बाद वह संजीवनी हास्पिटल पनवडिया ले गए और भर्ती कराया। तब तक दोनों की मौत हो चुकी थी।

### महिला सब इंस्पेक्टर से चल रहा प्रेम प्रसंग

पत्नी लता और तीन साल के बच्चे की हत्या करने वाले आरोपी पति दान सिंह का एक महिला सब इंस्पेक्टर से प्रेम प्रसंग चला था। पुलिस को शक है कि प्रेम प्रसंग के चलते आरोपी पति ने महिला सिपाही पत्नी व बच्चे की हत्या की है। आरोपी एक सरकारी अधिकारी का ड्राइवर है और खनन के काम में संलिप्त है। उसके कई डंपर चलते हैं। इसके चलते पिछले कई दिनों से वह खुद को बचाने के लिए कई हथकंडे अपना चुका था।

### टीम में शामिल पुलिस कर्मी

गिरफ्तार करने वाली टीम में प्रभारी निरीक्षक पवन कुमार शर्मा, वरिष्ठ उप निरीक्षक सोहनपाल सिंह, उप निरीक्षक राजवेंद्र कौर, उप निरीक्षक राहुल सिंह सहित अन्य पुलिसकर्मी शामिल रहे। पुलिस अधीक्षक ने टीम को 25 हजार इनाम की घोषणा की है।

# ड्रोन से सुरक्षा व्यवस्था मजबूत करेगा आरपीएफ

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** मुरादाबाद रेल मंडल में रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) द्वारा सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक प्रभावी बनाने के लिए सोमवार को मंडल रेल प्रबंधक विनीता श्रीवास्तव की उपस्थिति में साप्ताहिक परेड के दौरान आधुनिक तकनीक का उपयोग करते हुए ड्रोन (यूएवी मॉडल क्यूफोरआई) का सफल प्रदर्शन किया गया। परीक्षण रेलवे सुरक्षा बल रिजर्व लाइन में किया गया।

बताया गया कि यह ड्रोन एक बार में लगभग 40 मिनट तक उड़ान भर सकता है व अतिरिक्त बैटरी से उड़ान अवधि बढ़ाई जा सकती है। 5 किलोमीटर की रेंज में कार्य और 400 मीटर तक की ऊंचाई से निगरानी कर सकता है। रात की निगरानी में सक्षम है, जिससे सुरक्षा व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाया जा सकता है।

मंडल रेल प्रबंधक विनीता श्रीवास्तव ने कहा कि ड्रोन के माध्यम से लाइनों की सुरक्षा, ट्रेनों की आवाजाही, पर्वों एवं मेलों के दौरान होने वाली भीड़ की सुरक्षा के लिए निगरानी, 2027 में हरिद्वार में होने वाले अर्धकुंभ की भी प्रभावी मॉनीटरिंग हो सकेगी। उन्होंने अधिकारियों व कर्मियों को आधुनिक तकनीक में दक्षता बढ़ाने का निर्देश दिया।


ड्रोन के परीक्षण के दौरान मौजूद डीआरएम विनीता श्रीवास्तव व अन्य। • अमृत विचार

- 5 किलोमीटर की रेंज और 400 मीटर तक की ऊंचाई से कर सकता है निगरानी

### मुख्य विशेषताएं

रेंज : 5 किमी

उड़ान अवधि : लगभग 40 मिनट

अधिकतम ऊंचाई (एजीएल) : 400 मीटर

कैमरा रेजोल्यूशन : 1280×720 पिक्सल

ऑप्टिकल ज़ूम : 10x

90 डिग्री टिल्ट क्षमता।

# पीएसी जवान ने फंदा लगा दी जान

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- साथियों ने आवास का दरवाजा तोड़कर दी पुलिस को सूचना
- कंपनी कमांडर की जानकारी पर पहुंचे भाई के सामने उतारा शव

**अमृत विचार :** पीएसी 9वीं वाहिनी में तैनात सिपाही ने सरकारी आवास की छत में लगे कुंडे में कपड़े का फंदा लगाकर जान दे दी। खबर सुनकर पीएसी परिसर में हड़कंप मच गया। साथियों ने बंद दरवाजा तोड़कर स्थानीय पुलिस को सूचना दी। पीएसी के कंपनी कमांडर ने भाई को जानकारी दी। भाई के सामने फंदे से शव उतारा गया। पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा। पुलिस जांच कर रही है।


मृतक विकास गौतम।

मेरठ के किठौर थाना क्षेत्र के भटीपुरा निवासी विकास गौतम नौवीं वाहनी पीएसी में आईटीआई के पद पर कार्यरत था। 2019 में उसे नौकरी मिली थी। सोमवार सुबह परेड ग्राउंड में प्रशिक्षु सिपाहियों की गिनती कर उन्हें प्रशिक्षण देने के बाद विकास कपड़े बदलने की बात कहकर सरकारी आवास पर चला गया था। कुछ समय बाद उसके साथ रहने वाले साथी जवान विपिन कुमार( जो करीब दस दिन की छुट्टी के बाद लौटे थे)जब कमरे पर पहुंचे तो दरवाजा अंदर से बंद मिला। कई बार आवाज देने के बावजूद कमरा खुला और न कोई आवाज आई। इसके बाद विपिन ने अन्य जवानों को बुलाया। जवानों ने दरवाजा तोड़कर अंदर प्रवेश किया तो विकास का शव फंदे से लटका हुआ था। यह देखकर कुछ जवानों की चीख निकल गई और रोने लगे। तत्काल वरिष्ठ अधिकारियों और स्थानीय पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस को मौके से कोई सुसाइड नोट बरामद नहीं हुआ है। फिलहाल आत्महत्या के कारणों का पता नहीं चल सका है।

एसपी सिटी कुमार रणविजय सिंह ने बताया कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है तथा परिजनों और साथियों से पूछताछ की जा रही है। जांच के बाद ही घटना के वास्तविक कारणों का खुलासा हो सकेगा।


सिविल लाइन थाने में जानकारी देता भाई आकाश।

### बहनों की शादी के बाद तीन को लौटा था विकास

विकास गौतम हाल ही में एक अप्रैल को अपनी दो बहनों रश्मि और शिवानी की शादी के बाद तीन अप्रैल को लौटकर आया था। भाई आकाश ने बताया कि वह हंसी खुशी शादी में शामिल हुआ था। बताया कि विकास की शादी के लिए पिता चिंतित थे, लेकिन वह पहले दोनों बहनों की शादी करने की बात कहता था।

# गंगा एक्सप्रेसवे की रेलिंग से टकराकर बाइक सवार की मौत

संवाददाता, हसनपुर

**अमृत विचार:** ससुराल जा रहे युवक की बाइक अनियंत्रित होकर गंगा एक्सप्रेसवे की रेलिंग से टकरा गई जिससे बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई।


मृतक।

थाना सैदनगली क्षेत्र के गांव करनपुर सुतारी निवासी मुकेश पुत्र रमेश 25 वर्षीय बाइक से सोमवार की दोपहर को गांव से ससुराल कोतवाली क्षेत्र के गांव भैसरोली जा रहा था। बाइक गंगा एक्सप्रेस वे पर सैदनंगली थाना क्षेत्र के गांव कनैटा के सामने पहुंची तो बाइक अनियंत्रित होकर गंगा एक्सप्रेस वे की रेलिंग से टकरा गई। जिससे बाइक सवार मुकेश रेलिंग से टकराने के बाद बुरी तरह घायल हो गया। जहां घटना स्थल पर ही घायल युवक की मौत हो गई।

थाना अध्यक्ष विकास सेहरावत मौके पर पहुंचे और परिजनों को सूचना दी। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पत्नी मीनू एवं दो माह के बेटे हर्षित को रोते बिलखते छोड़ गया है। थाना अध्यक्ष ने बताया कि हादसे में बाइक सवार युवक की मौत हो गई थी।

# अवैध फड़ लगाने वालों को मिलकर रोकेंगे

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार:** उत्तर प्रदेश संयुक्त व्यापार मंडल के पदाधिकारियों व व्यापारियों के साथ प्रशासन, नगर निगम व पुलिस के अधिकारियों की मौजूदगी में बैठक नगर कोतवाली में हुई। सिटी मजिस्ट्रेट विनय पांडेय की अध्यक्षता में हुई बैठक में सहमति बनी की व्यापारियों के सहयोग से प्रशासन, नगर निगम व पुलिस मिलकर मंगलवार को लगने वाले अवैध बाजार को बंद कराएगा।

बैठक में अपर नगर आयुक्त अजीत कुमार सिंह ने कहा कि मंगल बाजार को लेकर व्यापार मंडल के पदाधिकारी और पुलिस प्रशासन के अधिकारी और कर्मचारी मिलकर फड़ वालों को फड लगाने से सुबह नौ बजे से ही मिलकर सामूहिक रूप से रोकेंगे। न मानने पर फड़ लगाने वालों का सामान जब्त कर लिया जाएगा। इस दौरान संयुक्त व्यापार मंडल के अध्यक्ष अरविंद अग्रवाल जॉनी, प्रदेश महामंत्री विपिन गुप्ता, सुरक्षा फोरम के अध्यक्ष विजय मदान, सराफा कमेटी के अध्यक्ष नीरज अग्रवाल, सुनील अग्रवाल, आदेश गुप्ता, पौनी सहगल, अक्षय अग्रवाल, सागर सक्सेना, गोपाल शर्मा, सचिन गुप्ता, प्रदीप गुप्ता आदि मौजूद रहे।


व्यापारियों के साथ बैठक करते प्रशासन, नगर निगम व पुलिस के अधिकारी।

# सीबीएसई विद्यालयों में मिली खामियां 10 को नोटिस

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** सीबीएसई से संबद्ध विद्यालयों के निरीक्षण के दौरान मिलीं अनियमितताओं के आधार पर 10 निजी विद्यालयों को नोटिस जारी किया है।

जिला विद्यालय निरीक्षक देवेंद्र कुमार पांडेय ने राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाचार्यों एवं शिक्षकों की टीम गठित कर सीबीएसई विद्यालयों का निरीक्षण 1 अप्रैल को कराया था। निरीक्षणकर्ताओं द्वारा उपलब्ध कराई गई जांच रिपोर्ट व प्राप्त शिकायतों को जांचने के बाद कई खामियां सामने आईं। इसी के क्रम में उत्तर प्रदेश स्ववित्तपोषित स्वतंत्र विद्यालय (शुल्क विनियमन) अधिनियम 2018 के प्रावधानों के अंतर्गत 10 विद्यालयों को नोटिस जारी किया गया है। जिनमें डायमण्ड पब्लिक स्कूल (भीकनपुर), गोल्डन गेट पब्लिक स्कूल, कृष्णा इंटरनेशनल स्कूल, गांधी नगर पब्लिक स्कूल, पीएमएस स्कूल, शिरडी साईं पब्लिक स्कूल, केसीएम स्कूल, बोनी एनी पब्लिक स्कूल, आरआरके पब्लिक व समर वैली शामिल हैं। जिला विद्यालय निरीक्षक देवेन्द्र कुमार पांडेय ने बताया कि स्कूलों से स्पष्टीकरण मांगा गया है।




# आजम-अब्दुल्ला की अपील पर सुनवाई पूरी, 20 को आएगा फैसला

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** दो पैन कार्ड मामले में सपा नेता आजम खान और उनके बेटे अब्दुल्ला आजम की सजा के खिलाफ दायर अपील पर सोमवार को सेशन कोर्ट में सुनवाई पूरी हो गई। अदालत ने अपना फैसला सुरक्षित रख लिया है। इस मामले में निर्णय 20 अप्रैल को कोर्ट सुनाएगा।

मामला वर्ष 2019 में भाजपा नेता आकाश सक्सेना द्वारा दर्ज कराए गए मुकदमे से जुड़ा है। आरोप है कि अब्दुल्ला आजम ने अलग-अलग जन्म तिथियों के आधार पर दो पैन कार्ड बनवाए थे। इस प्रकरण में आजम खान की भूमिका भी जांच के दायरे में आई थी। इससे पहले एमपी-एमएलए कोर्ट ने 17 नवंबर 2025 को इस मामले में फैसला सुनाते हुए आजम खान और अब्दुल्ला आजम को दोषी ठहराया था। अदालत ने दोनों को सात-सात साल के कारावास की सजा सुनाई थी, साथ ही 50-50 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया था।एमपी-एमएलए कोर्ट के फैसले के बाद 25 नवंबर 2025 को सेशन कोर्ट में अपील दाखिल की गई थी। फिलहाल आजम खान और अब्दुल्ला आजम रामपुर जिला जेल में निरुद्ध हैं। सोमवार को हुई सुनवाई के दौरान बचाव पक्ष और अभियोजन पक्ष ने अपने-अपने तर्क विस्तार से प्रस्तुत किए। अदालत ने सभी दलीलों को सुनने के बाद फैसला सुरक्षित रखने का आदेश दिया। 20 अप्रैल को मामले में फैसला सुनाया जाएगा।

# दबंगों ने बुजुर्ग दंपती को पीटा

**कुंदरकी अमृत विचार :** थाना क्षेत्र के इंधनपुर नगला गांव में खेत के यूकेलिप्टस पेड़ अवैध रूप से काटे जा रहे थे। जब किसान इरशाद और पत्नी रेशमी ने इसका विरोध किया तो दबंगों ने धारदार हथियारों से दोनों पर हमला बोल दिया। दंपती गंभीर रूप से जख्मी हो गए। इरशाद ने बताया कि दोपहर को गेहूं की फसल काटने खेत पहुंचे तो कुछ दबंग पेड़ काट रहे थे। विरोध पर हमलावरों ने लाठियों से पीट-पीटकर हालत बिगाड़ दी।

### शहर में आज

- नगर निगम में नामित पार्षदों का शपथ ग्रहण समारोह टाउनहाल स्थित नगर निगम कार्यालय सभागार में 11 :00 बजे
- गो-रक्षा के विषय में राष्ट्रीय बजरंग दल पर हुए मुकदमे के विरोध में अंतरराष्ट्रीय हिन्दू परिषद राष्ट्रीय बजरंग दल पीतल बस्ती प्रखंड द्वारा कटघर थाने पर ज्ञापन दिया जाएगा 11 :00 बजे

### न्यूज ब्रीफ

## सपा युवजन सभा के जिलाध्यक्ष बने अक्षय



**मुरादाबाद, अमृत विचार :** समाजवादी युवजन सभा मुरादाबाद का जिलाध्यक्ष पार्टी हाई कमान अखिलेश यादव ने अक्षय आनन्द भटनागर को नामित किया है। प्रेमनगर लाईनपार क्षेत्र के निवासी अक्षय आनंद को पार्टी ने पार्टी के प्रति उनकी सक्रियता और समर्पण को देखते हुए सौंपी है। उनके युवजन सभा के जिलाध्यक्ष मनोनीत होने पर संगठन को मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। उन्हें निर्देशित किया गया है कि पार्टी संविधान के अनुसार 15 दिनों के भीतर जिला कमेटी का गठन कर अनुमोदन प्रस्तुत करें।

## भू-उपयोग की आख्या ई-ऑफिस पर प्राप्त करें

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** एमडीए ने उत्तर प्रदेश विकास प्राधिकरण भवन निर्माण एवं विकास उपविधियां तथा आदर्श जोनिंग रेगुलेशन-2025 में शासन द्वारा किए गए संशोधनों को प्राधिकरण बोर्ड ने निर्देशों के साथ अंगीकृत किया है। प्राधिकरण के सचिव ने बताया कि यूपी . ओबीपीएएस पोर्टल पर मानचित्रों के सुगम निस्तारण एवं जन-सामान्य की सुविधा के लिए भू-स्वामियों के सम्बन्ध में भू-अर्जन अनुभाग की आख्या और भू-उपयोग की आख्या आंतरिक रूप से ई-ऑफिस से प्राप्त की जाए।

## टीएमयू के 250 छात्र कंपनियों में चयनित

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** तीर्थंकर महावीर यूनिवर्सिटी के कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग- सीओई और कॉलेज ऑफ कंप्यूटिंग साइंसेज एंड इंजीनियरिंग के 250 छात्रों को विभिन्न कंपनियों में प्लेसमेंट मिला है। चयनित छात्रों का अधिकतम सालाना पैकेज 14 .5 लाख है। लिखित परीक्षा, कौशल मूल्यांकन परीक्षण, तकनीकी परीक्षण, समूह चर्चा और साक्षात्कार जैसे विभिन्न चरणों से गुजरते हुए छात्रों ने अपने तकनीकी ज्ञान, तार्किक सोच का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। एग्जिक्यूटिव डायरेक्टर अक्षत जैन ने कहा कि उद्देश्य केवल डिग्री प्रदान करना नहीं, बल्कि वैश्विक स्तर पर परिपूर्ण बनाना है।

## बीमारियों से बचाव व रोक के लिए रहें गंभीर

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** संचारी रोग नियंत्रण अभियान के अंतर्गत जिले में विभागों द्वारा साफ सफाई, फागिंग एवं जागरूकता गतिविधियों के संबंध में की जा रही कार्रवाई के संबंध में मुख्य विकास अधिकारी मृणाली अविनाश जोशी की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में समीक्षा बैठक हुई। उन्होंने कहा कि स्थानीय निकाय और विकास खंडों में डेंगू, मलेरिया एवं अन्य संक्रामक बीमारियों से बचाव एवं इसके संक्रमण को रोकने के लिए गंभीरता पूर्वक कदम उठाएं। हाई रिस्क जोन के रूप में चिन्हित गांव और वार्डों में विशेष कार्य होना चाहिए।

# 54 स्कूलों के 250 वाहनों का विवरण पोर्टल पर अपलोड

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- परिवहन विभाग की सख्ती: स्कूलों में चेकिंग, 100 वाहनों का चालान

**अमृत विचार :** जनपद में परिवहन विभाग एवं यातायात पुलिस ने संयुक्त रूप से अभियान चलाकर नियमों का उल्लंघन करने वालों पर सख्त कार्रवाई की। इस दौरान स्कूलों में संचालित वाहनों की भी विशेष चेकिंग की गई तथा उन्हें विभागीय पोर्टल पर अपडेट कराया गया।

सोमवार को संभागीय परिवहन अधिकारी राजेश सिंह ने बताया कि अभियान के तहत परिवहन विभाग की टीम ने विभिन्न स्कूलों में पहुंचकर वाहनों की फिटनेस, परमिट, बीमा और अन्य आवश्यक दस्तावेजों की जांच की। साथ ही 54 स्कूलों के 250 वाहनों को यूपीआईएसवीएमपी पोर्टल पर वाहनों का विवरण अपलोड कराया है इसके अलावा 150 स्कूलों अपलोड वाहन का सत्यापन कार्य भी हो चुका है। वहीं, यातायात जिला प्रभारी निरीक्षक कमलेश सिंह ने बताया कि पुलिस ने हाईवे पर नियमों का उल्लंघन कर रहे करीब 100 वाहनों के खिलाफ चालान की कार्रवाई की। इस दौरान बाइक, स्कूटी, ई-रिक्शा और ऑटो रिक्शा सहित कई वाहन चालक नियमों का उल्लंघन करते पाए गए। यातायात नियमों की अनदेखी करने वालों के खिलाफ आगे भी इसी तरह सख्त अभियान जारी रहेगा। उन्होंने वाहन चालकों से अपील की कि वे नियमों का पालन करें और अपने सभी दस्तावेज पूर्ण रखें, ताकि किसी प्रकार की कार्रवाई से बचा जा सके।

### हज-2026 यात्रा के लिए दिशा-निर्देश जारी, यात्रियों को दिए गए महत्वपूर्ण निर्देश

# जीपीएस युक्त स्मार्ट वॉच की सुरक्षा में रहेंगे हज यात्री

धमेंद्र सिंह, मुरादाबाद

- आपात स्थिति में यात्री के बटन दबाने पर उसकी लोकेशन सीधे कंट्रोल रूम पहुंचेगी

**अमृत विचार :** यूपी राज्य हज समिति की ओर से इस बार हज यात्रियों की सुरक्षा की स्मार्ट तरीके से निगरानी की जाएगी। यात्रियों की सुरक्षा की निगरानी जीपीएस युक्त स्मार्ट वॉच से की जाएगी। जिसमें लगे बटन को दबाने पर किसी भी तरह की सुरक्षा सुविधा तुरंत मिलेगी। हज कमेटी द्वारा चयनित हज यात्रियों के लिए गाइडलाइन जारी किया गया है। इसमें यात्रा, भुगतान, खान-पान, दस्तावेज एवं तकनीकी सुविधाओं से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई हैं। हज सुविधा ऐप एवं नुसुक ऐप डाउनलोड करना अनिवार्य किया गया है।

प्रभारी जिला अल्पसंख्यक कल्याण विभाग अधिकारी तूलिका शर्मा ने बताया कि इस वर्ष 2026 में हज यात्रा पर जाने वाले हज यात्रियों की सुरक्षा को लेकर उत्तर प्रदेश राज्य हज कमेटी की ओर से सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए गए है। यात्रियों की सुविधा एवं सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए प्रत्येक हज यात्री को एक स्मार्टवॉच प्रदान की जाएगी। यह स्मार्टवॉच सऊदी अरब पहुंचने के बाद सक्रिय होगी तथा जीपीएस से जुड़ी रहेगी। किसी भी आपात स्थिति में यात्री द्वारा बटन दबाने पर उसकी लोकेशन सीधे कंट्रोल रूम तक पहुंच जाएगी, जिससे त्वरित सहायता संभव हो सकेगी। यात्रियों को इसे चार्ज रखना अनिवार्य होगा।

### कैटरिंग व्यवस्था से उपलब्ध कराया जाएगा भोजन

हज कमेटी ऑफ इंडिया द्वारा यात्रियों से ली जाने वाली तीसरी एवं अंतिम किस्त की राशि 15 मार्च को मिल चुकी है। हालांकि इस राशि में कैटरिंग (खान-पान) का खर्च शामिल नहीं होगा, जिसे यात्रियों को अलग से जमा करना होगा। इस वर्ष मक्का में स्वयं भोजन बनाने की व्यवस्था समाप्त कर दी गई है। सभी हज यात्रियों को अब कैटरिंग व्यवस्था के अंतर्गत भोजन उपलब्ध कराया जाएगा। विभिन्न राज्यों के अलग-अलग खानपान के स्थान पर इस बार सभी के लिए एक समान भोजन व्यवस्था लागू की जाएगी।

### उड़ान तिथि आवंटित

सभी हज यात्रियों को उनकी उड़ान तिथि आवंटित कर दी गई है। यात्रियों को उड़ान से दो दिन पूर्व निर्धारित उड़ान स्थल पर पहुंचकर अपनी बुकिंग की पुष्टि करानी होगी। हालांकि यह प्रक्रिया परिजन के माध्यम से भी कराई जा सकती है, लेकिन उड़ान से 24 घंटे पूर्व यात्री का स्वयं उपस्थित होना अनिवार्य है। हज-2026 के लिए इस बार पासपोर्ट पहले से जमा नहीं किए गए हैं। अत: प्रत्येक यात्री को बुकिंग के समय अपना पासपोर्ट साथ लाना होगा तथा यह सुनिश्चित करना होगा कि पासपोर्ट क्षतिग्रस्त न हो, अन्यथा यात्रा में बाधा आ सकती है।

### 'हज सुविधा ऐप' एवं 'नुसुक ऐप' डाउनलोड करना अनिवार्य

इसके अतिरिक्त प्रत्येक हज यात्री के लिए अपने पंजीकृत मोबाइल नंबर पर 'हज सुविधा ऐप' एवं 'नुसुक ऐप' डाउनलोड करना अनिवार्य किया गया है। नुसुक ऐप के बिना मदीना में रियाजुल जन्नाह के लिए पंजीकरण संभव नहीं होगा। जिन यात्रियों ने अपने स्थान पर किसी अन्य व्यक्ति का मोबाइल नंबर दर्ज कराया है, उन्हें अपना नंबर अपडेट कराने की सलाह दी गई है। हज कमेटी ने राज्य के हज प्रशिक्षकों एवं निरीक्षकों से अपील की है कि वे इन निर्देशों को सभी चयनित यात्रियों तक पहुंचाना सुनिश्चित करें तथा विभिन्न माध्यमों से जागरूकता बढ़ाएं।

# झांकियों के जरिए जीवंत हुई यीशु की जीवनगाथा

### शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरते हुए प्रार्थना सभा के साथ पुनरुत्थान यात्रा का समापन, झांकियों ने किया आकर्षित

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** सिटी क्लर्जी फेलोशिप की ओर से सोमवार को शहर में यीशु मसीह की पुनरुत्थान यात्रा निकाली गई। यात्रा पारकर इंटर कॉलेज के मैदान से प्रारंभ होकर ताड़ीखाना चौराहा, टाउन हॉल, कोतवाली रोड, गंज-गुरहट्टी, जेल रोड, जैन मंदिर, सिविल लाइंस और आंबेडकर पार्क चौराहा होते हुए पीलीकोठी स्थित मेथाडिस्ट गर्ल्स इंटर कॉलेज मैदान में पहुंचकर प्रार्थना सभा के साथ संपन्न हुई।

यात्रा में जिले भर के विभिन्न चर्चों ने आकर्षक और संदेशपूर्ण झांकियां प्रस्तुत कीं। झांकियों के माध्यम से यीशु मसीह के जीवन, उनके उपदेशों और बलिदान को जीवंत रूप में दर्शाया गया। सेंट एंथोनी चर्च द्वारा आदम और हव्वा की झांकी प्रस्तुत की गई, जबकि ओल्ड मेथाडिस्ट चर्च ने मेंजर सीन और चरनी से जुड़ी झांकी सजाई। सिटी दांग चर्च की ओर से जिब्राइल दूत और मरियम से संबंधित दृश्य प्रदर्शित किए गए। वहीं, सेंट पॉल चर्च ने यीशु के पुनरुत्थान और स्वर्गारोहण की झांकी प्रस्तुत कर लोगों को भाव-विभोर कर दिया।

इस अवसर पर डेविड जेम्स, बृजेश मेंसल, अनिल सी. लाल, वीर सिंह, रोहित मैसी, राजू चरण, जिब्राइल दास, डॉ. आशीष संतराम, मेजर एस.के. नाथन, रवि जॉन, संगीता रेबिस, श्वेतांगना, अंतिम सिंह, अभिषेक विल्सन, हिमांशु मनी, विनीता जैकब, डेनियल मसीह आदि मौजूद रहे।



जुलूस में मसीह गीत गाती महिलाएं। ● अमृत विचार



जुलूस में शामिल मसीह समाज के लोग। ● अमृत विचार

### पादरियों और श्रद्धालुओं ने भक्ति गीत गाकर आध्यात्मिक बनाया वातावरण

इसके अलावा साल्वेशन आर्मी चर्च ने यीशु के दुख-भोग और परीक्षा की झांकी दिखाई। पीएमएमसी चर्च, पारकर इंटर कॉलेज और विल्सोनिया इंटर कॉलेज द्वारा यीशु के पापियों को क्षमा देने और क्रूस उठाकर चलने के प्रसंगों को सजीव रूप में दर्शाया गया। यात्रा के दौरान पादरियों और श्रद्धालुओं ने भक्ति गीत गाकर वातावरण को आध्यात्मिक बना दिया।



पार्कर कॉलेज से निकले जुलूस में शामिल मसीह समाज के लोग। ● अमृत विचार

## समाज कल्याण में लीन रहते हैं भक्त

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** श्रीद्वारकाधीश मन्दिर, कांशीराम नगर में भगवान जगन्नाथ कथा व हरिनाम संकीर्तन का आयोजन सोमवार को किया गया। इसमें कथा व्यास वैष्णवाचार्य धीरशान्त दास अर्द्धमौनी ने कहा कि भगवान के भक्त सदैव समाज कल्याण में लीन रहते हैं और दूसरों की पीड़ा दूर करते हैं।

उन्होंने कहा कि जैसे हम अपने शरीर के किसी भी अंग में पीड़ा नहीं चाहते, सभी अंगों को समान रूप से स्वस्थ देखना चाहते हैं, उसी तरह जो किसी भी प्राणी को दुखी नहीं देखना चाहता है, सभी को सुखी देखना चाहता है, उसे भगवान ने प्रिय वैष्णव भक्तवृन्द कहा है। सभी निरोग हो जाएं, सभी तत्त्वज्ञ-जीवन मुक्त हो जाएं, ऐसे भाव वाला सर्वोत्कृष्ट योगी है। गोविन्द को भजो, गोविन्द का नाम लो, गोविन्द से प्रेम करो क्योंकि भगवान के नाम जप के अतिरिक्त इस भव-सागर से पार जाने का अन्य कोई मार्ग नहीं है। उन्होंने कहा कि भोजन एवं वाणी, जब तक संयमित रहेंगे, स्वास्थ्य और सम्मान तब तक बने रहेंगे। इस दौरान सारिका अग्रवाल, ममता चौधरी, निर्देश पाल, सोनाली सरोज, सुधा शर्मा, अनुराधा खुराना, सपना सिरोही, सुनीता चौधरी, हरिनारायण, दीपशिखा अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

# अंग्रेजी की 18 और विज्ञान की किताब 38 रुपये में

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

- शासन ने कक्षा नौ से 12वीं के लिए एनसीईआरटी की किताबों की दरें जारी की
- निजी स्कूलों से कई गुना सस्ते में मिलेंगी पुस्तकें, बाजार में आने का इंतजार

**अमृत विचार :** नए शैक्षणिक सत्र की शुरुआत होते ही निजी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों के अभिभावकों की जेब पर बोझ पड़ने लगा है। एक बच्चे पर ही निजी प्रकाशकों की किताबें व अन्य सामान का आठ से 10 हजार रुपये तक खर्च आ रहा है। इसी बीच शैक्षिक सत्र 2026-27 के लिए शासन ने कक्षा नौ से 12वीं के लिए एनसीईआरटी व एससीईआरटी से विकसित पाठ्य पुस्तकों की अधिकृत कीमतें जारी की हैं।

एक पुस्तक विक्रेता संतोष किंगर ने बताया कि ये किताबें निजी प्रकाशकों की तुलना में कई गुना सस्ती हैं। कक्षा नौ की अंग्रेजी की एक पुस्तक मात्र 18 रुपये, विज्ञान की 38 से 87 रुपये, गणित की 53 रुपये, उर्दू की 46 हिंदी 79 व संस्कृत की किताब 46 रुपये में मिलेगी। यानी कक्षा नौ का पूरा सिलेबस 500 रुपये में मिल जाएगा।

इन पुस्तकों के लिए अभी अभिभावकों को इंतजार करना पड़ेगा। सत्र की शुरुआत के साथ ही निजी प्रकाशकों की महंगी किताबें, कॉपियां, स्टेशनरी, जूते-मोजे और अन्य सामग्री खरीदने का दबाव बनाया जा रहा है। स्कूल संचालक बाजार में एनसीईआरटी की पुस्तके उपलब्ध न होने का तर्क देकर बचाव कर रहे हैं। शासन ने पहल करते हुए एनसीईआरटी की सरकारी दरें जारी कर दी हैं।

### कक्षा 10वीं व 11वीं में पुस्तकों की कीमत

अग्रेंजी टेक्स्ट बुक 36 रुपये, अग्रेंजी रीडर (कोर्स बी) 21, अंग्रेजी वर्कबुक 49, गणित 67, विज्ञान 78, सामाजिक विज्ञान में भारत और समकालीन विश्व 46, समकालीन भारत 34, आर्थिक विकास की समझ 35 और लोकतांत्रिक राजनीति- (2) 31 रुपये में मिलेगी। हिंदी 43, संस्कृत 35 व उर्दू 43 रुपये की है। कक्षा 11वीं की अंग्रेजी की दोनों किताबें 45 रुपये में मिलेंगी। भौतिक विज्ञान की दोनों पुस्तके 122 रुपये, रसायन विज्ञान की दोनों पुस्तकें 120 रुपये और जीव विज्ञान की पुस्तक 87 रुपये में उपलब्ध होगी।

### कक्षा 12 में पुस्तकों की कीमत

कक्षा 12 में भूगोल की तीन किताबे हैं, जिनकी कीमत 30, 38 और 24 रुपये है। अर्थशास्त्र की दोनों किताबें 71 रुपये, व्यवसाय अध्ययन की दोनों किताब 70, लेखाशास्त्र की दोनों पुस्तकें 96 रुपये की हैं। मनोविज्ञान की 48, गृह विज्ञान की 44 व 39, हिंदी की 89, संस्कृत की 59, उर्दू की 74 रुपये, अंग्रेजी 26 व 19 में मिलेगी। भौतिक विज्ञान, रसायन विज्ञान, जीव विज्ञान, गणित, समाजशास्त्र, नागरिक शास्त्र व इतिहास की पुस्तकें 38 रुपये से लेकर अधिकतम 73 रुपये कीमत की है। निजी स्कूल इन्हें सिलेबस में शामिल कर अभिभावकों की बड़ी राहत दे सकते हैं।

## न्यूज डायरी

### मांगों को लेकर उरमू ने बांधा काला फीता



**मुरादाबाद, अमृत विचार :** उत्तरीय रेलवे मजदूर यूनियन (उरमू) के महामंत्री बीसी शर्मा के आह्वान पर मंडल अध्यक्ष एसके उपाध्याय, मंडल मंत्री धर्मवीर सिंह के नेतृत्व में कर्मचारियों ने छह से दस अप्रैल तक चलने वाले रोष सप्ताह के क्रम में काला फीता बांधकर डीआरएम कार्यालय में विरोध प्रदर्शन किया। इसमें एनपीएस-यूपीएस को समाप्त कर ओपीएस लागू करने, कोरोना काल में फ्रीज की हुई डीए की किस्त तुरंत जारी करने सहित 12 सूत्रीय मांगों को पूरा करने की मांग रेल प्रशासन से की गई। रोष सप्ताह के पहले दिन सोमवार को मंडल कार्यकारी अध्यक्ष संजय माथुर की अध्यक्षता में सहायक मंडल मंत्री संजय अरोरा, शेखर ठाकुर, पीपी सिंह के नेतृत्व में कर्मचारियों के कार्यस्थल पर उरमू की टीम ने पहुंचकर काला फीता बांधकर विरोध प्रदर्शन किया। यूनियन की 12 सूत्रीय मांगों को लेकर मंडल के 17 शाखाओं में भी विरोध प्रदर्शन किया गया। इस दौरान विशाल सक्सेना, विवेक कुमार, अतुल कुमार, मोहम्मद सिराज, अमन ढंग, सिद्धार्थ, जय कुमार, मुकर्रम, अरविंद, कपिल कुमार, राजेश शर्मा, रज्जन लाल, दीपक, पवन, संजू, नितेश, विक्रम, नवीन, संतोष, सतीश, रोहित आदि शामिल रहे। एनपीएस-यूपीएस को समाप्त कर ओपीएस लागू, कोरोना काल में फ्रीज की हुई डीए किस्त अतिशीघ्र जारी की जाए, ठेकेदारी प्रथा को तुरंत बंद करने, कैरिज-वैगन, इंजीनियरिंग, रनिंग, परिचालन, सिग्नल आदि विभिन्न विभागों में खाली पदों को पर नियुक्ति, रनिंग कर्मचारी को माइलेज भत्ता 14 प्रतिशत की बजाय 25 प्रतिशत बढ़ाने व आठवें वेतन आयोग को कर्मचारी हित में ध्यान केंद्रित कर बनाया जाए।

### मांगें पूरी न होने पर धरना- प्रदर्शन की चेतावनी



**मुरादाबाद, अमृत विचार :** भारतीय किसान यूनियन टिकैत के पदाधिकारियों ने किसानों की समस्याओं को लेकर जिला उपाध्यक्ष के नेतृत्व में डीएम अनुज सिंह से मिलकर ज्ञापन सौंपा। यूनियन के राष्ट्रीय सचिव ने 10 अप्रैल तक मांगे पूरी न होने पर व्यापक स्तर पर धरना प्रदर्शन की चेतावनी भी दी है। सोमवार को जिला उपाध्यक्ष सुदेश कुमार के साथ राष्ट्रीय सचिव डॉ नौ सिंह के अलावा किसान डीएम कार्यालय पर एकत्र हुए और मांगों को लेकर विरोध प्रदर्शनकर डीएम को ज्ञापन सौंपा। सौंपे गए ज्ञापन में गन्ने से जुड़े मुद्दे पर कहा कि किसान उन अस्वीकृत गन्ने की किस्मों को हटाने की मांग कर रहे हैं जिन्हें मिलों द्वारा जल्दी पकने वाली किस्मों के बहाने वितरित किया गया था। वहीं कृषि ऋणों का पूर्ण भुगतान करने के बजाय केवल ब्याज का भुगतान करके पांच वर्षों के लिए ऋण का नवीनीकरण करने की बात कही है। ग्रामीण क्षेत्रों में छुट्टा पशुओं पर नियंत्रण की मांग की। चेतावनी दी कि अगर 10 अप्रैल तक इन मुद्दों का समाधान नहीं हुआ तो वह ब्लॉक कार्यालय के सामने अनिश्चितकालीन हड़ताल करेंगे। साथ ही जिला स्तर पर भी बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन करेंगे। ज्ञापन देने वालों में वरिष्ठ मंडल अध्यक्ष चौ .वीर सिंह, टेकपाल सिंह ,जसविंदर सिंह, लाल बहादुर ,महानगर प्रमुख चौ .नितिन सहरावत सिंह आदि शामिल रहे।

### जन-जागरूकता गतिविधियों, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन बढ़ाने पर जोर



**मुरादाबाद, अमृत विचार :** स्वच्छता सर्वेक्षण 2026 की तैयारियों को पुख्ता करने के लिए सोमवार को अपर नगर आयुक्त अजीत कुमार के साथ बैठक हुई। इसमें सूचना, शिक्षा एवं संचार (आईईसी) की टीम व टीम लीडर्स उपस्थित रहे। बैठक में स्वच्छता सर्वेक्षण से संबंधित सभी बिंदुओं पर चर्चा की गई। विशेष रूप से जन-जागरुकता गतिविधियों, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन, बल्क वेस्ट जेनरेशन की निगरानी और स्वच्छता मानकों के क्रियान्वयन पर जोर दिया गया। अपर नगर आयुक्त ने निर्देश दिया कि बेहतर प्रदर्शन के लिए सभी विभाग आपसी समन्वय के साथ कार्य करें। आईईसी टीम को जनसहभागिता बढ़ाने के लिए नवाचारपूर्ण गतिविधियां चलाने का निर्देश दिया। निर्णय लिया गया कि नगर क्षेत्र में स्वच्छता से संबंधित गतिविधियों की नियमित मॉनिटरिंग की जाएगी। आवश्यक सुधारात्मक कदम समय-समय पर उठाए जाएंगे। टीमों ने स्वच्छता सर्वेक्षण में बेहतर अंक लाने के लिए प्रतिबद्धता जताई।

### विश्व स्वास्थ्य दिवस

### स्वास्थ्य सेवाओं में मजबूती की ओर बढ़ता जिला

# मरीजों को बेहतर उपचार के साथ मिला योजनाओं का लाभ

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर जिले की स्वास्थ्य सेवाओं की तस्वीर सकारात्मक नजर आती है। बीते एक वर्ष (अप्रैल 2025 से मार्च 2026) के आंकड़े बताते हैं कि जिला महिला अस्पताल, जिला अस्पताल सहित सीएचसी और पीएचसी स्तर पर चिकित्सा सुविधाओं का दायरा लगातार बढ़ा है। प्रसव सेवाओं से लेकर गंभीर बीमारियों के इलाज तक, कई मरीजों को न केवल बेहतर उपचार मिला बल्कि सरकारी योजनाओं के जरिए उन्हें आर्थिक राहत भी प्राप्त हुई।

जिला महिला अस्पताल में एक वर्ष के दौरान कुल 2724 प्रसव हुए। इसमें 1631 नॉर्मल डिलीवरी और 1093 सिजेरियन डिलीवरी हुईं। वर्ष 2024-2025 की अपेक्षा इस बार 79 प्रसव बढ़े हैं। यह आंकड़े दर्शाते हैं कि गर्भवती महिलाओं का सरकारी अस्पतालों पर भरोसा बढ़ा है। महिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. रनवीर सिंह के अनुसार डॉक्टरों की उपलब्धता और बेहतर सुविधाओं के कारण अब कई महिलाएं संस्थागत प्रसव को प्राथमिकता दे रही हैं, जिससे मातृ एवं शिशु मृत्यु दर में कमी लाने में मदद मिल रही है।

जिला अस्पताल के सीएमएस डॉ. राजेंद्र कुमार ने बताया कि जिला अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र (सीएचसी) और प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) पर साल भर में लगभग 20,00,150 जांचें की गईं। इसमें ब्लड टेस्ट, एक्स-रे, अल्ट्रासाउंड और अन्य जरूरी जांच शामिल हैं। वहीं सीएमओ डॉ. कुलदीप सिंह ने बताया कि विभाग द्वारा लगातार चलाए जा रहे जागरुकता अभियान, टीकाकरण कार्यक्रम और डिजिटल स्वास्थ्य सेवाओं ने भी व्यवस्था को मजबूत किया है। आशा कार्यकर्ताओं और स्वास्थ्य कर्मियों की सक्रियता से गांव-गांव तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंच रही हैं।

### आयुष्मान से मिली नई जिंदगी

डिप्टी सीएमओ डॉ. राजीव कुमार शर्मा के अनुसार सरकारी स्वास्थ्य योजनाओं का लाभ भी बड़ी संख्या में लोगों तक पहुंचा है। वर्ष भर में करीब 48 हजार से अधिक मरीजों को आयुष्मान योजना के तहत नि :शुल्क इलाज मिला। इस दौरान कई मरीजों के घुटने बदले गए, कुछ की बाईपास सर्जरी हुई और कई कैंसर पीड़ितों का इलाज संभव हो सका। यह योजना आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए किसी वरदान से कम नहीं साबित हो रही है।

### ब्लड बैंक बना जीवनदायिनी सहारा

जिला अस्पताल का ब्लड बैंक भी जरूरतमंद मरीजों के लिए अहम भूमिका निभा रहा है। ब्लड बैंक प्रभारी डॉ. शिल्पा अग्रवाल ने बताया कि प्रतिदिन औसतन 35 यूनिट रक्त मरीजों को उपलब्ध कराया जा रहा है। दुर्घटनाओं, प्रसव, थैलेसीमिया और गंभीर बीमारियों के मामलों में यह सुविधा कई जिंदगियां बचाने में मददगार साबित हो रही है।

### सुविधाएं मिलीं, लेकिन उपयोग में कमी

जिला अस्पताल में बर्न यूनिट और एमआरआई की बिल्डिंग तैयार होने के बावजूद पूरी तरह उपयोग में नहीं आ पा रही हैं। बर्न यूनिट में गंभीर मरीजों की सर्जरी के लिए प्लास्टिक सर्जन की तैनाती ना होने से यह सुविधा शोपीस बनकर रह गई है। इससे मरीजों को मजबूरी में निजी अस्पतालों या बड़े शहरों का रुख करना पड़ता है।

न्यूज ब्रीफ

### डॉ. फरहीन ने ब्रेस्ट कैंसर शोध पर पूरी की पीएचडी



कुंदरकी, अमृत विचार : नगर के मोहल्ला सादात निवासी सैयद परिवार की बहू डॉ. फरहीन फातिमा ने जामिया हमदर्द नई दिल्ली से ब्रेस्ट कैंसर अनुसंधान विषय पर पीएचडी का शोध सफलता पूर्वक पूरा कर क्षेत्र का नाम रोशन किया। उनका शोधकार्य 2 अप्रैल 2026 को पूर्ण हुआ। शोध विषय था-फोलिक अम्ल युक्त नैनो-इमल्शन द्वारा एक्सेमेस्टेन और क्वर्सेटिन संयोजन से स्तन कैंसर उपचार। डॉ. फरहीन फातिमा मार्गदर्शन प्रोफेसर डॉ. जावेद अली, डॉ. असगर अली और डॉ. संजुला बाबूटा ने किया। डॉ. फरहीन पूर्व में भारतीय चिकित्सा अनुसंधान परिषद में वरिष्ठ अनुसंधान फेलो रह चुकी हैं। ऑस्ट्रेलिया की औषधि नियामक प्रक्रिया पर पुस्तक अध्याय भी लिखा। परिवार व क्षेत्रवासियों में हर्ष की लहर है।

### पति पर किया धारदार हथियार से हमला

**कांठ, अमृत विचार :** छजलैट निवासी वृद्ध महिला सोमवती पत्नी बेगराज ने थाना पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उनकी पुत्रवधू आरती काफी समय से उन्हें व उनके बूढ़े पति के साथ झगड़ा मारपीट करती चली आ रही है। जब उनके पुत्र पीतम ने आरती को समझाने का प्रयास किया तो उसे भी मारा पीटा और झूंठे मुकदमे में फसाने की धमकी दी। रविवार रात 10 :00 बजे फिर आरती ने अपने सास ससुर के साथ गाली गलौज की। जब आरती के पति पीतम ने गाली गलौज को मना किया तो उसने प्रीतम के ऊपर धारदार हथियार से हमला कर दिया जिससे उसके हाथ में गंभीर चोट आई है। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# सुरक्षा, सुशासन, विकास के एजेंडे को आगे बढ़ा रहे कार्यकर्ता

## भाजपा जिला एवं महानगर कमेटी ने धूमधाम से मनाया पार्टी का स्थापना दिवस

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद



स्थापना दिवस पर भाजपा कार्यालय पर सम्मानित किए गए कार्यकारिणी के सदस्य। ● अमृत विचार

**अमृत विचार :** भाजपा जिला और महानगर के तत्वावधान में संयुक्त रूप से बुद्धि विहार स्थित पार्टी कार्यालय पर स्थापना दिवस सोमवार को मनाया गया। पदाधिकारियों व जनप्रतिनिधियों ने मुख्य द्वार पर ध्वजारोहण किया।

क्षेत्रीय महामंत्री हरिओम शर्मा ने कहा कि भाजपा महापुरुषों के त्याग और कार्यकर्ताओं के अथक प्रयासों की बदौलत विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है। आज का दिन भारत की प्रगति के लिए काम करने और विकसित भारत के सपने को साकार करने की प्रतिबद्धता दोहराता है। कार्यकर्ता पार्टी की रीढ़ हैं। देश के 150 करोड़ से अधिक लोग पार्टी के सुशासन एजेंडे को देख रहे हैं। एमएलसी गोपाल अंजान ने कहा कि भाजपा प्रत्येक चुनाव में लगातार ऐतिहासिक जीत दर्ज कर रही है ।

एमएलसी डॉ. जयपाल सिंह व्यस्त ने कहा कि एनडीए गठबंधन सबका साथ, सबका विकास को प्राथमिकता देते हुए काम कर रहा है। जिलाध्यक्ष आकाश कुमार पाल ने कहा कि भाजपा की स्थापना 1980 में तत्कालीन भारतीय जनसंघ के नेताओं ने की थी। 2014 में पीएम नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा को प्रचंड बहुमत मिला, तब से ही पार्टी केंद्र में है। महानगर अध्यक्ष गिरीश भंडूला ने कहा कि पार्टी के सभी कार्यकर्ता सक्रिय रूप से जमीनी स्तर पर काम कर रहे हैं और सुरक्षा, सुशासन, विकास के एजेंडे को आगे बढ़ा रहे हैं। अध्यक्षता जिलाध्यक्ष व महानगर अध्यक्ष व संचालन कार्यक्रम संयोजक व महानगर महामंत्री ने किया।

कार्यक्रम के बाद नवनियुक्त जिला, महानगर एवं नामित पार्षदों को पटका पहनाया गया। इस दौरान महानगर प्रभारी मोहनलाल सैनी, परमेश्वर लाल सैनी, पूर्व विधायक राजेश चुन्नू, ब्लॉक प्रमुख संतोष सिंह व वीर सिंह सैनी, सतपाल सिंह, हुकुम सिंह, अल्पना गुप्ता, कार्यक्रम संयोजक विशाल त्यागी, अमित शर्मा, शमी भटनागर, जिला महामंत्री नवीन चौधरी, ओमपाल सैनी, आदित्य शांख्यधर, प्रांतीय परिषद सदस्य संजय ढाका व निमित जायसवाल, मीडिया प्रभारी राजीव गुप्ता, नवदीप टंडन अशोक सैनी सहित अन्य पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### पार्टी की मजबूती कार्यकर्ताओं की निष्ठा और समर्पण से ही संभव



**मुरादाबाद, अमृत विचार :** कुंदरकी विधायक रामवीर सिंह ने सोमवार को अपने शिविर (कैंप) कार्यालय महर्षि दयानंद कॉलेज भदासना में भाजपा का स्थापना दिवस मनाया। इसमें मूंढापांडे मंडल के पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। विधायक ने पंडित श्यामा प्रसाद मुखर्जी और पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्रों पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। इसके बाद कैंप कार्यालय की छत पर पार्टी का ध्वज फहराया गया और कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर संगठन को मजबूत करने का संकल्प लिया। विधायक ने पार्टी की विचारधारा, सिद्धांतों और राष्ट्र सेवा के संकल्प को दोहराते हुए कहा कि भाजपा केवल एक राजनीतिक दल नहीं, बल्कि देशहित और समाज सेवा के लिए समर्पित एक विचारधारा है। पार्टी ने आम जनता के विश्वास को लगातार मजबूत किया है। पार्टी की मजबूती कार्यकर्ताओं की निष्ठा और समर्पण से ही संभव है। इस दौरान मंडल अध्यक्ष महेंद्र सैनी, रोहित सिंह, आशीष सिंह, सोनू रस्तोगी, रवि सक्सेना, जय सिंह, रविंद्र सिंह, सचिन, रिंकू ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

### कार्यकर्ताओं ने मनाया 47वां स्थापना दिवस



**बिलारी, अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी के पदाधिकारियों ने पार्टी का 47 वां स्थापना दिवस उत्साहपूर्वक मनाया गया। इस अवसर पर मंडल के समस्त पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने आवास, प्रतिष्ठान एवं कार्यालय पर पार्टी का ध्वज लगाया। कार्यक्रम के दौरान कार्यकर्ताओं ने पार्टी की गौरवशाली यात्रा, संगठन की विचारधारा तथा सेवा, सुशासन एवं राष्ट्रीय विकास के संकल्प को दोहराया। इस मौके पर पार्टी कार्यकर्ताओं ने पार्टी को मजबूत करने का संकल्प दोहराया। कार्यक्रम में विकास गुप्ता, मंडल महामंत्री मनोज ठाकुर, वीरपाल कोली, मनोज प्रजापति, नवनीत यादव, किशन लाल प्रजापति, दिनेश प्रजापति, प्रेमपाल पासी, कार्यक्रम संयोजक अभिलाष गौड़ सहित अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### संगठन मजबूत करने का लिया संकल्प



**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी के 47वें स्थापना दिवस के पावन अवसर पर नगर में उत्साह एवं श्रद्धा के साथ कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी तथा भारत माता के चित्रों पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित की गई। कार्यक्रम में पूर्व विधानसभा प्रत्याशी अजय प्रताप सिंह, ब्लॉक प्रमुख वीर सिंह सैनी, जिला महामंत्री ओमपाल सिंह सैनी, पूर्व मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र पाल, शिवेन्द्र गुप्ता, धर्मेंद्र सिंह, पंकज पाल सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

### भाजपा का लक्ष्य भारत को सशक्त बनाना



**कांठ, अमृत विचार :** भारतीय जनता पार्टी मंडल कांठ कार्यालय माहेश्वरी क्रेशर प्रांगण में भाजपा के स्थापना दिवस पर पार्टी ध्वजारोहण कर भारत माता, श्यामा प्रसाद मुखर्जी एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी के चित्रों पर पुष्पांजलि अर्पित कर बैठक की गई। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि निवर्तमान जिला महामंत्री राजन विश्नोई , विशिष्ट अतिथि मुकेश माहेश्वरी एवं देवराज सिंह जाटव रहे। मुख्य अतिथि राजन बिश्नोई ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी की स्थापना 6 अप्रैल 1980 को हुई थी। पार्टी की विचारधारा एकात्म मानववाद, हिंदुत्व ,राष्ट्रवाद और आर्थिक उदारीकरण पर आधारित है। पार्टी का लक्ष्य भारत को एक सुदृढ़, समृद्ध और शक्तिशाली राष्ट्र बनाना है। इस अवसर पर मंडल महामंत्री चंचल पाल, देवेंद्र सिंह, सूरज सिंह, राजपाल सिंह प्रजापति, विजय वीर विश्नोई,हरिओम सिंह, बलवंत सिंह, प्रमोद चौहान, रिजवान अल्वी, अंबरीश शर्मा, राजबहादुर जाटव, ओम प्रकाश सिंह, साजिद इदरीसी, नीरज बिश्नोई , सर्वेश कुमार, डा नेपाल सिंह, धर्मेंद्र जाटव राजकुमार , बरन सिंह, जयवंत जाटव, अर्जुन जाटव, संजीव जाटव, शिवराज सिंह आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अंकुश कुमार चौहान एवं संचालन सत्यवान सिंह राजपूत ने किया ।

### शिक्षकों के लिए भाजपा ने किए प्रयास : ढिल्लो



कांठ, अमृत विचार : शिक्षक विधायक भाजपा डॉक्टर हरि सिंह ढिल्लो का आज साहू ब्रज रतन अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज पहुंचने पर कॉलेज के अध्यक्ष प्रबंधक और शिक्षकों ने जोरदार स्वागत किया। सोमवार को शिक्षक विधायक डॉक्टर ढिल्लो का सेंट पॉल इंटरनेशनल स्कूल हार्वर्ड कान्वेंट स्कूल में शिक्षकों से मुलाकात की। इससे पहले उनका नगर के इंटर कॉलेज साहू ब्रज रतन अग्रवाल सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज पहुंचने पर शिक्षकों और प्रबंधकीय समिति ने जोरदार स्वागत किया। यहां शिक्षक विधायक ने भारतीय जनता पार्टी द्वारा शिक्षकों के लिए किए गए सार्थक प्रयासों को विस्तार से साझा किया। इस अवसर पर इंटर कॉलेज के प्रबंधक डॉ अनुज चौधरी, अध्यक्ष राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघ चालक कृष्ण गोपाल, गो सेवा गतिविधि के जिला संयोजक विकास शर्मा, पंकज शर्मा, नितिन शर्मा, पूर्व ब्लाक प्रमुख चरन सिंह, अशोक कुमार विश्नोई, महेश गुप्ता, पुष्पेंद्र चौधरी के अलावा शिक्षकों में सुनील कुमार, अभिषेक विश्नोई, नाहिद, गौरव चौधरी आदि अध्यापक गण मौजूद रहे।

# इलाज के दौरान रोगी की हालत बिगड़ी, परिजनों ने किया हंगामा

संवाददाता, कांठ

**अमृत विचार:** छजलैट में उपचार के दौरान स्थित एक निजी अस्पताल में बच्चे की हालत बिगड़ने पर बच्चे को मुरादाबाद से दिल्ली के लिए रैफर कर दिया गया है। गुस्साए परिजनों ने अस्पताल के बाहर जमकर हंगामा किया।



अस्पताल में एकत्र बच्चे के परिजन व ग्रामीण। ● अमृत विचार

छजलैट निवासी आर्यन 8 वर्ष पुत्र संजय कुमार के अचानक पेट में दर्द हुआ। बच्चे को 23 मार्च को छजलैट के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया था। परिजनों का आरोप है कि गलत उपचार के दौरान बच्चे की हालत बिगड़ने लगी। जहां से परिजन उसे मुरादाबाद के एक निजी अस्पताल में ले गए। अस्पताल में बताया गया कि बच्चे की किडनी में बहुत बड़ी समस्या पैदा हो गई है। वहां उसकी हालत और अधिक बिगड़ने पर आर्यन को दिल्ली के लिए रैफर कर दिया गया। जहां वह जीवन और मृत्यु के बीच संघर्ष कर रहा है। परिजन ग्रामीणों के साथ रविवार की शाम को एकत्रित होकर छजलैट के अस्पताल में पहुंचे जहां से उसका उपचार शुरू हुआ था। परिजनों का आरोप था कि यहां के चिकित्सकों के गलत उपचार के कारण बच्चे की हालत खराब हुई है। परिजनों द्वारा हंगामा करने पर पुलिस को बुला लिया। परिजनों का आरोप था कि चिकित्सक एवं स्टाफ ने परिजनों के साथ अभद्रता की है। पुलिस द्वारा पूंछे गए प्रश्नों के जवाब यहां मौजूद चिकित्सक नहीं दे पाया। आर्यन के ताऊ रमेश पुत्र प्रभु ने थाना छजलैट में चिकित्सक के विरूद्ध तहरीर देकर कानूनी कार्रवाई की मांग की है।

# कल विवेचक का बयान दर्ज होने के बाद फैसले की उम्मीद

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● अनुज चौधरी हत्याकांड में जमानत पर फैसला टला, विवेचक के बयान अधूरे

**अमृत विचार :** भाजपा नेता एवं ब्लॉक प्रमुख प्रत्याशी अनुज चौधरी हत्याकांड में सोमवार को जिला जज की अदालत में सुनवाई हुई। इस दौरान विवेचक ने अपने बयान दर्ज कराए, लेकिन बयान पूरे नहीं हो सके।जिसमें अदालत ने अगली तिथि पर बयान जारी रखने के निर्देश दिए हैं, हालांकि अगली सुनवाई की तारीख आठ अप्रैल तय की गई है।

सोमवार को सुनवाई के दौरान आरोपी पंकज हुड्डा और ललित कौशिक की जमानत याचिकाओं की पैरवी कर रहे अधिवक्ता ने अभिषेक शर्मा ने बताया कि मामले में जिला जज की अदालत में आरोपियों के विरुद्ध मामले की विवेचना कर रहे विवेचक सतीश कुमार अदालत के सामने पेश हुए। विवेचक के बयान पूरे दर्ज न होने दशा में दोनों पक्षों की दलीलें सुनने के बाद न्यायालय ने फिलहाल अपना निर्णय सुरक्षित रखते हुए कोई आदेश नहीं सुनाया। न्यायालय ने कहा कि अगली तारीख आठ अप्रैल को पहले विवेचक के बयान जारी रहेंगे। जिसके फैसले पर गौर किया जाएगा। यह हत्याकांड 10 अगस्त 2023 को नया मुरादाबाद स्थित पार्श्वनाथ प्रतिभा अपार्टमेंट में हुआ था। मामले में कुल 14 आरोपी नामजद हैं, जिनमें से कुछ आरोपी वर्तमान में जेल में हैं, जबकि अधिकांश आरोपी जमानत पर रिहा बताए गए हैं। पुलिस और न्यायालय की कार्यवाही पर अब अगली सुनवाई का इंतजार किया जाएगा।

## न्यूज डायरी

### भाकियू ने की एनसीईआरटी पुस्तकें लागू करने की मांग



**बिलारी, अमृत विचार :** भाकियू अराजनैतिक के पदाधिकारीयों ने एनसीईआरटी पुस्तकें लागू करने और एडमिशन और किताबों को लेकर एबीएसए को ज्ञापन दिया है। भारतीय किसान यूनियन अराजनैतिक के तहसील अध्यक्ष विक्की चौधरी के साथ एबीएसए कार्यालय पहुंचे। जहां उन्होंने ज्ञापन सौंपा। ज्ञापन में कहा गया कि निजी स्कूलों की एडमिशन और किताबों को लेकर मनमानी करनी बंद नहीं है न ही सरकार की गाइडलाइन एनसीईआरटी पुस्तकों को लागू करने का पालन हो रहा है। तहसील अध्यक्ष विक्की चौधरी ने बताया कि उन्हें आश्वासन दिया गया है। ज्ञापन में मुख्य रूप से शामिल तहसील अध्यक्ष विक्की चौधरी, अंकुर चौधरी जिलाध्यक्ष युवा, राजपाल सिंह मंडल सचिव, सूरज सिंह मंडल उपाध्यक्ष ,रमाकांत सैनी जिला महासचिव, राजू चौधरी ,मनवीर सिंह यादव, ब्लॉक अध्यक्ष खिलेंद्र सिंह जिला उपाध्यक्ष शामिल रहे।

### शांति व्यवस्था को लेकर पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च



**ठाकुरद्वारा, अमृतविचार :** कोतवाली प्रभारी मनोज परमार के नेतृत्व सोमवार को फ्लैग मार्च नगर के प्रमुख मार्गों—कोतवाली चौराहा, बुध बाजार, पुरानी घास मंडी, कामालपुरी मार्ग, अस्पताल रोड सहित अन्य मुख्य मार्गों से होकर गुजरा। कोतवाली प्रभारी ने कहा कि कानून-व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की प्राथमिकता है। फ्लैग मार्च में इंस्पेक्टर क्राइम विनोद कुमार, उपनिरीक्षक ब्रजेन्द्र सिंह, रजत चौधरी, विनीत कुमार, बलराम दीक्षित,विनय पाल , कॉन्स्टेबल परविंदर कुमार, राजू कुमार, निशांत कुमार सहित बड़ी संख्या में पुलिसकर्मी मौजूद रहे।

### कांठ के खिलाड़ियों ने उत्तराखंड में लहराया जीत का परचम




**कांठ, अमृत विचार :** कोटद्वार उत्तराखंड के डग आउट बैडमिंटन अकैडमी के तत्वाधान में दो दिवसीय बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उत्तराखंड में आयोजित हुई दो दिवसीय बैडमिंटन टूर्नामेंट में हरिद्वार, देहरादून, पौड़ी, कोटद्वार, नजीबाबाद, नोएडा,धामपुर, कांठ,चांदपुर आदि टीमों ने प्रतिभाग किया। बैडमिंटन प्रतियोगिता के फाइनल मैच में कांठ की टीम की ओर से मोहन बिश्नोई एवं खुर्शीद अहमद ने कोटद्वार की टीम के संजीव खत्री एवं दया किशन सेंवाल को सीधे सैट में 21-16 व 21-17 से हराकर ट्राफी पर कब्जा किया। विजयी खिलाड़ियों को मुख्य अतिथि पूर्व भाजपा जिला अध्यक्ष वीरेंद्र रावत एवं अर्जुन सिंह बिष्ट ने खिलाड़ियों को ट्रॉफी देकर सम्मानित किया। विजयी खिलाड़ियों के कांठ पहुंचने पर कृष्णावती बैडमिंटन क्लब के खिलाड़ियों ने जोरदार स्वागत किया। स्वागत करने वालों में रोमी माहेश्वरी, गौरव बिश्नोई, सोहन बिश्नोई,अरुण मित्तल, अनिल बिश्नोई,अमित बिश्नोई,अभय बिश्नोई, इरशाद राणा, नवदीप शर्मा आदि लोग मौजूद रहे।

### मकान की दीवार गिरने से मजदूर की मौत, परिवार में मचा कोहराम



**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** नगर में सोमवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में पुराने मकान की दीवार गिरने से एक मजदूर की मौत हो गई। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया और पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। कोतवाली क्षेत्र के गांव दारापुर निवासी 25 वर्षीय सतपाल सिंह पुत्र मुन्नू सिंह नगर में एक पुराने मकान की दीवार तोड़ने का काम कर रहा था। इसी दौरान अचानक पूरी दीवार भरभराकर उसके ऊपर गिर पड़ी। मलबे में दबकर वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद आसपास मौजूद लोगों ने किसी तरह उसे मलबे से बाहर निकाला और तत्काल उपचार के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया। हालत नाजुक होने पर उसे काशीपुर रेफर किया गया, जहां से स्थिति और बिगड़ने पर मुरादाबाद ले जाया गया। मुरादाबाद में इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मृतक के शव के घर पहुंचते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मां रामवती देवी, पत्नी राखी, बेटियां हर्षिका और सृष्टि का रो-रोकर बुरा हाल है। बताया गया कि सतपाल सिंह चार भाइयों में सबसे छोटा था।

### दुष्कर्म पीड़िता ने पुलिस पर लगाया मिली भगत का आरोप

**ठाकुरद्वारा, अमृत विचार :** दुष्कर्म पीड़िता ने पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। आरोप है कि पुलिस ने दुष्कर्म के आरोपियों से सांठगांठ कर ली है और आरोपियों को बचाने का प्रयास कर रही है। पीड़िता ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर विवेचक बदलवाने की मांग की है। पीड़िता ने बताया कि 25 अगस्त 2026 को गांव के ही जीशान ने उसके साथ दुष्कर्म किया, लेकिन थाना पुलिस ने तत्कालीन कोतवाल की मिलीभगत से उसकी रिपोर्ट दर्ज नहीं की। आरोप है कि पुलिस की लापरवाही और आरोपियों के दबदबे के चलते पीड़िता और उसका परिवार गांव छोड़कर बिजनौर जिले में छिपकर रह रहा है। कोर्ट के आदेश पर मामला दर्ज तो हुआ, लेकिन ठाकुरद्वारा पुलिस से न्याय की उम्मीद नहीं है। इसलिए उन्होंने जांच किसी दूसरे थाने को ट्रांसफर करने की मांग की है। पीड़िता ने बताया कि 2 मार्च 2025 को शरीफनगर पेट्रोल पंप के सामने उसके देवर और जेठ पर जानलेवा हमला हुआ। आरोप है कि हमलावरों ने उन्हें पीटा, लूटा और मुकदमा वापस लेने की धमकी दी। मौके पर मामले के विवेचक दरोगा मौजूद थे, लेकिन उन्होंने मुख्य आरोपी को छोड़ दिया। पीड़िता के देवर की रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई और न ही उनका मेडिकल कराया गया।

# मुरादाबाद के रविंद्र बने एडीजे दो राज्यों में शानदार रैंक



टीडीआई सिटी स्थित आवास पर रविंद्र सिंह को मिठाई खिलाते पिता गुरमीत सिंह व अन्य।

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

**अमृत विचार :** टीडीआई सिटी निवासी सरदार रविंद्र सिंह ने एडीजे (अपर जिला जज) परीक्षा उत्तीर्ण कर जिले का नाम रोशन किया है। उन्होंने हरियाणा बैच में सातवीं और पंजाब में पांचवीं रैंक प्राप्त कर अपनी कड़ी मेहनत का परिचय दिया है।

रविंद्र सिंह ने अपनी प्रारंभिक शिक्षा शहर के ही केसीएम स्कूल से की। उन्होंने गुरु तेग बहादुर खालसा कॉलेज, दिल्ली से बीए और दिल्ली विश्वविद्यालय से एलएलबी की पढ़ाई पूरी की। प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए कोचिंग ली मदद ली थी। वर्ष 2016 में उनका चयन अभियोजन अधिकारी के पद पर हुआ। वर्तमान में वह गृह मंत्रालय में एडिशनल पब्लिक प्रॉसिक्यूटर (ग्रुप ए) के पद पर कार्यरत हैं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने पिता गुरमीत सिंह और मां सुरेंद्र कौर को दिया। वह रोजाना आठ-दस घंटे पढ़ते थे। नौकरी के साथ परीक्षा की तैयारी करना आसान नहीं था। शाम को घर आकर देर रात तक पढ़ाई कर अपने लक्ष्य को प्राप्त किया। 2014-15 में दिल्ली में कोचिंग के दौरान उन्होंने मजबूत आधार तैयार किया। सेल्फ स्टडी पर फोकस रखते हुए नियमित रिवीजन और मॉक टेस्ट के जरिए अपनी तैयारी को और बेहतर बनाया।

**युवाओं के लिए संदेश**

प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए उनका कहना है कि असफलता से निराश न हों, बल्कि उससे सीख लेकर आगे बढ़ें। लक्ष्य स्पष्ट रखें, निरंतर मेहनत करें और आत्मविश्वास बनाए रखें। सबसे जरूरी अपना मनोबल बढ़ाने के लिए खुद को खुद से मोटिवेट करना बहुत जरूरी है।

# अब बच्चों को पढ़नी होंगी तीन भाषाएं, दो चरण में होंगी परीक्षाएं

कार्यालय संवाददाता, मुरादाबाद

● कक्षा नौ से गणित-विज्ञान में स्टैंडर्ड व एडवांस्ड सिस्टम शुरू

**अमृत विचार :** केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) ने शैक्षणिक सत्र 2026-27 से नई शिक्षा नीति के अनुरूप पाठ्यक्रम में अहम बदलाव लागू करने की घोषणा की है। बोर्ड इन बदलावों को चरणबद्ध तरीके से लागू करेगा। हाल ही में आयोजित एक वेबिनार के दौरान अधिकारियों ने नई व्यवस्था की रूपरेखा साझा की।

कक्षा छह से छात्रों के लिए तीसरी भाषा पढ़ना अनिवार्य कर दिया गया है। सिटी कॉर्डिनेटर शशि शर्मा के अनुसार भाषा प्रणाली को आर-1, आर-2 और आर-3 के ढांचे में व्यवस्थित किया गया है। इसमें यह सुनिश्चित किया गया है कि तीन में से कम से कम दो भाषाएं भारतीय हों, जिससे छात्रों का भाषाई और सांस्कृतिक आधार मजबूत हो सके। हालांकि, विदेश से लौटने वाले छात्रों को आंशिक राहत मिल सकती है।

वहीं, कक्षा नौ से गणित और विज्ञान विषयों में दो-स्तरीय प्रणाली लागू की जाएगी। सभी छात्रों के लिए स्टैंडर्ड स्तर की परीक्षा अनिवार्य होगी, जो 80 अंकों की और तीन घंटे की अवधि की होगी। इच्छुक एडवांस्ड स्तर की परीक्षा भी दे सकेंगे, जो 25 अंकों की होगी। बताया कि एडवांस्ड परीक्षा के अंक अंतिम परिणाम में शामिल नहीं होंगे। हालांकि, यदि कोई छात्र इसमें 50 प्रतिशत या उससे अधिक अंक प्राप्त करता है, तो इसे उसकी मार्कशीट में अलग से दर्शाया जाएगा। उनका कहना है कि इस पहल का उद्देश्य छात्रों की समझ और उनकी उच्च स्तरीय दक्षता का आकलन करना है।

## चार के खिलाफ मारपीट का केस दर्ज

**भोजपुर, अमृत विचार :** गांव हटहट निवासी युनूस अली पुत्र अशफाक हुसैन ने पुलिस को दी तहरीर में बताया है कि शुक्रवार मैं परिजनों के साथ अपने घर मे बैठा था। गांव के महबूब, अब्दुल्ला,कय्यूम व रिजवान ने मेरे घर पर आकर लाठी डंडों से मारपीट की। आरोपियों के परिवार में छह वर्ष पहले मैंने अपनी बेटी का विवाह किया था। आरोपी बेटी को छोड़ने की धमकी देकर चले गए।

# स्टेट चैंपियनशिप में कुणाल अरोड़ा ने जीता स्वर्ण पदक

**मुरादाबाद, अमृत विचार :** रामगंगा विहार निवासी खिलाड़ी कुणाल अरोड़ा ने एक बार फिर अपनी उत्कृष्ट खेल प्रतिभा के दम पर लखनऊ स्थित मॉर्डन अकादमी में आयोजित पैरा स्टेट टेबल टेनिस चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक हासिल किया। यह प्रतियोगिता पांच अप्रैल को आयोजित हुई, जिसमें उन्होंने पूरे टूर्नामेंट में बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए एक भी सेट गंवाए बिना खिताब अपने नाम किया।

कुणाल ने क्वार्टर फाइनल मुकाबले में बागपत के खिलाड़ी उमेश नारायण को पराजित किया। सेमीफाइनल में वाराणसी के राजू कुमार को एकतरफा मुकाबले में हराकर फाइनल में प्रवेश किया। फाइनल में भी उन्होंने बरेली के बृजेंद्र सिंह को मात देकर स्वर्ण पदक पर कब्जा जमाया। कुणाल के कुल पदकों की संख्या अब 36 हो गई है, जिनमें राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के पदक भी शामिल हैं।

# शिव विहार में शिक्षिका की गला घोंटकर हत्या, पति गिरफ्तार

## परिजनों ने आरोपी बेटे को मेरठ के नशा मुक्ति केंद्र में करा दिया था भर्ती

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** थाना सिविल लाइंस क्षेत्र स्थित शिव विहार कॉलोनी में सोमवार को किराए के मकान में रह रही एक महिला शिक्षिका एकता की पति ने गला घोंटकर हत्या कर दी। शव दो दिन पुराना लग रहा है, पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। आरोपी पति वारदात को अंजाम देने के बाद मेरठ के नशा मुक्ति केंद्र में जाकर छिप गया था। मायके पक्ष के लोगों ने हंगामा किया, इसके बाद पति को हिरासत में लेकर पूछताछ कर रहा है।



आरोपी पति।

मृतका शिक्षिका एकता मूल रूप से मुजफ्फरनगर के थाना खतौली स्थित गांव भैंसी की रहने वाली थी। उसकी शादी लगभग आठ साल पहले मेरठ के तहसील मवाना के गढ़ीना गांव में राहुल से हुई थी। उसका एक पांच साल का बेटा आदित्य है। वह थाना पटवाई क्षेत्र के ठाकुरद्वारा गांव के प्राथमिक विद्यालय में शिक्षिका थी। मृतका के ससुर ने पुलिस को गुमराह करते हुए बताया कि उनका बेटा राहुल लंबे समय से नशे का आदी है। दो दिन पहले मेरठ में उसके नशे की हालत की जानकारी मिलने के बाद उसे पकड़वाकर एक नशा मुक्ति केंद्र भेज दिया गया था। ससुर ने बताया कि उनका बेटा कोई स्थायी काम नहीं करता था। बहू के शिक्षिका बनने के बाद पति-पत्नी के बीच शराब को लेकर अक्सर विवाद होता रहता था।



शादी के दौरान पति के साथ शिक्षिका। (फाइल फोटो)



आरोपी के पिता से जानकारी लेती पुलिस।

- मायके वालों के हंगामे के बाद पुलिस ने हिरासत में लिया

मायके पक्ष के लोगों ने हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा किया। परिजनों का आरोप है कि हत्या करने के बाद पति को नशा मुक्ति केंद्र में जाकर छिप गया था। पुलिस आरोपी पति को हिरासत में लेकर रामपुर ले आई है। पति द्वारा हत्या की पुष्टि को गई है। मामले में पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना ने बताया कि मामले हत्यारोपी पति को गिरफ्तार कर लिया है। हत्या पति द्वारा ही करने की पुष्टि हुई है।

# हनुमान जन्मोत्सव पर भव्य कार्यक्रम 13 अप्रैल को

**शाहबाद, अमृत विचार:** हनुमानजी के जन्मोत्सव के उपलक्ष्य में 13 अप्रैल को ग्राम जगेसर स्थित शिव मंदिर परिसर में भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। यह आयोजन विश्व हिन्दू परिषद एवं बजरंग दल के संयुक्त तत्वावधान में किया जा रहा है।

विश्व हिन्दू परिषद के नगर अध्यक्ष शोभित गुप्ता ने बताया कि कार्यक्रम दोपहर एक बजे शुरू होगा। जिसमें क्षेत्र के श्रद्धालु बड़ी संख्या में शामिल होंगे। कार्यक्रम के दौरान हनुमानजी की पूजा-अर्चना, भजन-कीर्तन और प्रसाद वितरण किया जाएगा।

मंदिर परिसर को सजाया जा रहा है और आयोजन को धार्मिक एवं भव्य रूप देने की योजना बनाई गई है। आयोजकों का कहना है कि यह आयोजन श्रद्धा और भक्ति का संदेश देगा तथा सामाजिक एकता को भी मजबूत करेगा। वहीं, आयोजकों ने समस्त जिला एवं प्रखंड टोली सहित आम श्रद्धालुओं से कार्यक्रम में अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर प्रसाद ग्रहण करने की अपील की है।

# सूजन, संक्रमण, विटामिन बी-12 की मिलेंगी दवाएं

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- जिला अस्पताल की सूची में बढ़ाईं गईं 100 नई दवाएं
- जिला अस्पताल को 394 के सापेक्ष मिलीं 313 दवाइयां

**अमृत विचार :** जिला अस्पताल में अब मरीजों को सूजन, संक्रमण, विटामिन बी-12 समेत नई दवाएं मिलेंगी। मरीजों के आराम के लिए शासन ने जिला अस्पताल की सूची में 100 नई दवाएं बढ़ाई हैं। ड्रग लिस्ट में शामिल कुछ दवाओं की खेप जिला अस्पताल पहुंच गई है। फिलहाल जिला अस्पताल में 394 के सापेक्ष 313 दवाइयां उपलब्ध हैं।

मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. बीसी सक्सेना ने बताया कि जिला अस्पताल की ड्रग सूची में पहले 287 दवाएं थीं। इमरजेंसी में इस्तेमाल होने वाली दवाओं के साथ कई अन्य दवाओं का टोटा था। दवाइयां नहीं होने पर जिला अस्पताल प्रशासन अपने स्तर से दवाओं की खरीद कर रहा था। जिला अस्पताल को 100 नई दवाएं बढ़ने के बाद अब जिला अस्पताल की दवाओं की सूची में 394 तरह की दवाएं हो गई हैं। दवाओं की नई सूची के मुताबिक सभी दवाएं फिलहाल जिला अस्पताल को नहीं मिली हैं। जिला अस्पताल को सूजन, संक्रमण, विटामिन बी-12 समेत नई दवाओं की आपूर्ति हुई है। जिला अस्पताल के चीफ फार्मासिस्ट ने बताया कि सूडा कारपोरेशन लखनऊ से धीरे-धीरे दवाइयां मिल रही हैं। बताते हैं कि अब बच्चों और बड़ों की दवाओं का कोटा अलग-अलग कर दिया है जिससे दवाइयों की बर्बादी नहीं होगी। उन्होंने बताया कि पहले बच्चों के लिए 125 एमजी का एंटीबायोटिक सिरप नहीं आता था लेकिन, अब उपलब्ध है। बड़ों के लिए 250 एमजी का सिरप है। इस तरह इंजेक्शन भी बच्चों और बड़ों की डोज के मुताबिक मिलेंगे। उन्होंने बताया कि मरीजों के लिए करीब 60 दवाइयां बिल्कुल नई आई हैं जिससे मरीजों को बहुत राहत मिलने की उम्मीद जगी है।

## न्यूज ब्रीफ

### जिले में 30 मई तक निषेधाज्ञा लागू

**रामपुर, अमृत विचार :** अपर जिला मजिस्ट्रेट प्रशासन डॉ. नितिन मदान ने बताया कि जिले में 30 मई तक निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि आगामी दिवसों में विभिन्न धार्मिक एवं राजनैतिक संगठनों, संस्थाओं, व्यक्तियों आदि द्वारा जिले के विभिन्न भागों में धरना, प्रदर्शन, जुलूस, मार्च, पदयात्रा इत्यादि द्वारा शान्ति व्यवस्था भंग की जा सकती है। उ0प्र0 में होमगार्ड्स के पदों पर एनरोलमेंट की लिखित परीक्षा, ईस्टर मंडे, डॉ. भीमराव आंबेडकर का जन्मदिवस, बुद्ध पूर्णिमा, चंद्रशेखर जयंती, परशुराम जयंती, लोक नायक महाराणा प्रताप जयंती, ईदुज्जुहा बकरीद आदि त्योहारों को देखते हुए यह निर्णय लिया गया है। कानून व्यवस्था बनाए रखने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा-163 में विहित अधिकारों का प्रयोग करते हुए जिले की संपूर्ण सीमा एवं इसके तहत सभी नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में 30 मई तक निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है।

### पिकअप की टक्कर से बाइक सवार घायल

**सैफनी, अमृत विचार :** सोमवार को गांव निवासी ज्वाला प्रसाद (30) पुत्र राधेश्याम सोमवार की शाम बिलारी की ओर से घर वापस आ रहा था। वह घर के पास पहुंचा तभी उसके पीछे से आ रही एक पिकअप गाड़ी ने उसकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया और उसकी बाइक भी क्षतिग्रस्त हो गई पुलिस ने घायल को उपचार हेतु अस्पताल भेज दिया और पिकअप गाड़ी व उसके चालक को हिरासत में ले लिया है।

### युवक की बरेली में हुए सड़क हादसे में मौत

**बिलासपुर, अमृत विचार :** क्षेत्र के युवक की बरेली में बाइपास पर हुए सड़क हादसे में मौत हो गई। क्षेत्र के ग्राम रम्पनपुर कुर्तिया निवासी कन्हैयालाल यादव का पुत्र विशेष यादव (26) मेहनत-मजदूरी कर परिजनों का भरण-पोषण करता था। शव जैसे ही गांव पहुंचा तो परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। पिता के अनुसार मृतक अपने पीछे पत्नी और तीन छोटे बच्चों, जिनमें दो पुत्र और एक पुत्री शामिल हैं को छोड़ गया है। विशेष की मौत से ग्रामीण इतने मर्माहत थे कि शोक स्वरूप गांव के कई घरों में चूल्हे तक नहीं जले। परिजनों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता देने की गुहार लगाई है।

# ई-ऑफिस प्रणाली में रामपुर प्रदेश में अव्वल

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- डीएम के निर्देश पर 73,891 फाइलों का किया निपटारा

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री की प्राथमिकताओं में शुमार ई-ऑफिस प्रणाली को धरातल पर प्रभावी रूप से लागू करने में रामपुर ने पूरे प्रदेश में प्रथम स्थान हासिल किया है। डीएम अजय कुमार द्विवेदी के नेतृत्व में जिले ने यह मुकाम हासिल किया है। जिले में अकेले राजस्व विभाग द्वारा ई-ऑफिस के माध्यम से 73,891 फाइलों का सफलतापूर्वक संचालन कर न सिर्फ कार्यों के त्वरित निस्तारण का रिकॉर्ड बनाया दिया है।

जिले में सरकारी कामकाज को पूरी तरह से पेपरलेस और डिजिटल बनाने के लिए प्रशासन स्तर पर लगातार प्रयास किए गए। डीएम ने ई-ऑफिस प्रणाली के क्रियान्वयन की नियमित रूप से गहन समीक्षा की और निगरानी का जिम्मा जिला सूचना विज्ञान अधिकारी और जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी को सौंपा गया था। इन अधिकारियों ने समय-समय पर प्रगति रिपोर्ट सीधे डीएम को सौंपी। जो अधिकारी या कर्मचारी इस नई व्यवस्था को अपनाने में आनाकानी कर रहे थे, डीएम ने उनके खिलाफ कड़ा रुख अपनाते हुए उनका वेतन रोका। प्रशासन की इसी सख्ती और नियमित मॉनिटरिंग का सकारात्मक परिणाम रहा कि रामपुर उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए ई-ऑफिस में सूबे का सिरमौर बन गया। डीएम ने जिले के सभी विभागों को स्पष्ट और सख्त निर्देश जारी किए हैं कि भविष्य में समस्त शासकीय कार्य केवल ई-ऑफिस प्रणाली के माध्यम से ही संपादित किए जाएं।

# छात्र की मौत के मामले में रिपोर्ट दर्ज

**बिलासपुर, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव हामिदाबाद निवासी धर्मपाल ने कोतवाली में दर्ज कराई रिपोर्ट में बताया कि रविवार की सुबह आठ बजे भतीजा देव सागर गांव के अन्य बालकों के साथ खेत पर गेहूं की बालियां बीनने जा रहा था। इस दौरान गांव निवासी व बाइक चालक अजय ने लापरवाही से भतीजे के पीछे से टक्कर मार दी। देव की घटनास्थल पर ही मौत हो गई थी।

प्रभारी निरीक्षक जीत सिंह ने बताया कि मृतक के चाचा की तहरीर पर बाइक चालक अजय के खिलाफ संबंधित धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर ली गई है। उधर रविवार की देर शाम गमगीन माहौल में परिजनों ने अंतिम संस्कार कर दिया। छात्र के पिता मेहनत मजदूरी करते हैं। देव दो भाइयों में बड़ा था। परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया है।

# एंटी करप्शन टीम ने लेखपाल को 5000 रिश्वत लेते पकड़ा

संवाददाता, टांडा

**अमृत विचार :** सोमवार को मुरादाबाद की एंटी-करप्शन टीम ने सोमवार को तहसील टांडा में तैनात एक लेखपाल को 5,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए रंगे हाथों गिरफ्तार कर लिया है। लेखपाल पर जमीन की विरासत दर्ज करने के एवज में अवैध रिश्वत मांगने का आरोप है।

स्वार खास निवासी अब्दुल जाहिद ने बताया कि उनके स्वर्गीय पिता के नाम पर दढ़ियाल चौकी क्षेत्र के ग्राम घोसीपुरा में लगभग 6 एकड़ का एक प्लॉट है। इस भूमि का कुछ हिस्सा तहसील टांडा के अंतर्गत आता है। पिता की मृत्यु के बाद इस भूमि को अपने और तीन भाइयों शाहिद, अब्दुल कादिर और अब्दुल समद के नाम विरासत में दर्ज कराने के लिए ऑनलाइन आवेदन किया था। आरोप है कि संबंधित क्षेत्र के लेखपाल शंभू कुमार ने इसे जानबूझकर निरस्त कर



आरोपी लेखपाल शंभू को ले जाती एंटी करप्शन की टीम।

- टांडा निवासी पीड़ित अब्दुल जाहिद ने की थी शिकायत

दिया। जब कारण पूछा, तो लेखपाल ने उन्हें अलग से मिलने के लिए बुलाया और रिपोर्ट लगाने के बदले एक नाम के बदले 2 हजार लगभग 8,000 रुपये की मांग की। काफी मिन्नतों के बाद सौदा 5,000 रुपये में तय हुआ। शिकायत अब्दुल जाहिद ने मुरादाबाद स्थित भ्रष्टाचार निवारण संगठन की इकाई से की। पुष्टि होने के बाद, निरीक्षक कृष्ण अवतार के नेतृत्व में एक ट्रैप टीम का गठन किया गया।

सोमवार दोपहर करीब 12:10 बजे, तय योजना के अनुसार, लेखपाल शंभू कुमार ने अब्दुल जाहिद को दढ़ियाल तिराहे से बाजपुर की ओर जाने वाली सड़क पर बुलाया। यहां एक खड़ी कार के भीतर जैसे ही लेखपाल ने रिश्वत की राशि 5,000 रुपये हाथ में पकड़ी, पहले से घात लगाकर बैठी दस लोगों की एंटी-करप्शन टीम ने उसे रंगे हाथों दबोच लिया। टीम ने मौके पर ही लेखपाल के हाथ धुलवाए और कोतवाली टांडा ले आई। पकड़े गए लेखपाल के खिलाफ थाना टांडा में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत मुकदमा पंजीकृत कराने की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। इस कार्रवाई से तहसील परिसर और राजस्व विभाग के कर्मचारियों में हड़कंप मचा हुआ है। लेखपाल शंभू कुमार की नियुक्ति साल 2016 में हुई थी। वह टांडा क्षेत्र के गांव शिकारगाह का रहने वाला है। वर्तमान में उत्तराखंड के काशीपुर में रहता है।

### चार माह के भीतर एंटी करप्शन की दूसरी कार्रवाई

साल 2025 में टांडा तहसील के गांव बैंजना के किसान ने शिकायत की थी कि उनके खेत के बीच से चक रोड निकाल दिया गया है। इसे सही कराने के लिए वर्तमान लेखपाल रिचा सक्सेना ने उनसे दस हजार रुपए की रिश्वत मांगी थी। इसमें आधे पैसे पहले और बाकी काम पूरा होने के बाद देने की बात कही गई थी। इनायत अली ने 15 दिसंबर 2025 को इस मामले की शिकायत मुरादाबाद स्थित एंटी करप्शन टीम से की थी। मामले की पुष्टि होने के बाद टीम ने जाल बिछाया। लेखपाल रिचा सक्सेना ने किसान को बुधवार की दोपहर 1 बजे अपने आवास ज्वाला नगर रामपुर में बुलाया। जिसके बाद घर पहुंचकर किसान ने जैसे ही लेखपाल को 5 हजार रुपए की रिश्वत दी। मौके पर पहले से मौजूद एंटी करप्शन टीम ने तुरंत कार्रवाई करते हुए लेखपाल को रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया।

# अजीमनगर में बारातियों से मारपीट, छह पर रिपोर्ट

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- गाड़ी में सवारियां बैठाने को लेकर हुआ था विवाद

**अमृत विचार:** अजीमनगर थाना क्षेत्र में सवारियां बैठाने को लेकर बारातियों से मारपीट की गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने किसी तरह मामले को शांत कराया। पुलिस ने छह आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

मामला क्षेत्र के बढ़ापुरा शुमाली गांव का है। सोमवार दोपहर बाद गांव से एक बारात टांडा के सहपुरा गांव जानी थी। 4 बजे बारात में जाने वाले बाराती गाड़ियों में बैठने लगे। गाड़ियों में सवारियां बैठाने को लेकर बारातियों और गाड़ी चालकों के बीच विवाद हो गया। मामले नें तूल पकड़ा तो मारपीट शुरू हो गई। मारपीट के बाद मौके पर अफरा तफरी मच गई। बारातियों से मारपीट की सूचना पुलिस को मिली तो हड़कंप मच गया। चौकी इंचार्ज रजनीश कुमार पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए। पुलिस को देखते ही आरोपी मौके से भागने में कामयाब रहे। बारातियों का आरोप था आरोपियों ने महिलाओं के साथ भी छेड़खानी की है। थाने पहुंचे दूल्हे ने आरोपियों के खिलाफ पुलिस को तहरीर दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने कुम्हारिया गांव निवासी इरफान, अयान, अरमान, अमान, सैफ और यासीन के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। थाना अध्यक्ष कर्म सिंह पाल ने बताया आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है आरोपियों पर कानूनी कार्रवाई होगी।

# मारपीट में दो के खिलाफ रिपोर्ट

**सैफनी, अमृत विचार:** क्षेत्र के रावण पट्टी गांव निवासी इंतजार बेग उर्फ गबरू ने थाने में दर्ज करा रिपोर्ट में बताया कि पुत्र सलमान बेग और उसका भतीजा शानू बेग सैफनी अकबरपुर मार्ग पर स्थित मैरिज हॉल में एक शादी समारोह में शामिल होने आए थे। उनके गांव के शाहरुख और सोहन भी शामिल थे आरोप है कि खाना खाने के बाद उनका पुत्र और भतीजा घर वापस आ रहे थे तभी सोहल और शाहरुख ने पीछे से आकर उनके पुत्र सलमान को पीछे से दबोच कर गाली-गलौज के बाद मारपीट शुरू कर दी बीच बचाव करने आए उनके भतीजे शानू को भी दोनों ने बेल्टों से बुरी तरह से मारपीट कर घायल कर दिया। आरोप है कि इसके बाद भी आरोपियों ने गांव पहुंचकर गोली मारकर जान से मारने की धमकी दी पुलिस ने मामले में रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

# स्मार्टमीटर से बढ़े बिलों पर भड़के उपभोक्ता

संवाददाता, शाहबाद

- बिजली बिलों के विरोध में बिजली घर पर किया प्रदर्शन
- बिल जमा करने के बावजूद कई दिनों तक नहीं मिल रही लाइट

**अमृत विचार :** स्मार्ट मीटर से बढ़े हुए बिजली बिलों को लेकर सोमवार को उपभोक्ताओं का गुस्सा फूट पड़ा। बड़ी संख्या में लोग शाहबाद बिजलीघर पहुंच गए और प्रदर्शन कर नाराजगी जताई। इस दौरान विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की और समस्या के समाधान की मांग की।

उपभोक्ताओं ने आरोप लगाया कि स्मार्ट मीटर लगने के बाद से उनके बिजली बिलों में अचानक बढ़ोतरी हो गई है। कई लोगों का कहना था कि मीटर में बैलेंस शून्य होते ही बिजली आपूर्ति बंद हो जाती है। जिससे उन्हें भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। इतना हे नहीं बिजली बिल जमा करने के बावजूद कई-कई दिनों तक उनके घरों की बिजली चालू नहीं हो पा रही है। साथ ही, बिल जमा करने के लिए भी लंबी कतारों में लगना पड़ रहा है। जिससे परेशानी और बढ़ गई है। प्रदर्शन करने वालों में मोहन लाल, चांदनी, ममता, आसिफ समेत दर्जनों उपभोक्ता मौजूद रहे। बिजली विभाग के जेई नौशाद अली ने बताया कि वो क्षेत्र में थे, इसलिए उन्हें प्रदर्शन की जानकारी नहीं मिल सकी। जो उपभोक्ता समय से बिल जमा नहीं करेगा, उसकी बिजली आपूर्ति बंद होना स्वाभाविक है।

# स्मार्ट मीटर बंद होते ही छा रहा अंधेरा

संवाददाता, स्वार

**अमृत विचार:** उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के नगर कार्यालय पर रविवार रात मासिक बैठक हुई। जिसमें व्यापारियों और स्थानीय नागरिकों की समस्याओं को प्रमुखता से उठाया गया। स्मार्ट मीटर से जुड़ी समस्याओं पर गंभीर चिंता व्यक्त की।

बैठक में नगर अध्यक्ष अनवर अली ने कहा कि नगर के कई मोहल्लों में स्मार्ट मीटर बंद होने के कारण अंधेरा छाया हुआ है। उपभोक्ताओं को तब तक बिजली नहीं दी जा रही जब तक वह बकाया बिल पेनल्टी सहित जमा करने के साथ एक महीने का अग्रिम बिल न भर दें। कर्मचारी मनमानी कर रहे हैं और आमजन की समस्याओं की अनदेखी की जा रही है। स्मार्ट मीटर लगने के बाद





स्वार बैठक में बोलते व्यापार मंडल नगर अध्यक्ष अनवर अली। • अमृत विचार

- उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल की मासिक बैठक आयोजित

से बिलों में भारी गड़बड़ी देखने को मिल रही है। किसी उपभोक्ता का एक महीने का बिल 2500 रुपये तो किसी का 3500 रुपये तक आ रहा है। बिल जमा न होने पर तुरंत बिजली काट दी जाती है। ऊर्जा मंत्री के निर्देशानुसार किसी भी घर में बिना उपभोक्ता की सहमति के स्मार्ट मीटर नहीं लगाया जा सकता लेकिन जमीनी स्तर पर इसका पालन नहीं हो रहा है। गर्मी शुरू होते ही घंटों बिजली गायब रहने से लोगों में रोष है। इस अवसर पर गुड्डू अली, फुरकान अली, गुड्डू हाफिज, इरफान, शकील सलमानी, महबूब अली, अतीक अंसारी आदि मौजूद रहे।

समस्या | 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती पर पार्क में पहुंचेगी शोभायात्रा, व्यवस्थाएं बदहाल

# आंबेडकर पार्क में गंदगी के अंबार, गड्ढे बेशुमार, नहीं चल रहे फव्वारे

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार :** आंबेडकर पार्क में गंदगी के अंबार हैं और जगह-जगह गड्ढे हैं। कूड़ेदान भी लुढ़का है, नहर सूखी हुई और फव्वारे चल नहीं रहे हैं। जबकि 14 अप्रैल को बाबा साहब डॉ. भीमराव आंबेडकर की जयंती है। इस अवसर पर पुराना गंज स्थित पक्का बाग से डॉ. भीमराव आंबेडकर की शोभायात्रा निकलती है जोकि शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए हाईवे स्थित आंबेडकर पार्क पहुंचती है।



पार्क में लुढ़के कूड़ेदान।



पार्क में जगह-जगह गड्ढे।



आंबेडकर पार्क के गेट का बदहाल रास्ता।

अंबेडकर युवक संघ के तत्वावधान में 14 अप्रैल को बाबा साहब डॉ. भीमराव अंबेडकर का 135वां जयंती समारोह मनाया जाएगा। आयोजक महेश सागर ने बताया कि 14 अप्रैल को पुराना गंज स्थित पक्का बाग से बाबा साहब की शोभायात्रा निकलेगी। जोकि छीपियान, पुराना गंज, दोमहला रोड, पान दरीबा, जामा मस्जिद, जच्चा-बच्चा केंद्र, मिस्टन गंज, राजद्वारा, नवाब गेट, गांधी समाधि, स्टार चौराहा, राहे रजा होते हुए हाईवे स्थित आंबेडकर पार्क पहुंचेगी। आंबेडकर पार्क में नहर और फव्वारे सूखे हुए हैं अधिकांश लाइटें खराब हैं। पार्क में गड्ढे होने के कारण रात में लोग इसमें गिर जाते हैं। आंबेडकर पार्क दिल्ली के बोट क्लब से कम नहीं हैं अधिकांश धरने प्रदर्शन, सभाएं इसी पार्क में होती हैं। आंबेडकर पार्क की बदहाली दूर करने के लिए भारतीय अंबेडकर सभा के जिला महासचिव एवं राष्ट्रीय सफाई कर्मचारी मजदूर यूनियन के प्रदेश महामंत्री धर्म कुमार वाल्मीकि ने नगर पालिका के अधिकारियों को ज्ञापन भेजकर पार्क का सौंदर्यीकरण कराए जाने की मांग की है।



अंबेडकर जयंती से पहले अंबेडकर पार्क में सौंदर्यीकरण का काम हो जाना चाहिए। अंबेडकर पार्क में वह बहुत देरी से हो रहा है और धीमी गति से हो रहा है। - अविनाश तपन



अंबेडकर पार्क में शौचालयों की हालत बहुत खराब है जबकि, यहां तमाम राजनैतिक और अराजनैतिक दलों के धरना प्रदर्शन होते हैं। किसी ने इस ओर तवज्जो नहीं दी। - धर्म कुमार वाल्मीकि



अंबेडकर पार्क में बदहाली बहुत है, नहर सूख गई है और फव्वारे और झरने नहीं चल रहे हैं। पार्क में भी जगह-जगह गड्ढे हैं। अंबेडकर पार्क तक दुरुस्त कराना चाहएि। - महिपाल वाल्मीकि



अंबेडकर पार्क में पेड़ भी ज्यादा लगाए जाएं जिससे यहां हरियाली हो। पार्क में पेड़ों की स्थिति अच्छी नहीं है। इनकी देखभाल हो और इसकी निगरानी सही से कराई जाए। - रंजीत कठेरिया

> आंबेडकर पार्क में कार्य कराया जा रहा है। 14 अप्रैल से पहले पार्क में मरम्मत कार्य पूरा करा दिया जाएगा। पार्क में स्वच्छता कार्य शुरू करा दिया गया है। - दुर्गेश्वर त्रिपाठी, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद

# एसपी आवास के पास चेन लूट का आरोपी मुठभेड़ में गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

- 31 मार्च को एक्टिवा पर मां और बड़ी बहन के साथ जा रही युवती से की थी लूट

**अमृत विचार:** 31 मार्च की रात करीब साढ़े 8 बजे एसपी आवास के पास एक्टिवा स्वार युवती के गले से बाइक सवार ने सोने की चैन लूटने वाले आरोपी को रामपुर पुलिस ने मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी संभल जिले का रहने वाला गुलफाम है। जिसपर कई थानों में 20 से ज्यादा लूट सहित कई मामले दर्ज हैं।

एक सप्ताह पहले 31 मार्च को बदरिया खान सामा निवासी मानसी मां अनीता शरण और बहन पूनम शरण के साथ एक्टिवा से बाजार में शॉपिंग आई थीं। परिवार में ताऊ के बेटे की 4 अप्रैल को शादी थी, इसके चलते वो खरीदारी करने आईं थी। रात में वापिस लौटते समय एक बाइक सवार ने मानसी के गले से चैन खींच ली। बड़ी बहन पूनम शरण एक्टिवा चला रही थी, जबकि मां बीच में और मानसी सबसे पीछे बैठी थीं। इस मामले के बाद तीनों कुछ समझ पाते, हेलमेट लगाए बाइक सवार फरार हो गया। सिविल लाइंस थाना पुलिस मौके पर पहुंची थी। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर लुटेरे की पहचान में लगी थी। पुलिस का कहना है कि बाहर के चेन स्नैचर शहर का माहौल खराब कर रहे हैं। मामले में पुलिस ने सोमवार रात करीब 10 बजे आरोपी गुलफाम को मुठभेड़ में गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी के पैर में पुलिस की गोली लगी है। घायल आरोपी को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जहां उसका उपचार चल रहा है। सीओ सीटी जितेंद्र कुमार सहित सिविल लाइंस पुलिस मौके पर मौजूद है।

## न्यूज ब्रीफ

### कान्हा की बाल लीलाओं ने मोहा भक्तों का मन

**सैफनी, अमृत विचार :** नगर में चल रही सात दिवसीय श्रीमद् भागवत कथा के चौथे दिन कथा पंडाल में भारी संख्या में भक्त जुटे रहे। जिससे जय घोष से वातावरण भक्तिमय हो गया। इस दौरान कथावाचक पंडित गोविंद आचार्य ने दुष्टों का संहार और कान्हा की बाल लीलाओं का वर्णन किया। बताया कि कैसे नन्हे कान्हा ने पूतना, तृणावर्त, अघासुर, बकासुर और वत्सासुर जैसे भयंकर राक्षसों का उद्धार कर संसार को भयमुक्त किया। श्रोताओं ने भगवान की दिव्य माखन चोरी लीला का श्रवण कर आनंद लिया। कथा के दौरान ब्रह्मा जी के मान मर्दन का प्रसंग विशेष आकर्षण का केंद्र रहा। इस दौरान राजू शर्मा, अमीन साहब, राकेश जोशी, ठाकुर यशपाल सिंह, विनोद जोशी, नरेश शर्मा, सतीश गुप्ता, सुशील फौजी, विष्णु गुप्ता, राजा जोशी, प्रवीण जोशी, पंकज शर्मा, प्रदीप रस्तोगी, अनिल रस्तोगी, दिलीप जोशी, राजीव रस्तोगी, मुकेश गुप्ता आदि लोग मौजूद रहे।

### चुनाव में विजय प्राप्त करने का संकल्प लिया

**रामपुर, अमृत विचार :** मंडल मिलकखानम में उत्साहित कार्यकर्ताओं ने एकत्रित होकर पार्टी की नीतियों एवं सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लेकर मिठाई वितरण की। मंडल अध्यक्ष सुखदेव सिंह ने कहा कि घर-घर जाएं और पार्टी की नीतियों, विचारधारा एवं उपलब्धियों को आम जनता तक पहुंचाएं। जिससे संगठन और अधिक मजबूत हो। इस दौरान मंडल उपाध्यक्ष दीपक शर्मा, मंडल महामंत्री शिवम गुप्ता, मंडल मंत्री रामचंद्र लोधी, शेर सिंह लोधी, संदीप सिंह, महेंद्र शर्मा, राजू दिवाकर, प्रधान गुरबाज सिंह, अंश रस्तोगी, आकाश रस्तोगी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने संगठन को सशक्त बनाने और आगामी चुनावों में विजय प्राप्त करने का संकल्प लिया। आगामी चुनावों में विजय प्राप्त करने का संकल्प लिया

### एसपी ने देखीं खजुरिया थाने में व्यवस्थाएं

**रामपुर, अमृत विचार :** पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना ने रविवार शाम थाना खजुरिया का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने थाना परिसर, कार्यालय अभिलेख, मालखाना, हवालात, शस्त्रागार एवं साफ-सफाई व्यवस्था का बारीकी से अवलोकन किया। ड्यूटी पर तैनात पुलिस कर्मियों को सतर्कता एवं अनुशासन के साथ कार्य करने के निर्देश भी दिए।

# देश में एकमात्र भाजपा में देशहित सर्वोपरि

## जिला कार्यालय में भाजपा के स्थापना दिवस पर आयोजित कार्यक्रम में बोले पूर्व केंद्रीय मंत्री नकवी

कार्यालय संवाददाता, रामपुर


पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर माल्यार्पण करते पूर्व केंद्रीय व कृषि राज्यमंत्री।


कार्यक्रम में मौजूद महिला कार्यकर्ता। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** सोमवार को ज्वाला नगर के राम विहार स्थित भाजपा जिला कार्यालय में पार्टी का 47वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ दीप प्रज्ज्वलन और वंदे मातरम गीत के साथ हुआ। मुख्य अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री मुख्तार अब्बास नकवी रहे। अध्यक्षता पूर्व राज्यमंत्री शिव बहादुर सक्सेना ने की। नकवी ने कहा कि भाजपा ही एक ऐसी राष्ट्रवादी पार्टी है, जिसमें देशहित सर्वोपरि है।

उन्होंने कहा कि पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता सेवा, सुशासन और गरीब कल्याण के संकल्प के साथ कार्य करता है। कार्यकर्ताओं से संगठन की नीतियों और विचारधारा को जन-जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। भाजपा जिलाध्यक्ष हरीश गंगवार ने कहा कि भाजपा का स्थापना दिवस हम सभी कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणा का दिवस है। कार्यकर्ता ही इसकी सबसे बड़ी ताकत हैं। कृषि राज्यमंत्री बलदेव सिंह औलख ने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाना ही लक्ष्य है। उन्होंने पूर्व राज्यमंत्री शिव बहादुर कहा कि भाजपा का प्रत्येक कार्यकर्ता राष्ट्र सेवा के भाव से कार्य करता है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में देश एवं प्रदेश निरंतर विकास की नई ऊंचाइयों को छू रहा है। सभी ने पार्टी की विचारधारा को मजबूत करने एवं राष्ट्र सेवा के संकल्प को दोहराया। समापन पर पार्टी के ध्वजारोहण के बाद मिठाई वितरण की। सभी ने राष्ट्रगान किया। संचालन कार्यक्रम संयोजक जिला महामंत्री जगपाल सिंह यादव ने किया। पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा पर पूर्व केंद्रीय कैबिनेट मंत्री भाजपा नेता मुख्तार अब्बास नकवी व कृषि राज्य मंत्री सरदार बलदेव सिंह औलख ने माल्यार्पण किया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष ख्याली राम लोधी, पूर्व सांसद घनश्याम सिंह लोधी, पूर्व राज्यमंत्री शिव बहादुर सक्सेना, पूर्व विधायक ज्वाला प्रसाद गंगवार, बीना भारद्वाज, काशीराम दिवाकर, युसूफ अली, मोहन कुमार लोधी, पूर्व जिलाध्यक्ष सुभाष भटनागर, ब्लॉक प्रमुख हरि बालाजी, अर्चना गंगवार, मोहित सैनी, कुलवंत औलख, कपिल आर्य, जागेश्वर दीक्षित, प्रदीप गुप्ता, विकास दीक्षित, अर्जुन रस्तोगी, रविंद्र सिंह रवि, कुंवर बहादुर राजपूत, दीपक गुप्ता, महा सिंह राजपूत, विवेक रुहेला, करतार सिंह लोधी, जिला मीडिया प्रभारी आकाश सक्सेना, सह मीडिया प्रभारी नरेश सैनी महेंद्र वाल्मीकि आदि पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प

**रामपुर, अमृत विचार :** मंडल मिलकखानम में उत्साहित कार्यकर्ताओं ने एकत्रित होकर पार्टी की नीतियों एवं सिद्धांतों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लेकर मिठाई वितरण की। मंडल अध्यक्ष सुखदेव सिंह ने कहा कि घर-घर जाएं और पार्टी की नीतियों, विचारधारा एवं उपलब्धियों को आम जनता तक पहुंचाएं। जिससे संगठन और अधिक मजबूत हो। इस दौरान मंडल उपाध्यक्ष दीपक शर्मा, मंडल महामंत्री शिवम गुप्ता, मंडल मंत्री रामचंद्र लोधी, शेर सिंह लोधी, संदीप सिंह, महेंद्र शर्मा, राजू दिवाकर, प्रधान गुरबाज सिंह, अंश रस्तोगी, आकाश रस्तोगी सहित अनेक कार्यकर्ता उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में सभी कार्यकर्ताओं ने संगठन को सशक्त बनाने और आगामी चुनावों में विजय प्राप्त करने का संकल्प लिया।



### निष्ठावान रहने की प्रेरणा देता है स्थापना दिवस

**बिलासपुर, अमृत विचार :** पंडित दीनदयाल उपाध्याय के चित्र पर माल्यार्पण कर पुष्पांजलि अर्पित कर कृषि राज्यमंत्री ने कैंप कार्यालय पर पार्टी का झंडा लगाया राज्यमंत्री ने कहा कि यह पावन अवसर हम सभी को सेवा, समर्पण एवं संगठन के मूल्यों के प्रति और अधिक निष्ठावान रहने की प्रेरणा देता है। हम ''राष्ट्र प्रथम'' के संकल्प को आगे बढ़ाते हुए, देश को मजबूत और समृद्ध बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख कुलवंत सिंह औलख, चेतन पारुथी, आंगनलाल राजपूत आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# घर-घर जाकर होगा सूचीकरण कार्य

कार्यालय संवाददाता, रामपुर


विकास भवन में अधिकारियों के साथ जनगणना को लेकर बैठक करते डीएम।

● जनगणना-2027 के प्रथम चरण के लिए जिला स्तरीय प्रशिक्षण

**अमृत विचार:** विकास भवन सभागार में सोमवार को जिले में जनगणना-2027 के प्रथम चरण के सफल क्रियान्वयन के लिए जिला स्तरीय अधिकारी, चार्ज अधिकारी एवं उनके अधीनस्थ कार्मिकों का एक दिवसीय प्रशिक्षण हुआ। 7 से 21 मई तक जनगणना होगी, जबकि घर-घर जाकर मकानों का सूचीकरण कार्य होगा।

सोमवार को जिलाधिकारी एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी अजय कुमार द्विवेदी ने जनगणना कार्य को सुव्यवस्थित एवं समयबद्ध पूर्ण कराने के लिए महत्वपूर्ण निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने बताया कि जनगणना 2027 के अंतर्गत जिले में तहसील स्तर पर 15 अप्रैल से 5 मई तक प्रशिक्षण कार्यक्रम होंगे। इसके बाद स्वगणना का कार्य 7 मई से 21 मई तक संचालित किया जाएगा, जबकि 22 मई से 20 जून 2026 तक प्रगणकों द्वारा घर-घर जाकर मकान सूचीकरण का कार्य किया जाएगा। उन्होंने जिले वासियों से अपील की कि जनगणना जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में सक्रिय सहभागिता सुनिश्चित करें तथा स्वगणना पोर्टल के माध्यम से घर बैठे पंजीकरण कर सहयोग प्रदान करें। जिलाधिकारी ने 10 अप्रैल तक जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी एवं खंड शिक्षा अधिकारियों द्वारा प्रगणक एवं सुपरवाइजर के रूप में कार्य करने के लिए शिक्षकों एवं संबंधित कार्मिकों की सूची समस्त चार्ज अधिकारियों को उपलब्ध कराने के निर्देश दिए। उपजिलाधिकारी व उप जिला जनगणना अधिकारी द्वारा प्रशिक्षण केंद्रों पर तिथिवार अधिकारियों की उपस्थिति नामित करते हुए स्वयं भी निरीक्षण किया जाएगा। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी गुलाब चंद्र, जिला जनगणना अधिकारी, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व संदीप कुमार वर्मा, सभी उपजिलाधिकारी, तहसीलदार, अधिशासी अधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## सभी तहसीलों में बढ़ाए जाएंगे 10 केंद्र

**रामपुर, अमृत विचार:** जिले की सभी तहसीलों में 10 गेहूं क्रय केंद्र और लगवाए जाएंगे। बारदाने की कमी के कारण क्रय शुरू नहीं कराए गए हैं। फिलहाल जिले भर में अलग-अलग एजेंसियों के 114 क्रय केंद्र 30 मार्च से लगे हुए हैं लेकिन, 7 दिन बाद भी क्रय केंद्रों पर बोहनी नहीं हुई है। किसान क्रय केंद्रों पर गेहूं लेकर नहीं पहुंचे हैं। 15 जून तक गेहूं खरीद होगी इसके अलावा 78 हजार मीट्रिक टन जिले को लक्ष्य मिला है। जिले में करीब 3500 किसान पंजीकरण करा चुके हैं। लेकिन अभी किसान अपना गेहूं लेकर क्रय केंद्रों पर नहीं पहुंचे हैं। जिला खाद्य एवं विपणन अधिकारी प्रिंस चौधरी ने बताया कि जिले की सभी तहसीलों में 10 केंद्र और बढ़ाए जाएंगे लेकिन, बारदाना कम होने के कारण क्रय केंद्र शुरू नहीं हुए हैं। उन्होंने बताया कि गेहूं खरीद के लिए बोरों की कमी है उन्होंने उम्मीद जताई कि मंगलवार से गेहूं खरीद शुरू हो सकती है।

# परिवार ही बच्चों की प्रथम पाठशाला


स्कूल में छात्रों को सम्मानित करते बीईओ। ● अमृत विचार

● प्राथमिक विद्यालय महमूदपुर में आयोजित शिक्षा चौपाल में बोले बीईओ

**रामपुर, अमृत विचार:** न्याय पंचायत जौलपुर के प्राथमिक विद्यालय महमूदपुर में सोमवार को न्याय पंचायत स्तरीय शिक्षा चौपाल का आयोजन हुआ।

कार्यक्रम का आरंभ मुख्यातिथि खंड शिक्षा अधिकारी मदन लाल वर्मा एवं विशिष्ट अतिथि एसआरजी प्रदीप भटनागर, आरपी वरुण आर्य, महेश कुमार ने मां सरस्वती के चित्र के समक्ष दीप प्रज्ज्वलित कर पुष्प अर्पित कर किया। मदनलाल वर्मा ने कहा कि परिवार ही बच्चों की प्रथम पाठशाला है इसलिए अभिभावकों को भी घर का माहौल अच्छा रखना चाहिए। मंच संचालन सुरेंद्र यादव ने किया। एसआरजी प्रदीप भटनागर, एआरपी वरुण आर्य, एआरपी महेश कुमार, संकुल शिक्षक विनोद कुमार संकुल शिक्षक अनुसेंद्र चौहान, संकुल शिक्षिका शिखा चौहान, उत्तर प्रदेशीय प्राथमिक शिक्षक संघ के जिला महामंत्री चरन सिंह ने बच्चों और अभिभावकों को शिक्षा के बारे में विस्तृत जानकारी दी। प्राथमिक विद्यालय मिलक सिकरौल के बच्चों ने स्कूल चलो अभियान को लेकर मनमोहक प्रस्तुति दी। इस दौरान शिक्षक सुरेंद्र यादव, शिव कुमार सिंह, इंदल सिंह, वेद प्रकाश, संदीप कुमार भाटिया, नरेंद्र कुमार सैनी, राम किशोर, मनोज कुमार, प्रेम शंकर, विनोद सिंह, विवेक कुमार सैनी, बादाम सिंह, धर्मपाल सिंह, जमुना प्रसाद, तेजपाल सिंह, वीरेश यादव, पुष्पेंद्र कुमार शर्मा, मीना कुमारी शर्मा, हेमलता मथुरिया, शैलजा गंगवार, नेहा गर्ग, प्रिया राजपूत, पारुल, पूजा रानी आदि मौजूद रहे।

# पीडीए को मिलेगा पूर्ण बहुमत


एलायंस साउथ कॉलोनी में तेजेंद्र सिंह विर्क को सम्मानित करते कॉलोनीवासी।

संवाददाता, बिलासपुर

● स्वागत कार्यक्रम में बोले तराई किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष

**अमृत विचार:** एलायंस साउथ कॉलोनी में सोमवार को स्वागत कार्यक्रम हुआ। इसमें मुख्यातिथि तराई किसान यूनियन के राष्ट्रीय अध्यक्ष व सपा नेता तेजेंद्र सिंह विर्क ने कहा कि आगामी विधानसभा चुनावों में पीडीए की पूर्ण बहुमत से सरकार बनने जा रही है।

उन्होंने कॉलोनी वासियों की समस्याएं सुनी और उनके शीघ्र निदान करवाने का आश्वासन दिया। कहा कि कार्यकर्ता, पदाधिकारी समेत सभी लोग पार्टी की नीतियों का प्रचार-प्रसार करें। साथ ही आगामी विधानसभा चुनावों की तैयारियों में जुट जाएं। कॉलोनी के लोगों ने सड़कों तथा नाले-नालियों निर्माण न होना, बारिश के मौसम में जलभराव की समस्याओं से अवगत कराया। कहा कि सांसद मोहिब्बुल्लाह नदवी को बताया जाएगा, ताकि सांसद निधि से भी कॉलोनी में विकास कार्य कराए जा सकें। इससे पहले कॉलोनी वासियों ने सपा नेता को शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। इस मौके पर राम अवतार, रणधीर चौधरी, सोनू, मदन शर्मा, हरीश, गुरपाल सिंह गिल आदि मौजूद रहे।

## श्री गुरु तेग बहादुर के प्रकाश पर्व पर शबद-कीर्तन से संगत निहाल

**अमृत विचार:** श्री गुरु तेग बहादुर साहिब जी के प्रकाश पर्व पर सोमवार को गुरुद्वारा संत भाई जी बाबा सिविल लाइंस में प्रातः 5 से श्री नितनेम साहिब, श्री सुखमणि साहिब के पाठ हुए। अरदास के बाद कीर्तन दरबार सजा जिसमें हजूरी रागी जत्थे ने शबद-कीर्तन से संगत निहाल हुई।

अरदास के बाद गुरु का अटूट लंगर बरता जाएगा। इस दौरान गुरुद्वारा प्रधान दर्शन सिंह खुराना, प्रबंधक कमेटी के मीत प्रधान गुरचरण सिंह आहूजा, सेक्रेटरी त्रिलोचन सिंह वाधवा, भूपेंद्र सिंह, सुरेंद्र सिंह चावला, अमरजीत सिंह, महेंद्र सिंह होरा, राधेश्याम अरोड़ा, हरीश अरोड़ा, हरपाल सिंह, जसमीत सिंह, पपेंद्र सिंह, संतोख सिंह, धनवंत सिंह, प्रेम अरोड़ा, रविंद्र सिंह, गुरजीत सिंह, हरजीत सिंह, राज सिंह, मुख्य ग्रंथि सेवा सिंह, गुरमीत आदि मौजूद रहे।

# गेहूं क्रय केंद्र बढ़ाने की मांग किसानों ने सौंपा ज्ञापन


कलेक्ट्रेट में प्रदर्शन करते किसान। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

**अमृत विचार:** भाकियू अंबावता से जुड़े किसान सोमवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे और तीन सूत्रीय मांग का ज्ञापन एडीएम को सौंपा।

प्रमुख राष्ट्रीय उपाध्यक्ष मोहम्मद हनीफ वारसी के नेतृत्व में कलेक्ट्रेट में जोरदार नारेबाजी करते हुए प्रदर्शन किया। किसानों ने गेहूं क्रय केंद्र बढ़ाए जाने की मांग की। शासन-प्रशासन से बारिश व आंधी से हुए नुकसान की भरपाई के लिए सर्वे कराकर शीघ्र राहत देने की मांग उठाई। गेहूं केंद्र पर बिचौलियों को दूर रखा जाए। इस दौरान रईस अहमद, आरिफ अली, इसरार अहमद, जगतार सिंह, अजय सिंह, बिलाल, शाहरुख मियां, बबलू नूर खान, नासिर खान, शादाब खान, उल्बे खान, मुदस्सिर, फैजान मियां, हरताल सिंह यादव आदि शामिल रहे।

## न्यूज डायरी

### प्राथमिक विद्यालय मनकरा में मेधावियों का सम्मान



**अमृत विचार :** चमरौआ ब्लॉक अंतर्गत प्राथमिक विद्यालय मनकरा में सोमवार को परीक्षाफल वितरण किया गया। इसके साथ मेधावी छात्र-छात्रों को सम्मानित किया गया। कक्षा पांच के विद्यार्थियों पर पुष्प वर्षा कर विदाई भी दी गई। मुख्य अतिथि राष्ट्रीय पंचायती राज ग्राम प्रधान संगठन के जिला महासचिव काशिफ खां ने पुरस्कार देकर उत्साहवर्धन किया। काशिफ खां ने कहा कि प्राथमिक विद्यालयों में मेधावी छात्रों का सम्मान शिक्षा के प्रति उत्साह बढ़ाने का महत्वपूर्ण तरीका है। इस मौके पर प्रधानाध्यापिका राफिया खानम, अध्यापक हरिराम व रामकिशोर, विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष सलीम अल्वी, ताहिर अली और हबीब समेत अभिभावक भी मौजूद रहे।



### नवागत एसपी सोमेंद्र मीना से मिला सांसद प्रतिनिधिमंडल

**रामपुर, अमृत विचार :** सोमवार को रामपुर सांसद मौलाना मोहिबुल्लाह नदवी के प्रतिनिधिमंडल ने सोमवार को नवागत पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीना से मुलाकात की। उन्हें गुलदस्ता भेंट कर स्वागत किया। प्रतिनिधिमंडल ने शहर की कानून व्यवस्था और जनसमस्याओं को लेकर भी संक्षिप्त चर्चा की। प्रतिनिधिमंडल ने आशा जताई नए एसपी के नेतृत्व में जिले में शांति व्यवस्था और सुदृढ़ होगी। इस दौरान एडवोकेट महबूब अली पाशा सांसद प्रतिनिधि, अब्दुल सलाम प्रतिनिधि नगर पालिका रामपुर, रामबहादुर सागर राष्ट्रीय सचिव, अंबेडकर वाहिनी, हाफिज रफी नूरी, सैफ, आसिफ अली, रोहित, अनीस मुमताज सहित अन्य मौजूद रहे।



### प्राथमिक विद्यालय लखनाखेड़ा में नवनिर्मित भवन का उद्घाटन

**रामपुर, अमृत विचार :** प्राथमिक विद्यालय लखनाखेड़ा, न्यायपंचायत बबूरा में नवनिर्मित मुख्य भवन का उद्घाटन हुआ। सोमवार को एआरपी विज्ञान एवं एआरपी संघ के जिलाध्यक्ष पृथ्वी सिंह ने फीता काटकर किया। इंचार्ज अध्यापक टीकाराम ने अपने अथक प्रयास, लगन और समर्पण से इस भवन निर्माण को सफलतापूर्वक पूर्ण कराया। शिक्षकों ने टीकाराम के कार्यों की सराहना की।

### मिलक में आंगनबाड़ी कार्यकत्री के निधन पर जताया शोक



**मिलक, अमृत विचार :** तहसील क्षेत्र पुरैना गांव निवासी उषा देवी आंगनबाड़ी कार्यकत्री उषा देवी का लंबी बीमारी के कारण 2 अप्रैल को निधन हो गया था। उनके निधन से विभाग में शोक की लहर है। सोमवार को खंड विकास कार्यालय परिसर स्थित बाल विकास परियोजना रखकर प्रार्थना की। परिवार को दुख सहने की प्रार्थना की। शोक सभा में सुपरवाइजर संध्या गंगवार, ममता पंत, विनीता, सरस्वती, जिला अध्यक्ष मिथिलेश चौधरी, ब्लॉक अध्यक्ष कमलेश गंगवार, मीना गंगवार, गीता देवी, सोमवती सहित कई अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# व्यापारियों ने की मेडिकल कॉलेज की मांग


कलेक्ट्रेट पहुंचे उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल से जुडे व्यापारी। ● अमृत विचार

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

● जिला अस्पताल में पीपीपी मॉडल पर संचालित होना है मेडिकल कॉलेज

**अमृत विचार:** सोमवार को उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के एक प्रतिनिधिमंडल ने कलेक्ट्रेट में रामपुर में मेडिकल कॉलेज स्थापना को लेकर ज्ञापन सौंपा। व्यापारियों ने नारेबाजी करते हुए मांग उठाई।

संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप अग्रवाल सोनी ने कहा कि जिला चिकित्सालय में पीपीपी मॉडल पर मेडिकल कॉलेज के संचालन के लिए शासन से हरी झंडी मिली हुई है। तहसील सदर के ग्राम जगतपुर व ग्राम बेनजीर की गुलजारबाग की भूमि उद्यान विभाग से मेडिकल कॉलेज में हस्तानांतरण की कार्रवाई चल रही है। स्वास्थ्य विभाग ने भी प्रशासन को जमीन हस्तांतरित के लिए पत्र जारी किया है। इलाज समय से ना मिल पाने पर लगभग हजारों लोगों की मृत्यु हो रही हैं। बाहर इलाज महंगा होने से लोग बर्बाद हो रहे है। बेहतर इलाज और मेडिकल शिक्षा के लिए मेडिकल कॉलेज की स्थापना होना जरूरी है। इस दौरान जिलाध्यक्ष राजीव शर्मा, मंडल अध्यक्ष अब्दुल बासिक, प्रदेश मंत्री पप्पू खान, प्रदेश संगठन मंत्री फहीम अहमद, परवेज खान, बाबू खान, दिनेश कुमार रस्तोगी, नगर अध्यक्ष महफूज हुसैन, शाहिद अली, हलीम खान, शराफत खान ,गोपाल शर्मा समेत कई लोग मौजूद रहे।

# हरथला ने टाइगर क्लब मुरादाबाद को दी 8-3 से करारी शिकस्त

कार्यालय संवाददाता, रामपुर

● महात्मा गांधी स्टेडियम पर हो रहा प्रदेश स्तरीय फुटबाल टूर्नामेंट

**अमृत विचार :** स्वार रोड स्थित महात्मा गांधी स्टेडियम में क्रीड़ा भारती एवं अंबेडकर क्लब के तत्वावधान में सोमवार को हरथला क्लब और टाइगर क्लब मुरादाबाद की टीमों के बीच मुकाबला हुआ। हरथला की टीम ने टाइगर क्लब मुरादाबाद की टीम को 8-3 से करारी शिकस्त दी।

स्टेडियम पर मुख्य अतिथि शोभित जैन ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच की शुरुआत की। मैच के पहले हाफ में हरथला क्लब मुरादाबाद के खिलाड़ी ने गोल दाग खाता खोला। जवाब में टाइगर क्लब मुरादाबाद के खिलाड़ी ने गोल करके टीम को बराबरी पर ला दिया। पहला हॉफ खत्म होने से पहले हरथला ने एक गोल कर टीम को 2-1 से आगे कर दिया। दूसरे हॉफ में हरथला क्लब के खिलाड़ियों ने दे दनादन 6 गोल कर दिए। जबकि, दूसरे हाफ में टाइगर क्लब के खिलाड़ियों ने दो गोल किए और हरतला की टीम 8-3 से मुकाबला जीत गई। हरथला के खिलाड़ी प्रथम ने 4 गोल, उन्मन ने 2 और शादाब ने 2 गोल किए। जबकि टाइगर क्लब के खिलाड़ी किस्से ने 2 गोल और लीविस ने 1 गोल किया। क्रीड़ा भारती के उपाध्यक्ष मनोज कुमार ने बताया कि मंगलवार को दूसरा क्वार्टर फाइनल मैच हरथला क्लब और बिग स्टार क्लब मुरादाबाद की टीमों के बीच खेला जाएगा। मैच में अभिषेक लाल, विकास कुमार, महेश कुमार, नीरज चौहान, प्रकाश किस्टवाल, प्रतेश श्रीवास्तव, राजेंद्र कुमार, आकाश बाबू, अमित चौहान आदि मौजूद रहे।

अमृत विचार



## न्यूज ब्रीफ

### वार्षिक रिजल्ट वितरण समारोह सम्पन्न

**मंडी धनौरा, अमृत विचार :** क्षेत्र के गांव मौहम्मदपुर लौहर्रा स्थित फतेह सिंह यादव इंटर कॉलेज में वार्षिक रिजल्ट वितरण समारोह आयोजित किया गया। सोमवार को आयोजित कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य देवव्रत यादव ने सभी विद्यार्थियों को उनके परीक्षा परिणाम के लिए बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की मंगलकामना की। इस अवसर पर अंकित त्यागी, गौरव शर्मा, रोहित सागर, मुकेश कुमार, नारायण सिंह, रणवीर चौधरी, नितीश यादव, सुरभि यादव, कपिल कुमार, प्रभा सैनी, खजान सिंह, कमल सैनी, गजेन्द्र सिंह, कपिल चौधरी आदि रहे।

### कनपटी पर तमंचा लगाकर शूट किया वीडियो

**गजरौला, अमृत विचार :** कनपटी पर तमंचा लगाकर युवक ने फोटो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया। आरोपी युवक क्षेत्र के गांव शीशोंवाली का निवासी बताया जा रहा है। रविवार की देर रात वायरल हुए फोटो के मुताबिक युवक ने अवैध तमंचा अपनी कनपटी पर लगाकर फोटो खींचा तथा सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया।

### गाली गलौज का विरोध करने पर पीटा

**अमरोहा, अमृत विचार :** कस्बे के मोहल्ला के निवासी फरहा नाज ने रिपोर्ट दर्ज कराई है। फराह के अनुसार, चार अप्रैल की रात करीब नौ बजे वह अपनी बहन शीबा के साथ घर में थीं। इसी दौरान मुरादाबाद गेट निवासी अकबर नशे की हालत में उनके घर के बाहर आकर गालियां देने लगा। दोनों बहनों ने गाली-गलौज का विरोध किया तो आरोपी ने उनके साथ मारपीट की।

### पथराव व मारपीट में दो भाई घायल

**अमरोहा, अमृत विचार :** कस्बे के मोहल्ला इकरार नगर निवासी अनवर ने थाना पर रिपोर्ट दर्ज कराई है। अनवर ने बताया कि चार अप्रैल की रात करीब आठ बजे वह अपने भाई सलीम व अन्य लोगों के साथ शादी का सामान लेकर लौट रहे थे। रास्ते में एक घर के बाहर लगा बैनर उनकी गाड़ी से टच हो गया। इसी बात को लेकर वहां मौजूद मोहल्ले के ताहिर के बेटों ने गाली-गलौज शुरू कर दी। आरोप है कि विरोध करने पर आरोपी सलीम, चुन्नी और सोनू व अन्य व्यक्ति ने पथराव शुरू कर दिया, जिसमें अनवर और सलीम घायल हो गए।

स्कूलों द्वारा लिखी हुई पुस्तकें चहेते बुक सेलर्स के यहां ही मिलती हैं, शासन से ध्यान देने की मांग

# निजी स्कूलों की मनमानी से अभिभावक परेशान

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

**अमृत विचार :** शहर में निजी स्कूलों की मनमानी के चलते अभिभावकों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। बच्चों के एडमिशन के बाद अभिभावकों को मंहगी पुस्तकों की सूची थमा दी जाती है। ये पुस्तकें उन्हीं दुकानों पर मिलती हैं, जिन्हें स्कूलों ने चिन्हित किया है। इससे अभिभावकों को दिक्कत हो रही है। जिला प्रशासन द्वारा कक्षा आठ तक केवल एनसीईआरटी की किताबें लागू करने के स्पष्ट निर्देश दिए जाने के बावजूद अधिकांश निजी स्कूलों में इसका पालन होता नहीं दिख रहा है।

एक अप्रैल से स्कूलों का नया सत्र शुरू हो चुका है। हर बार की तरह इस बार भी निजी स्कूल अभिभावकों पर निजी प्रकाशकों की महंगी किताबें थोप रहे हैं। जहां एनसीईआरटी का पूरा सेट सस्ते में उपलब्ध हो जाता है, वहीं निजी प्रकाशकों की किताबों के लिए अभिभावकों को तीन से चार गुना अधिक कीमत चुकानी पड़ रही है। अभिभावकों का आरोप है कि कमीशन के चक्कर में स्कूल प्रशासन जानबूझकर निजी प्रकाशकों की किताबें लागू कर रहा है, जिससे उन्हें अधिक खर्च उठाना पड़ रहा है। निजी प्रकाशक और बुक सेलर यूकेजी, कक्षा 1, कक्षा दो का कोर्स भी तीन से चार हजार रूपये का दे रहे है।

जबकि पहली और दूसरी कक्षा के लिए जहां एनसीईआरटी की किताबें 400 से 500 रुपये में मिल जाती हैं, वहीं निजी स्कूल किताबों और स्टेशनरी के नाम पर चार से छह हजार रुपये तक वसूल रहे हैं। ऊंची कक्षाओं में यह खर्च आठ से दस हजार रुपये तक पहुंच रहा है।



शहर के निजी बुक सेलर पर खरीदारी करते अभिभावक। ● अमृत विचार

### स्कूल से चयनित दुकानों पर ही मिल रहा कोर्स

अभिभावकों का आरोप है कि स्कूल प्रबंधन ने पहले से ही कुछ चुनिंदा बुक स्टॉल तय कर रखे हैं, जहां से ही किताबें खरीदने के लिए दबाव बनाया जाता है। इन दुकानों पर न तो कोई छूट मिलती है और न ही अभिभावकों को बाहर से किताबें खरीदने की अनुमति दी जाती है। निजी स्कूल प्रति वर्ष कोर्स में भी बदलाव कर देते हैं, जिससे अभिभावकों को नई पुस्तकें ही खरीदने को मजबूर होना पड़ता है।



शैक्षिक सत्र शुरू होते ही निजी स्कूल संचालकों ने अपनी मनमानी शुरू कर दी है। संचालकों ने मोटा कमीशन तय करके बुक सेंलरों को हायर कर लिया है। बुकसेलर स्कूलों को भी कमीशन देते हैं, जिस वजह से अभिभावकों को महंगी पुस्तकें खरीदने को मजबूर होना पड़ रहा है। इनके खिलाफ कार्रवाई हो।

**– आकाश चौधरी,** अभिभावक।



छोटी कक्षाओं का कोर्स भी महंगा मिल रहा है। कक्षा एक का कोर्स 3750 रुपये में खरीदा, जिसमें एक भी एनसीईआरटी की किताब नहीं है। किताबें केवल एक ही दुकान पर उपलब्ध हैं, जिससे कहीं और जाकर छूट लेने का विकल्प भी नहीं रहता। गरीब अभिभावकों की ओर सरकार ध्यान दे।

**अभिषेक,** अभिभावक



एनसीईआरटी और निजी किताबों में मामूली अंतर होता तो परेशानी नहीं होती, लेकिन यहां स्थिति उलट है। जहां एनसीईआरटी का पूरा कोर्स आ सकता है, वहां एक निजी किताब की कीमत लग रही है। इसके साथ ही फीस में बढ़ोतरी और अतिरिक्त शुल्क ने समस्या और बढ़ा दी है।

**रजत,** अभिभावक



शासन की सख्ती के बाद भी निजी स्कूलों और कॉलेजों की मनमानी जारी है। मनमानी के चलते गरीब अभिभावक अपने बच्चों को पढ़ा नहीं पा रहे हैं। नया कोर्स खरीदने को स्कूल अभिभावकों पर दबाव बना रहे हैं। अभिभावकों एक जुट होकर इनके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करानी चाहिए।

**मनु शर्मा (एडवोकेट),** अभिभावक व जिलाध्यक्ष आरटीआई एसोसिएशन ऑफ इंडिया अमरोहा।

### कार ने ई-रिक्शा को मारी टक्कर कई लोग घायल

**हसनपुर, अमृत विचारः** गजरौला थाना क्षेत्र के गांव मोहरका पट्टी निवासी बाबू सोमवार को ई रिक्शा से गजरौला चौपला से सवारियां बैठाकर कोतवाली क्षेत्र के गांव सिहाली जागीर आ रहा था। जैसे ही वह सिहाली जागीर गांव के निकट पहुंचा तो पीछे से आ रही एक अज्ञात कार ने ई रिक्शा में टक्कर मार दी टक्कर लगते ही ई रिक्शा पलट गई। ई-रिक्शा में बैठे रहरा थाना क्षेत्र के गांव जयतौली निवासी रिजवान अली, बाबू व दो अन्य सवारियां घायल हो गई। घटना के बाद चालक कार लेकर मौके से फरार हो गया। राहगीरों के द्वारा दो घायलों को नगर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया। जबकि दो घायल गजरौला के निजी चिकित्सक के यहां उपचार करा रहे हैं। चिकित्सकों ने घायल रिजवान की हालत को गंभीर देखते हुए उसे हायर सेंटर रेफर कर दिया है फिलहाल अभी कोई कानूनी कार्रवाई नहीं की गई है।

# निजी स्कूलों की मनमानी के विरोध में भाकियू (टिकैत) ने किया प्रदर्शन

प्रदर्शन के बाद डीएम को सौंपा ज्ञापन, कार्रवाई की मांग की, हर साल कोर्स बदलने का आरोप

● शासन से हस्तक्षेप की मांग, कहा गरीब लोगों के किसान नहीं पढा पा रहे अपने बच्चे

कार्यालय संवाददाता अमरोहा

**अमृत विचारः** भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) ने सोमवार को शिक्षा व्यवस्था में सुधार की मांग को लेकर कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। यूनियन के पदाधिकारियों ने स्कूलों पर मंहगी किताबें बिकवाने और मनमानी का आरोप लगाया। प्रदर्शन के बाद पदाधिकारियों ने डीएम को ज्ञापन सौंपते हुए मनमानी करने वाले स्कूलों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की।

सोमवार को संगठन के जिलाध्यक्ष डॉ चंद्रपाल सिंह के नेतृत्व में पदाधिकारी व कार्यकर्ता कलेक्ट्रेट पहुंचे। इस दौरान ज्ञापन में निजी स्कूलों द्वारा की जा रही मनमानी फीस वृद्धि पर तत्काल रोक लगाने की मांग प्रमुख रूप से शामिल रही। किसान नेता डा चंद्रपाल सिंह ने कहा कि निजी स्कूल प्रतिवर्ष कोर्स बदल रहे हैं। इससे अभिभावकों को हर साल नया कोर्स लेने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। एनसीईआरटी का कोर्स नहीं चला रहे हैं। इससे अभिभावकों को काफी दिक्कत होती है। स्कूलों की मनमानी के चलते गरीब इंसान अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा नहीं दिला पा रहा है। कमीशन के चक्कर में चिन्हित बुकसेलर्स के यहां ही किताबें मिलती हैं। उन्होंने कहा कि स्कूल संचालक कमीशन के चक्कर में ऐसा कर रहे हैं। इससे अभिभावकों पर आर्थिक बोझ पड़ रहा है।



कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन करते किसान संगठन के लोग। ● अमृत विचार

### बाध्यता समाप्त करने की मांग

स्कूलों में किताबें और कॉपियां एक ही स्थान से खरीदने की बाध्यता समाप्त करने की भी मांग की गई। सभी विद्यालयों का सार्वजनिक विवरण जारी करने, जिला स्तर पर जांच कमेटी का गठन करना और बच्चों के परिवहन शुल्क में हो रही मनमानी वसूली पर रोक लगाने की मांग की गई। भाकियू नेताओं ने चेतावनी दी कि यदि उनकी मांगों पर जल्द कार्रवाई नहीं की गई, तो संगठन बड़े आंदोलन के लिए बाध्य होगा। इस दौरान प्रदर्शन करने वालों में डा चंद्रपाल सिंह, अभिराज सिंह, अवतार सिंह, कौशेंद्र, सुरेंद्र सिंह, राजेंद्र, सोमवीर सिंह, हिमांशु, विपिन चौधरी आदि मौजूद रहे।

## लाखों रुपये की चोरी की घटनाओं में पुलिस के खाली हाथ

संवाददाता गजरौला

**अमृत विचारः** प्राचीन चाकेश्वर झारखंडी मंदिर का ताला तोड़कर चांदी का छात्र व दान पात्र चोरी करने वाले आरोपियों का 36 दिन बाद भी सुराग लगने में पुलिस के हाथ खाली है। शिक्षिका के घर हुई लाखों रुपये की चोरी अभी तक खुलासा नहीं कर सकी है। जिससे पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

30 दिसंबर से दो मार्च तक चोरों ने कई वारदातों को अंजाम दिया है। पुलिस एक भी घटना का खुलासा नहीं कर सकी है। 30 दिसंबर को शहर के मोहल्ला लक्ष्मी नगर में मकान का ताला तोड़कर लाखों रुपये का सामान चोरी कर लिया था। पीड़ित ने घटना की तहरीर पुलिस को दी थी। पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर ली थी, लेकिन चोरी का खुलासा करने में पुलिस नाकाम साबित रही। 16 फरवरी को शहर के मोहल्ला अतरपुरा में सूनी पड़ी दो फैक्ट्री कर्मियों के मकान के ताले तोड़कर चोरों ने लाखों रुपये का सामान चोरी कर लिया था। एक मार्च की रात चोरों ने चाकेश्रर झारखंडी महादेव मंदिर का ताला तोड़ते हुए अंदर से माता के थान पर चांदी का छत्र चोरी कर लिया था। इसके अलावा दान पात्र भी चोरी करके ले गए थे। तीनों चोरियों में से पुलिस ने एक का भी अभी तक खुलासा नहीं किया है। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार ने बताया कि घटनाओं का खुलासा करने के लिए पुलिस की टीम लगी है। जल्द ही खुलासा कर दिया जाएगा।

### हिस्ट्रीशीटर दबोचा

**हसनपुर, अमृत विचार :** कोतवाली पुलिस ने चोरी के आरोपी को पकड़ा है। पुलिस ने परकरनखाल-गंगाचोली मार्ग से हिस्ट्रीशीटर कलुआ उर्फ जयप्रकाश को गिरफ्तार कर लिया। घटना में शामिल एक अन्य आरोपी हरवंश मौके से फरार हो गया।


### निविदा सूचना

रोशन ग्रामोद्योग संस्थान सिमरौआ जिला संभल को खादी उत्पादन हेतु कच्चा माल खरीद योजना के अन्तर्गत इच्छुक कंपनी/सहभागिता फर्म/स्वामित्व फर्म/संस्था को 110 कुंतल देशी रूई खरीद हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। इच्छुक व सक्षम पार्टी/फर्म 21 दिन के अंदर संस्था में संपर्क कर आपूर्ति एवं निविदा संबंधी सूचना प्राप्त कर सकते है।

भवदीय-रोशन ग्रामोद्योग संस्थान, सिमरौआ, पो. अस्थल, तह. चन्दौसी जिला सम्भल (उ.प्र.) मोबाइल नंबर-9927647306


# वन विभाग की जमीन पर कब्जा

● गंगेश्वरी और हैदलपुर वन विभाग की हजारों बीघा जमीन पर किया अतिक्रमण

● रातों रात जमीन जोतकर फसल की बुवाई की

संवाददाता रहरा (अमरोहा)

**अमृत विचार :** गंगेश्वरी ब्लॉक के हैदलपुर वन ब्लॉक में दबंग वन विभाग की जमीन पर जबरन कब्जा कर रहे हैं। दबंगों ने बंदूकों की नोक पर हजारों बीघा जमीन पर कब्जा कर लिया है। आरोपियों जमीन पर फसल की बुवाई कर दी है। जबकि विभागीय अधिकारी चुप्पी साधे हैं। शिकायत के बाद जिले के अधिकारी इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं।

सप्ताह भर पूर्व से अवैध कब्जे की एक वीडियो सोशल मीडिया पर भी जमकर वायरल हो रही है। लेकिन प्रशासनिक और वन विभाग के अधिकारियों ने इस ओर ध्यान नहीं दिया है। हैदलपुर वन ब्लाक में दर्जन भर से अधिक गांवों के अंतर्गत वन विभाग का तकरीबन एक हजार हेक्टेयर भूमि का रकबा है। गंगा नदी के किनारे हैदलपुर वन ब्लाक में प्लॉट नंबर 9 में करीब हजारों बीघा वन विभाग की जमीन है। यह भूमि जिला रैंप से प्रारंभ होकर हैदलपुर रैंप की तरफ तक है। अवैध कब्जेदार बंदूकों की नोक के दम पर बुवाई कर रहे हैं। ग्रामीणों की मानें तो कुछ दिन तो कुछ रात के अंधेरे में ट्रैक्टरों से वन विभाग की भूमि पर अवैध तरीके से जुताई कर रहे हैं। तीन वर्ष पूर्व जमीन को लेकर यहां जंग भी हो चुकी है, इसके बाद भी अधिकारी शांत हैं।

**वन विभाग के अधिकारियों पर लगाया आरोप :** पीपल फॉर एनिमल्स ऑर्गेनाइजेशन के जिला अध्यक्ष डॉ रवींद्र शुक्ला एडवोकेट ने वन विभाग के अधिकारियों पर गंभीर आरोप लगाए हैं। उन्होंने बताया कि मिली भगत के चलते जमीन पर कब्जा हो रहा है। रामसरजोन में किसी भी तरह की पैदावार लेना जैसे(पालेज, टमाटर ककड़ी, खीरा,लौकी) आदि अवैध हैं।



फसल की बुवाई के बाद खेत।

हैदलपुर वन ब्लाक के प्लाट नंबर 9 से जुड़ा मामला है। ग्राम प्रधान उक्त भूमि को ग्राम समाज की बता कर ठेके पर देने का दावा कर रहे हैं। संयुक्त पैमाइश के लिए कई बार मैंने लेटर भी जारी किया है। अब संयुक्त पैमाइश कराने के बाद ही स्थिति क्लियर हो पाएगी।

**राजीव कुमार,** डीएफओ अमरोहा

आपके माध्यम से इस तरह भू माफीयों द्वारा वन विभाग की भूमि पर अवैध तरीके से किए गए कब्जे की जानकारी हुई है। गंगा किनारे कुछ भूमिहीन लोगों को हमारे द्वारा अधिकतम 30 दिनों के लिए कोई छोटी-मोटी सब्जी आदि की फसल उगाने के लिए जरूर छूट दे दी जाती है। मैं डीएफओ से बात करता हूं।

**– केपी मलिक,** प्रभारी मंत्री, अमरोहा

### ग्राम प्रधान से मांगी पांच लाख की रंगदारी

**अमरोहा, अमृत विचार :** जिले की मखदूमपुर ग्राम प्रधान मधु चौधरी को दबंगों द्वारा पांच लाख रुपये की रंगदारी मांगने और तेजाब से हमला करने की धमकी दी है। शिकायत पर पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर ली है।

गांव मखदुमपुर की ग्राम प्रधान मधु चौधरी ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर बताया कि अमरोहा-जोया मार्ग स्थित पीरगढ़ मोहल्ले में उनकी निजी संपत्ति और कार्यालय है। आरोप है कि पिछले 15-20 दिनों से मखदूमपुर निवासी शशांक कुमार और उसका साथी मोनू यादव अपने 3-4 अज्ञात साथियों के साथ उन्हें लगातार डरा-धमका रहे हैं। पीड़िता के अनुसार आरोपियों ने उनसे पांच लाख रुपये की रंगदारी मांगी है। मधु चौधरी का कहना है कि आरोपित उन्हें मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे हैं, ताकि वह अपना कार्य न कर सकें। पीड़िता ने कार्रवाई की मांग की है।

# ध्वस्तीकरण की कार्रवाई को गई टीम वापस लौटी

● महिलाओं के विरोध के सामने टीम की एक नहीं चली बुलडोजर को भेजा वापस

संवाददाता हसनपुर

**अमृत विचारः** नगर स्थित एक कॉलोनी में बन रहे मकान के निर्माण कार्य को अवैध बताते हुए उच्च अधिकारियों से की गई शिकायत के बाद निर्माण कार्य को ध्वस्त करने पहुंची पालिका टीम महिलाओं के विरोध के चलते वापिस लौट आई। उच्च अधिकारियों को पूरे मामले की जानकारी दी।

नगर के गजरौला मार्ग पर एक वृंदावन कॉलोनी स्थित है। जिसके एक साइड में कर्बला का तालाब स्थित है। वही पर सपना गुप्ता पत्नी सचिन गुप्ता एवं डोली रानी पत्नी अनिल गुप्ता का प्लाट स्थित है, सपना गुप्ता के द्वारा अपने प्लॉट पर निर्माण कार्य कराया जा रहा था। जिसका किसी के द्वारा सरकारी भूमि पर निर्माण करने का आरोप लगाते हुए नगर पालिका में शिकायत दर्ज कराई। उच्च अधिकारियों के निर्देश पर रविवार को पालिका टीम ने निर्माण कार्य रुकवा दिया। जिसके बाद सोमवार को अधिशासी अधिकारी विजयपाल सिंह शहर लेखपाल दीपक चौधरी के साथ मौके पर पहुंचे और निर्माण कार्य ध्वस्त करने के निर्देश दिए। लेकिन इसी बीच महिलाओं के विरोध के चलते पालिका टीम को विरोध के चलते वापिस लौटना पड़ा। पीड़ित सपना गुप्ता का कहना है कि उन्होंने नितिन कुमार से यह प्लॉट खरीदा है और उन्होंने उन्हें बेनामी में कर्बला तालाब की तरफ रास्ता भी बताया है। बैनामे के आधार पर वह निर्माण कार्य कर रही है।

**अधिशासी अधिकारी ने पैमाइश की मांग की :** वही अधिशासी अधिकारी ने पूरे मामले से उच्च अधिकारियों को अवगत कराकर पूरी जमीन की दौबारा से पैमाइश करने की मांग की। पालिका के अधिशासी अधिकारी विजयपाल सिंह ने बताया कि शिकायत के आधार पर मौके पर पहुंच कर निर्माण कार्य रुकवा दिया गया है तथा उच्च अधिकारियों को पूरे मामले से अवगत करा दिया है।



निर्माण कार्य को रुकवाते हुए अधिशासी अधिकारी ● अमृत विचार




## न्यूज ब्रीफ

### एक हफ्ते में ही दिया तीन तलाक, आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज

**बबराला, अमृत विचार :** कस्बे के मोहल्ला नई बस्ती निवासी खुशनुमा का निकाह 17 फरवरी को बदायूं जिले के बिसौली के मोहल्ला शीशमहल निवासी जोएब के साथ हुआ था। पीड़ता जब ससुराल पहुंची तो कुछ ही दिन बाद ससुरालिया उसके साथ दहेज उत्पीड़न और मारपीट करने लगे। आरोप है कि 25 फरवरी की दोपहर पति ने उसे जबरन बस में बैठाकर गुन्नौर चौराहे पर छोड़ दिया, और तीन बार तलाक तलाक कहकर चला गया। पीड़िता ने पुलिस का दरवाजा खटखटाते हुए पति और ससुराल पक्ष पर मारपीट, उत्पीड़न और धमकी देने के गंभीर आरोप लगाए हैं। प्रभारी निरीक्षक राजीव मलिक ने बताया कि मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गई है।

### चामुंडा मंदिर का दानपात्र तोड़ चोरी करते युवक पकड़ा

**सौंधन, अमृत विचार :** कैला देवी थाना क्षेत्र के गांव सौंधन स्थित चामुंडा मंदिर में सोमवार को दोपहर करीब चार बजे सफाई के लिए हरकेश मंदिर पहुंचे थे। जैसे ही उन्होंने सफाई शुरू की, मंदिर के अंदर से खटपट की आवाज सुनाई दी। वह तुरंत अंदर पहुंचे, जहां देखा कि एक युवक दानपात्र तोड़कर उसमें रखे पैसे निकाल रहा था। हरकेश ने युवक को मौके पर ही पकड़ लिया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम राजू निवासी शहबाजपुर डोला, थाना आदमपुर बताया। तलाशी लेने पर उसके पास से पेचकश और चाबी भी मिली, जिससे उसने दानपात्र तोड़ा था। आरोपी मंदिर के कमरे का किवाड़ तोड़कर अंदर घुसा, लेकिन वहां कुछ नहीं मिला। इसके बाद उसने दानपात्र को निशाना बनाया। पुलिस ने आरोपी को हिरासत में ले लिया।

### बच्चे के परिजनों को तलाश रही पुलिस

**संभल/चंदौसी, अमृत विचार :** परिवार से बिछड़कर एक बच्चा कोतवाली पहुंच गया। बच्चा परिजनों का सही पता नहीं बता पा रहा है। पुलिस से ने सोशल मीडिया के माध्यम से बच्चे के परिजनों को तलाश करना शुरू कर दिया है। वहीं जिले के सभी थानों में व्हाट्सएप के माध्यम से बच्चे का फोटो भेज दिया गया है। थाना प्रभारी ने बताया कि बच्चे के परिजनों को तलाश किया जा रहा है। वहीं कुछ लोगों ने बताया कि पुलिस ने बच्चे के परिजनों को तलाश कर लिया है और बच्चे को सौंप दिया है। हालांकि पुलिस से इस ओर से पुष्टि नहीं हुई है।

# संदिग्ध परिस्थितियों में युवक की मौत परिजनों ने जताई हत्या की आशंका

## परिजनों ने किया हंगामा, साढ़ू के गांव में रहता था जाकिर हुसैन, नशे का था आदी

कार्यालय संवाददाता, संभल/ओबरी

**अमृत विचार :** असमोली थाना क्षेत्र के एक गांव में युवक की संदिग्ध परिस्थितयों में मौत हो गई। जानकारी मिलने पर युवक के परिजनों ने हत्या का आरोप लगाते हुए जमकर हंगामा किया। परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा है।



जाकिर हुसैन।

पुलिस के अनुसार पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आने पर कार्रवाई की जाएगी।

पुलिस के अनुसार थाना कैलादेवी क्षेत्र के गांव सारंगपुर निवासी जाकिर हुसैन (25) की शादी करीब सात वर्ष पूर्व असमोली थाना क्षेत्र के गांव महमूदनगर निवासी गुले शादाब के साथ हुई थी। शादी के एक-दो साल बाद ही जाकिर अपनी पत्नी के साथ गांव तलवार में अपने साढ़ू के पास मकान बनाकर रहने लगा था। रविवार को जाकिर हुसैन की अचानक तबियत खराब हो गई। उसकी पत्नी गुले शादाब जाकिर को लेकर अमरोहा के निजी अस्पताल में ले गए। हालत गंभीर होने पर डॉक्टरों ने उसे मुरादाबाद के हायर सेंटर भेज दिया। लेकिन मुरादाबाद ले जाते वक्त जाकिर हुसैन ने दम तोड़ दिया। जाकिर हुसैन की मौत से उसकी पत्नी, बेटी सना और परिजनों का रो रोकर बुराहाल है।



संभल के तलवार गांव में पति की मौत के बाद घर में गुमसुम गुले शादाब।

### नशे का आदी था जाकिर

जाकिर हुसैन की पत्नी गुले शादाब तलवार गांव में आशा कार्यकर्ता है। पत्नी ने बताया कि जाकिर हुसैन नशे का आदी था। वह अक्सर नशे का इंजेक्शन का प्रयोग करता था। रविवार को जाकिर ने नशे का इंजेक्शन लगाया था। जबकि वह मना करती रही, लेकिन नहीं माना। इंजेक्शन लगाने के कुछ देर बाद ही जाकिर की हालत बिगड़ने लगी। वह लोग उसे अस्पताल ले जा रहे थे, लेकिन उसने रास्ते में दम तोड़ दिया। हत्या जैसी कोई बात नहीं है।

> बताया कि प्रथम दृष्टया मामला नशे के इंजेक्शन से जुड़ा प्रतीत हो रहा है, हालांकि मौत के सही कारणों का पता पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही चल सकेगा। उन्होंने बताया कि तहरीर मिलने पर और जांच के आधार पर अग्रिम कार्रवाई की जाएगी।
>
> – **मोहित कुमार चौधरी** – थाना प्रभारी असमोली

**परिजनों ने जताई हत्या की आशंका :** जाकिर हुसैन की मौत की सूचना मिलने पर उसके गांव सारंगपुर से कई लोग तलवार गांव पहुंचे और हत्या का आरोप लगाते हुए हंगामा करने लगे। परिजनों का आरोप है कि जाकिर की मौत स्वाभाविक नहीं हुई है बल्कि उसकी हत्या की गई है। परिजनों ने यूपी 112 को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट के अनुसार कार्रवाई की जाएगी।

## सड़क किनारे खड़ी कार बनी आग का गोला



आग बुझाती फायर ब्रिगेड की गाड़ी।

**संभल, अमृत विचारः** संभल में चंदौसी चौराहा के पास सड़क किनारे खड़ी कार अचानक आग का गोला बन गई। देखते ही देखते गाड़ी से तेज लपटें उठने लगीं, जिससे मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सोमवार रात 8 बजे कार में अचानक आग लग गई। इससे सड़क पर आवागमन बंद हो गया। स्थानीय लोगों ने निजी संसाधनों से आग बुझाने की कोशिश की, लेकिन सफलता नहीं मिल सकी। इसके बाद दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। क्राइम इंस्पेक्टर नरेश कुमार ने बताया कि सड़क किनारे खड़ी गाड़ी में अचानक आग लगने की सूचना मिली थी।

## मंडल स्तर पर कार्यकर्ताओं को मिली नई जिम्मेदारी

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचारः** भारतीय जनता पार्टी ने नगर मंडल संभल और नरौली मंडल की नई कार्यकारिणी की घोषणा कर दी है। संगठन को मजबूत बनाने के उद्देश्य से विभिन्न पदों पर कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारियां सौंपी गई हैं।

संभल नगर मंडल में कशिश कौशल को मंडल अध्यक्ष बनाए जाने के बाद अब नई टीम का गठन किया गया है। मंडल उपाध्यक्ष पद पर प्रतीक गुप्ता, निधि शर्मा, भीकम सिंह, सतीश कुमार जाटव, विवेक तोमर और अरविंद प्रजापति को नियुक्त किया गया है। वहीं सुनील राजपूत और कैलाश चंद्र गुप्ता को मंडल महामंत्री की जिम्मेदारी सौंपी गई है। कार्यकारिणी में प्रभात सर्राफ को कोषाध्यक्ष, हर्षित शर्मा को मीडिया प्रभारी, प्रेम शंकर को सोशल मीडिया प्रभारी और मनी अरोड़ा को आईटी संयोजक नियुक्त किया गया है। वहीं नरौली मंडल में हरवेश राघव को अध्यक्ष बनाए जाने के बाद उनकी टीम भी घोषित कर दी गई है। मंडल उपाध्यक्ष के रूप में रामबाबू शर्मा, जय राम दिवाकर, प्रदीप चौहान, सूरजपाल सैनी, लवकुश सिंह और संजीव राघव को जिम्मेदारी दी गई है। नरौली मंडल में जीराजपुरी गोस्वामी और ओमेंद्र सिंह को महामंत्री बनाया गया है। हिम्मत सिंह को कोषाध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई है।

## राजस्व निरीक्षकों का वेतन रोका

**संभल, अमृत विचारः** अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व प्रदीप वर्मा की अध्यक्षता में फार्मर आईडी के संबंध में समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक के दौरान लापरवाही सामने आने पर अपर जिलाधिकारी ने सख्त रुख अपनाया। समीक्षा के दौरान राजस्व निरीक्षक रजनीश कुमार, सऊद हसन, विजयपाल सिंह, योगेंद्र पाल सिंह, पंकज गुप्ता, अवनीश कुमार एवं शिव दयाल बैठक में अनुपस्थित पाए गए।

## बीजेपी को रोकना ही पहली प्राथमिकता

**संभल, अमृत विचारः** समाजवादी पार्टी के सांसद जियाउर्रहमान बर्क ने संभावित राजनीतिक गठबंधनों को लेकर बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि मौजूदा राजनीतिक परिस्थितियों में विपक्षी दलों को एकजुट रहना चाहिए और वोटों का बंटवारा किसी भी सूरत में नहीं होना चाहिए। सभी विपक्षी दलों का मुख्य लक्ष्य नरेंद्र मोदी के नेतृत्व वाली भाजपा को रोकना होना चाहिए। सोमवार को सांसद बर्क ने केंद्र और प्रदेश सरकारों पर निशाना साधते हुए आरोप लगाया कि भाजपा शासित राज्यों में हालात खराब हुए हैं, जहां लोगों के अधिकारों का हनन हो रहा है और कानून व्यवस्था प्रभावित हुई है। सांसद ने कांग्रेस का नाम लिए बिना इशारों में कहा कि कुछ दलों का अकेले चुनाव लड़ना भी विपक्षी एकता को कमजोर करता है।

## तेज आवाज में डीजे बजाने पर रोक की मांग



चंदौसी में प्रभारी निरीक्षक को ज्ञापन देते व्यापारी। ● अमृत विचार

**चंदौसी, अमृत विचारः** अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के प्रतिनिधि मंडल ने सोमवार को प्रभारी निरीक्षक अनुज तोमर को ज्ञापन सौंपकर डीजे की तेज आवाज पर लगाम लगाए जाने की मांग की है। व्यापारियों ने बताया कि चंदौसी एक धार्मिक नगरी है और अक्सर शहर में जुलूस, शोभायात्रा निकाले जाते हैं। इसमें डीजे का अत्यधिक प्रयोग होता है। इसके अलावा शादी समारोह में एक रिवाज विशेष रूप से हो गया है। उन्होंने बताया कि इससे ध्वनि प्रदूषण होता है। रोगियों को दिक्कत होती है। प्रतिनिधि मंडल में जिला अध्यक्ष प्रेम ग्रोवर, जिला संगठन मंत्री उमेश चंद वार्ष्णेय, युवा प्रदेश पदाधिकारी शाह आलम मंसूरी, सुशील अग्रवाल, रमेश ग्रेवाल, विपुल महाजन आदि व्यापारी शामिल रहे ।

## आज 12 घंटे बाधित रहेगी बिजली आपूर्ति

**चंदौसी, अमृत विचारः** विद्युत उपकेंद्र मौलागढ़ पर तकनीकी कार्य किया जाएगा। जिसके चलते इससे जुड़े मोहल्ले व गांव की आपूर्ति 12 घंटे के लिए बाधित रहेगी। मंगलवार को विद्युत आपूर्ति सुबह 9 बजे से रात 9 बजे तक उपकेंद्र मौलागढ़ के पावर परिवर्तक की क्षमता वृद्धि का कार्य किया जाएगा। जिसमें एक 5 एमवीए की जगह 10 एमवीए का पावर परिवर्तक लगाने का कार्य किया जायेगा। इस कार्य से विद्युत उपकेंद्र की अतिभारित समाप्त कर भविष्य में विद्युत उपभोक्ताओं को बेहतर विद्युत सप्लाई दी जा सकेगी। यह जानकारी देते हुए उपखंड अधिकारी अजय चौरसिया ने बताया इसके चलते विद्युत आपूर्ति आंशिक आवास विकास, मौलागढ़, प्रेमनगर, बहजोई रोड, गैस गोदाम रोड, इत्यादि के पास विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी।

## एचटी की चिंगारी से फसल जली

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचारः** जनपद में हाईटेंशन लाइनों से गिरी चिंगारियों के कारण खेतों में आग लगने की घटनाएं सामने आ रहीं हैं। अलग-अलग स्थानों पर हुई इन घटनाओं में किसानों की कई बीघा गेहूं की फसल जलकर राख हो गई, जिससे उन्हें भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा।

तहसील गुन्नौर के गांव करिया खेड़ा में खेतों के ऊपर से गुजर रही हाईटेंशन लाइन से गिरी चिंगारी ने तैयार खड़ी गेहूं की फसल में आग गई। गांव निवासी वीरेश और देवेंद्र के खेतों में आग लगने से 30 बीघा से अधिक फसल जल गई। बताया कि तेज धूप के कारण फसल सूखी थी, जिससे आग तेजी से फैल गई। वीरेश की करीब तीन बीघा और देवेंद्र की करीब 10 बीघा फसल जलकर नष्ट हो गई। किसानों के अनुसार इस आग से उन्हें करीब सवा लाख रुपये का नुकसान हुआ है। दूसरी घटना विकासखंड पंवासा क्षेत्र के जंगल में हुई, जहां बिजली की चिंगारी से किसान गजराम प्रजापति की गेहूं की फसल में आग लग गई। आग की लपटें देख आसपास के किसान मौके पर पहुंचे और निजी नलकूप से पानी डालकर आग पर काबू पाया। किसान गजराम प्रजापति ने बताया कि उनकी करीब चार बीघा फसल जल गई। चंदौसी के थाना कुढ़ फतेहगढ़ क्षेत्र के गांव खानपुरा में हाईटेंशन लाइन से गिरी चिंगारी के कारण खेत में कटी पड़ी गेहूं की चार बीघा से अधिक फसल जलकर राख हो गई। किसान संजीव ने बताया कि फसल कटाई के बाद खेत में रखी हुई थी और आग लगने से करीब 25 हजार रुपये का नुकसान हुआ है। किसानों ने गर्मी के मौसम में हादसों की रोकथाम के लिए जर्जर बिजली लाइनों की मरम्मत की मांग उठाई है।



संभल के गांव में आग से जलती गेहूं की फसल ● अमृत विचार

# तीन निकायों के नौ नामित सदस्यों ने ली शपथ



नामित सदस्यों को बधाई देते चेयरमैन व अन्य लोग।

**बबराला, अमृत विचारः** बबराला, गुन्नौर और गवां नगर पंचायतों के लिए शासन द्वारा नामित सभी नौ सभासदों को सोमवार को तहसील सभागार में आयोजित एक सादे समारोह में पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। शपथ ग्रहण समारोह की अध्यक्षता उपजिलाधिकारी अवधेश कुमार ने की।

बबराला नगर पंचायत के नामित सभासद विवेक वार्ष्णेय, संजीव वर्मा और योगेंद्र सिंह को शपथ दिलाई गई। वहीं गुन्नौर नगर पंचायत के नामित सभासद महिपाल सिंह, अंजू वार्ष्णेय और जूलियस जाटव तथा गवां नगर पंचायत के लिए नीलम वर्मा, धीरेन्द्र सक्सेना और कृपाल सिंह को शपथ दिलाई गई। भाजपा जिला मंत्री शांति स्वरूप ने सभी नामित सभासदों को शुभकामनाएं दीं। इस मौके पर बबराला नगर पंचायत के चेयरमैन हर्षवर्धन वार्ष्णेय, गुन्नौर नगर पंचायत की चेयरमैन खुशबू प्रजापति, गवां नगर पंचायत की चेयरमैन सर्वेश दिवाकर, अधिशासी अधिकारी अमरेश तिवारी और स्वेतांक सारस्वत सहित तीनों नगर पंचायतों के निर्वाचित सदस्य एवं क्षेत्र के गणमान्य लोग मौजूद रहे।

### पांच नामित सभासदों ने ली पद और गोपनीयता की शपथ

**चंदौसी, अमृत विचार :** उत्तर प्रदेश शासन द्वारा निकायों में नामित सदस्यों के लिए सोमवार को नगर पालिका के अस्थाई कार्यालय गांधी पार्क में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। जिसमें पांच नामित सदस्यों को शपथ दिलाई गई । कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश सरकार में माध्यमिक शिक्षा राज्य मंत्री गुलाब देवी एवं पालिका अध्यक्ष लता वार्ष्णेय, नगराध्यक्ष भाजपा अंकुर अग्रवाल एवं पालिका सभासद उपस्थित रहे। शपथ ग्रहण समारोह में नवनिर्वाचित नामित सदस्यों संजय बंसल, रिंकू दिवाकर, उमा श्रीवास्तव, विक्की प्रजापति, बाबूलाल सेन को एसडीएम आशुतोष तिवारी द्वारा शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर राज्यमंत्री गुलाब देवी ने कहा कि नवनिर्वाचित नामित सदस्य मिलजुलकर पालिका के विकास कार्यों में गति प्रदान करेंगे। पालिका अध्यक्ष लता वार्ष्णेय ने विचार व्यक्त किए। कार्यक्रम में सभासद तरुण कुमार नीरज, नवकांत देव शर्मा, अमित दिवाकर, अमन कोरी, दयाराम कनौजिया, रियाज अहमद, निशांत शर्मा, किशन प्रजापति, विनोद कुमार बिन्नी, सुधीर मल्होत्रा, अरविंद गुप्ता, देवेंद्र मोनू, आदि पालिका कर्मचारी उपस्थित रहे।



राज्य मंत्री गुलाब देवी की मौजूदगी में शपथ लेते नामित सभासद। ● अमृत विचार

# लापता पिता-पुत्र की बरामदगी को लेकर प्रदर्शन

कार्यालय संवाददाता, संभल/बहजोई

**अमृत विचारः** कैला देवी थाना क्षेत्र से साप्ताहिक बाजार के दौरान लापता हुए पिता-पुत्र का पांच दिन बाद भी कोई सुराग नहीं लगने पर परिजनों का आक्रोश फूट पड़ा। सोमवार को बड़ी संख्या में ग्रामीणों के साथ परिजन पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचे और जमकर हंगामा करते हुए दोनों की शीघ्र बरामदगी की मांग की। इस दौरान उन्होंने पुलिस पर लापरवाही, कॉल डिटेल न निकालने और गुमशुदगी दर्ज करने में देरी के गंभीर आरोप लगाए।

तहसील गुन्नौर के थाना धनारी क्षेत्र के गांव भिरावटी मलुआ मझरा निवासी नरेश अपने बेटे भीमसेन के साथ 2 अप्रैल को बोलेरो पिकअप लेकर अमावती बाजार गए थे। परिजनों के अनुसार उन्हें वहां से मेरठ के लिए गाड़ी बुकिंग मिली थी, जिसके बाद दोनों पिता-पुत्र गाड़ी लेकर बाजार से रवाना हुए।

बताया गया कि रास्ते में टोल प्लाजा तक उनकी लोकेशन मिली, लेकिन इसके बाद अचानक उनसे संपर्क टूट गया और वह लापता हो गए। परिजनों का कहना है कि गाड़ी में दो अन्य अज्ञात व्यक्ति भी सवार थे, जिनके बारे में उन्हें कोई जानकारी नहीं है।

सीओ बहजोई डॉ. प्रदीप कुमार ग्रामीणों से वार्ता के लिए पहुंचे तो नरेश की पत्नी गीता ने उनके सामने पति और बेटे के साथ किसी अनहोनी की आशंका जताई। बताया कि घटना के बाद से लगातार पुलिस से संपर्क किया जा रहा है, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई है। वहीं परिजनों ने सीओ से कहा कि नरेश अपने बेटे भीमसेन के साथ मजदूरी के लिए गाड़ी लेकर गए थे, लेकिन पांच दिन बीतने के बाद भी उनका कोई पता नहीं चल सका है।



बहजोई में एसपी कार्यालय के बाहर बैठे परिजन व ग्रामीण ● अमृत विचार



भीमसेन



नरेश

> परिजन अपनी बात रखने के लिए यहाँ आये थे। उनकी बात सुनकर पिता पुत्र को जल्द बरामद करने का आश्वासन दिया गया तो ग्रामीण आश्वस्त होकर वापस लौट गये। थाना पुलिस के साथ ही एसओजी टीम भी प्रयास में लगी है। जल्द नतीजा सामने आयेगा।
>
> –**डा. प्रदीप कुमार सिंह**, सीओ

**महिला ने ईरान के लिए कुर्बानी देने का दावा किया : संभल :** जनपद की एक महिला वकील का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है, जिसमें वह ईरान के समर्थन में परिवार समेत कुर्बान होने की बात कही।

**सूचना**

आधार कार्ड में भूलवश मेरा नाम रिया (Riya) जन्मतिथि 01.01.2007 दर्ज हो गया है जबकि मेरा वास्तविक नाम पूजा (Pooja) जन्मतिथि 05.04. 2009 है। पूजा पुत्री हरपाल सिंह निवासी ग्राम लालपुर पटटी कादर खां, पो. मनकरा तहसील सदर जिला रामपुर।

**सूचना**

लवजोत सिंह पुत्र बूटा सिंह निवासी 79, ग्राम खानपुर बिलासपुर जिला रामपुर मुझे लवजोत सिंह पुत्र बूटा सिंह के नाम से जाना व पहचाना जाता है जबकि आधार कार्ड में नाम लावे जीत सिंह (Lave Jot Singh) दर्ज हो गया है। भविष्य में मुझे लवजोत सिंह (Lovejot Singh) पुत्र बूटा सिंह के नाम से ही जाना व पहचाना जाये।

## राष्ट्रवाद की राजनीति कर रही है भाजपा

कार्यालय संवाददाता, संभल

● **राष्ट्र प्रथम, संगठन द्वितीय और स्वयं अंतिम का मूल मंत्र भाजपा की पहचान**

**अमृत विचारः** भारतीय जनता पार्टी का स्थापना दिवस जनपद में उत्साह के साथ मनाया गया। भाजपा जिला कार्यालय पर आयोजित मुख्य कार्यक्रम में पार्टी पदाधिकारियों पार्टी ध्वज के समक्ष राष्ट्र सेवा, संगठन की मजबूती और समाज के अंतिम व्यक्ति तक विकास योजनाएं पहुंचाने का संकल्प लिया।

जिला कार्यालय एकता विहार पर आयोजित स्थापना दिवस कार्यक्रम में पार्टी के सिद्धांतों और विचारधारा पर प्रकाश डाला गया।

जिला अध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह रिंकू ने कहा कि भाजपा 6 अप्रैल 1980 को स्थापना के बाद से ही राष्ट्रवाद, सुशासन और विकास की राजनीति को मजबूती देने का कार्य कर रही है। क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल ने कहा कि भाजपा कार्यकर्ता हमेशा समाज सेवा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हैं। स्थापना दिवस के अवसर पर स्वच्छता अभियान, पौधारोपण, जरूरतमंदों को भोजन-वस्त्र वितरण और जनसंपर्क जैसे सेवा कार्यों के जरिए समाज के प्रति जिम्मेदारी निभाने का संकल्प लिया गया।

## भाजपाइयों ने पार्टी का स्थापना दिवस मनाया

**चंदौसी, अमृत विचारः** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल चंदौसी ने पार्टी का स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया। कार्यक्रम में स्टेशन रोड पर पार्टी संस्थापक डॉ. श्यामा प्रसाद मुखर्जी की प्रतिमा पर स्वच्छता अभियान चला कर प्रतिमा पर माल्यर्पण किया गया। मुख्य अतिथि गुलाब देवी ने विचार व्यक्त किए।

इस अवसर पर नगर अध्यक्ष अंकुर अग्रवाल, जिला महामंत्री मनोज कठेरिया, जिला उपाध्यक्ष सुधीर मल्होत्रा, जिला कोषाध्यक्ष अंकित जैन, नगर महामंत्री तरुण कुमार नीरज, चन्द्रसेन दिवाकर, देवेंद्र गुप्ता मोनू, रोहित दिवाकर, अभिनव शर्मा, अंकुल ठाकुर, ज्ञानप्रकाश चिंटू, डॉ वीरेश सिंह, अमित अग्रवाल, खुशीराम मौर्य, पप्पू मौर्य, अभिनव श्रीवास्तव आदि लोग उपस्थित रहे।

# नामित सभासदों ने ली शपथ, पहुंचे समर्थक

कार्यालय संवाददाता, संभल

**अमृत विचारः** जनपद की नगर पालिका परिषद और नगर पंचायतों में शासन द्वारा नामित सभासदों को सोमवार को शपथ दिलाई गई। इस दौरान नामित सभासद अपने समर्थकों के साथ ढोल-नगाड़ों के साथ निकाय कार्यालय पहुंचे और पूरे उत्साह के साथ शपथ ग्रहण किया।

जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया के निर्देश पर शपथ ग्रहण कराने के लिए एसडीएम संभल निधि पटेल को संभल व सिरसी के लिए नामित किया गया था। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार नगर पालिका परिषद संभल में दोपहर 12 बजे और नगर पंचायत सिरसी में दोपहर 2 बजे शपथ ग्रहण समारोह आयोजित हुआ। नगर पालिका परिषद संभल में एसडीएम निधि पटेल की मौजूदगी में पांच नामित सभासद गोपाल शर्मा, सुरेश अटल, आलोक भारती, शोभित गुप्ता और सैय्यद शान अली को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर पालिकाध्यक्ष आसिया मुशीर, भाजपा जिलाध्यक्ष चौधरी हरेंद्र सिंह रिंकू, क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल, अधिशासी अधिकारी डॉ. मणिभूषण तिवारी सहित अन्य लोग मौजूद रहे। शपथ के बाद नामित सभासदों ने कहा कि पार्टी ने उन्हें बड़ा सम्मान दिया है और वे जनता की उम्मीदों पर खरा उतरने का प्रयास करेंगे। भाजपा जिलाध्यक्ष हरेंद्र सिंह रिंकू ने कहा कि शासन द्वारा नामित सभासद शहर के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे। भाजपा के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष राजेश सिंघल ने कहा कि नामित सभासदों के प्रस्तावों पर प्राथमिकता से काम होगा। उन्होंने यह भी कहा कि भविष्य में नगर पालिका परिषद संभल नगर निगम बनने की दिशा में आगे बढ़ेगा, जिससे क्षेत्र का समग्र विकास होगा।

**सिरसी में तीन सदस्यों को दिलाई गई शपथ :** नगर पंचायत सिरसी में भी एसडीएम निधि पटेल की मौजूदगी में तीन नामित सभासद विजय गुप्ता, अनिल श्रीमाली और वंदना वाल्मीकि को शपथ दिलाई गई। इस दौरान चेयरमैन कौसर अब्बास और डिप्टी कलेक्टर विकास चंद्र समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे। एसडीएम निधि पटेल ने बताया कि शासन के निर्देशानुसार नगर पालिका परिषद संभल में पांच और नगर पंचायत सिरसी में तीन नामित सभासदों को विधिवत शपथ दिलाई गई है। उन्होंने उम्मीद जताई कि सभी सभासद अपने दायित्वों का निर्वहन करते हुए पार्टी को मजबूत करेंगे।



संभल नगर पालिका सभागार में शपथ लेते नामित सभासद।




शपथ ग्रहण के दौरान मौजूद भाजपा नेता व नामित सभासद।

न्यूज ब्रीफ

## रक्षामंत्री से मिला इप्सेफ का प्रतिनिधिमंडल

**अमृत विचार, लखनऊ :** इण्डियन पब्लिक सर्विस इम्प्लाईज फेडरेशन (इप्सेफ) का 6 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने भारत सरकार के रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह से उनके आवास पर मुलाकात की। इप्सेफ के राष्ट्रीय अध्यक्ष वीपी मिश्र के नेतृत्व में प्रतिनिधि मंडल ने देशभर के कर्मचारियों व शिक्षकों की समस्याओं को लेकर ज्ञापन सौंपा और मांगों पर शीघ्र निर्णय की अपील की। रक्षामंत्री ने प्रतिनिधिमंडल को आश्वस्त किया कि कर्मचारियों और शिक्षकों की समस्याओं का समाधान जल्द किया जाएगा। उन्होंने कहा कि वह स्वयं शिक्षक रह चुके हैं, इसलिए उनकी पीड़ा को भली-भांति समझते हैं। प्रतिनिधिमंडल ने 8वें वेतन आयोग की संस्तुतियां 1 जनवरी 2026 से लागू करने, पुरानी पेंशन बहाली, आउटसोर्स कर्मचारियों को न्यूनतम वेतन व सुरक्षा, शिक्षकों को टीईटी से छूट तथा रिक्त पदों पर समयबद्ध भर्ती जैसी प्रमुख मांगें उठाईं। इस दौरान कई पदाधिकारी मौजूद रहे।

## विंडो खुली, 15 तक अपलोड करें क्यूपीआर

**अमृत विचार, लखनऊ :** उप्र भू-सम्पदा विनियामक प्राधिकरण (रेरा) ने त्रैमासिक प्रगति रिपोर्ट (क्यूपीआर) अपलोड करने के लिए पोर्टल की विंडो खोल दी है। सभी पंजीकृत रियल एस्टेट परियोजनाओं के प्रमोटरों को 31 मार्च 2026 को समाप्ति हुई क्यूपीआर 15 अप्रैल तक अपलोड करना होगा। अन्यथा की स्थिति में प्राधिकरण कार्रवाई करेगा। रेरा ने स्पष्ट किया है कि क्यूपीआर अपलोड करने से खरीदारों को परियोजना की वास्तविक प्रगति, निर्माण की स्थिति, विभिन्न अनुमोदनों की उपलब्धता तथा अन्य महत्वपूर्ण जानकारी सार्वजनिक की जाती हैं। इससे गृह-खरीदारों को सही और अद्यतन जानकारी मिलती है और वे सोच-समझकर निर्णय ले सकते हैं। भू-सम्पदा (विनियमन एवं विकास) अधिनियम, 2016 की धारा 11(1) के तहत प्रत्येक प्रमोटर को हर तिमाही समाप्त होने के बाद अपनी परियोजना से जुड़ी आवश्यक जानकारी प्राधिकरण की वेबसाइट पर अपडेट करना है। उल्लंघन करने पर रेरा अधिनियम की धारा 61 के अनुसार परियोजना लागत का पांच प्रतिशत तक का जुर्माना लगाया जा सकता है।

## राज्य कर्मियों को एआई दक्षता कार्यक्रमों का प्रशिक्षण जरूरी

**अमृत विचार, लखनऊ :** मिशन कर्मयोगी साधना सप्ताह के तहत सूचना एवं जनसंपर्क विभाग में कार्मिकों के प्रशिक्षण की प्रक्रिया तेज कर दी गई है। अपर निदेशक सूचना अरविन्द कुमार मिश्र ने बताया कि 2 से 8 अप्रैल तक आयोजित इस अभियान के तहत सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को कम से कम चार घंटे का प्रशिक्षण अनिवार्य रूप से प्राप्त करना है। इसमें एआई दक्ष कार्यक्रम के तीन कोर्स सहित आईगोट मार्केटप्लेस से एक पाठ्यक्रम शामिल होगा। अपर निदेशक सूचना सोमवार को जूम मीटिंग के माध्यम से जिला सूचना कार्यालयों के कर्मचारियों को आईगोट (आईजीओटी) पोर्टल पर उपलब्ध पाठ्यक्रमों की जानकारी दे रहे थे।

## गोरखपुर का कुसम्ही जंगल बनेगा इको-टूरिज्म हब

**अमृत विचार, लखनऊ/गोरखपुर :** प्रदेश में धार्मिक पर्यटन के साथ अब इको-टूरिज्म को भी तेजी से बढ़ावा दिया जा रहा है। इसी क्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के ड्रीम प्रोजेक्ट के तहत गोरखपुर के कुसम्ही जंगल को आधुनिक इको-टूरिज्म हब के रूप में विकसित किया जा रहा है। करीब 4.84 करोड़ रुपये की इस परियोजना के लिए पहली किस्त के रूप में 50 लाख रुपये जारी कर दिए गए हैं, जिससे निर्माण कार्य ने गति पकड़ ली है। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि प्रदेश सरकार गोरखपुर को पूर्वांचल के प्रमुख पर्यटन केंद्र के रूप में स्थापित करने की दिशा में कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि कुसम्ही जंगल में विकसित होने वाला इको पार्क न केवल पर्यटकों को आकर्षित करेगा, बल्कि स्थानीय स्तर पर रोजगार के नए अवसर भी सृजित करेगा। प्रस्तावित इको पार्क में पर्यटकों के लिए कई आधुनिक सुविधाएं विकसित की जाएंगी। इनमें स्विस कॉटेज, ट्री हाउस, योग केंद्र, इंटरप्रिटेशन सेंटर और आधुनिक कैफेटेरिया शामिल हैं। इसके अलावा बायो टॉयलेट, सोलर सबमर्सिबल, पार्किंग, सुरक्षा फेंसिंग और बैठने की व्यवस्था जैसी सुविधाएं भी विकसित की जाएंगी।

## परिवहन विभाग में छह एआरटीओ के तबादले

**अमृत विचार, लखनऊ :** राज्य सरकार ने परिवहन विभाग में छह सहायक संभागीय परिवहन अधिकारियों (एआरटीओ) को विभिन्न जिलों में नई जिम्मेदारियां सौंपी हैं। इस संबंध में सोमवार को विशेष सचिव खेमपाल सिंह द्वारा आदेश जारी किया गया है। परिवहन विभाग के अनुभाग-तीन से जारी आदेश के अनुसार, अजीत सिंह को जौनपुर में एआरटीओ (प्रशासन) बनाया गया है। वहीं अकांक्षा सिंह पटेल को गाजियाबाद में एआरटीओ प्रशासन तृतीय दल की जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा संजय कुमार सिंह को सिद्धार्थनगर, सुशील कुमार को बहराइच और वीरेन्द्र प्रताप यादव को चित्रकूट में एआरटीओ नियुक्त किया गया है। मुख्यालय में तैनात प्रेम सिंह को फिरोजाबाद में अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

### आर्ट ऑफ लिविंग परिवार की ओर से प्राचीन त्रिवटी नाथ मंदिर में ऐतिहासिक आध्यात्मिक कार्यक्रम का कराया गया आयोजन

# सोमनाथ ज्योतिर्लिंग अवशेष के दर्शन कर धन्य हो गए श्रद्धालु

- बेंगलुरु स्थित आर्ट ऑफ लिविंग आश्रम के स्वामी भव्य तेज सुबह 9:45 बजे अवशेष लेकर पहुंचे

कार्यालय संवाददाता, बरेली



बाबा श्री त्रिवटीनाथ मंदिर में श्री सोमनाथ मूल ज्योतिर्लिंग दर्शन अवशेष सहस्त्रों का अभिषेक करते स्वामी भव्य तेज। ● अमृत विचार



स्वामी भव्य तेज के स्वागत के दौरान लहरातीं धर्मध्वजाएं। ● अमृत विचार

**अमृत विचार:** प्राचीन त्रिवटी नाथ मंदिर के श्री सत्संग भवन में सोमवार को आध्यात्मिक कार्यक्रम में सोमनाथ ज्योतिर्लिंग अवशेषों के दर्शन कर शहरवासी आध्यात्मिक ऊर्जा और भक्ति भाव से सराबोर हो गए। ऐतिहासिक पलों के हजारों लोग साक्षी बने। श्रद्धालुओं ने ज्योतिर्लिंग अवशेषों के दर्शन कर प्रसाद ग्रहण किया।

आर्ट ऑफ लिविंग परिवार बरेली की ओर से त्रिवटी नाथ मंदिर में आयोजित कार्यक्रम में बेंगलुरु स्थित आर्ट ऑफ लिविंग आश्रम के स्वामी भव्य तेज सोमवार सुबह करीब 9.45 बजे सोमनाथ ज्योतिर्लिंग अवशेष लेकर पहुंचे। इस दौरान मंदिर परिसर हर-हर महादेव, सोमनाथ महादेव की जय-जय कार से गुंजायमान हो उठा। नाथ नगरी जलाभिषेक समिति, बाबा महाकाल समिति और बाबा गिरीराज सेवा समिति के पदाधिकारियों ने ढोल नगाड़ों से स्वामी भव्य तेज का स्वागत किया। इसके बाद आर्ट ऑफ लिविंग परिवार के पार्थो कुनार, श्वेता कुनार, सौरभ मेहरोत्रा आदि स्वामी भव्य तेज को लेकर शिवालय पहुंचे और त्रिवटीनाथ मंदिर के दर्शन कराए।

रामालय में सीताराम, राधा कृष्ण के दर्शन करने के बाद स्वामी भव्य तेज कार्यक्रम स्थल पहुंचे। उन्होंने मंत्रोच्चार के बीच सोमनाथ ज्योतिर्लिंग अवशेषों को पूजा थाल में रखा। इसके बाद मंत्रोच्चारण कर पूजा अर्चना संपन्न की। सोमनाथ ज्योतिर्लिंग अवशेष के दर्शन करने के यह ऐसे पल थे, जिसे देखने के लिए हर कोई लालायित नजर आया। कार्यक्रम में आर्ट ऑफ लिविंग परिवार के बृजवासी, गोपाल सरन, अशोक भसीन, रीना अग्रवाल, गोपाल भारण अग्रवाल के अलावा मनीष शर्मा, डॉ. प्रमेंद्र माहेश्वरी, संचित अग्रवाल, डॉ विनोद पागरानी, प्रसाद चंद सेठ, संदीप अग्रवाल, विकास मेहरोत्रा, ब्रजवासी लाल अग्रवाल, मनोज देवल आदि शहर के गणमान्य मौजूद रहे। जिला पंचायत अध्यक्ष रश्मि पटेल भी दर्शन करने पहुंचीं।

### कार्यक्रम आध्यात्मिक चेतना के पुनर्जागरण का प्रतीक

आर्ट ऑफ लिविंग के संस्थापक श्री श्री रवि शंकर के मार्गदर्शन में सोमनाथ ज्योतिर्लिंग अवशेषों को देशभर में दर्शन के लिए ले जाया जा रहा है। वीडीएस कोआर्डिनेटर श्वेता कुनार ने बताया कि यह ऐतिहासिक आयोजन 1000 वर्षों की तपस्या, भक्ति और राष्ट्रीय स्वाभिमान का प्रतीक है। यह केवल धार्मिक कार्यक्रम नहीं, बल्कि भारतीय सांस्कृतिक अस्मिता और आध्यात्मिक चेतना के पुनर्जागरण का प्रतीक है।

# 10,228 करोड़ रुपये बढ़ा प्रदेश का राजस्व संग्रह

### वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने जारी किया आंकड़ा, जीएसटी, स्टाम्प, परिवहन और खनन से प्रदेश की आय में आया बड़ा उछाल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मार्च में 26,193 करोड़ की वसूली, पूरे वर्ष में 2.23 लाख रुपये करोड़ पार



**अमृत विचार:** प्रदेश की अर्थव्यवस्था लगातार मजबूती की नई ऊंचाइयों को छू रही है, जिसका स्पष्ट असर प्रदेश के राजस्व आंकड़ों में दिखाई दे रहा है। वित्तीय अनुशासन, प्रभावी नीतियों और सुदृढ़ प्रशासनिक प्रबंधन के चलते न सिर्फ मार्च 2026 में राजस्व संग्रह में 1020 करोड़ रुपये से अधिक की वृद्धि दर्ज की गई, बल्कि पूरे वित्तीय वर्ष 2025-26 में 10,228 करोड़ का रिकॉर्ड इजाफा हुआ है।

वित्त मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने सोमवार को प्रदेश की वित्तीय स्थिति पर ताजा आंकड़े जारी करते हुए बताया कि कर एवं करेत्तर राजस्व में लगातार वृद्धि हो रही है, जो न केवल आर्थिक मजबूती का संकेत है बल्कि विकास कार्यों को गति देने के लिए भी सरकार को अतिरिक्त संसाधन उपलब्ध करा रही है। ताजा आंकड़े इस बात की पुष्टि करते हैं कि राज्य अब 35,000 करोड़ से अधिक के रेवेन्यू सरप्लस के साथ देश के अग्रणी वित्तीय रूप से सुदृढ़ राज्यों में शामिल हो चुका है।

वित्त मंत्री ने बताया कि मार्च 2025 के मुकाबले मार्च 2026 में प्रदेश के मुख्य कर एवं करेत्तर राजस्व में 1020.53 करोड़ की बढ़ोतरी दर्ज की गई है। आंकड़ों के अनुसार, वित्तीय वर्ष 2025-26 के मार्च माह में कु 26,193.56 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ, जबकि पिछले वर्ष मार्च 2025 में यह 25,173.03 करोड़ था। वहीं दूसरी तरफ, पूरे वित्तीय वर्ष 2025-26 की बात करें तो मार्च तक प्रदेश को कुल 2,23,060.18 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ, जो पिछले वर्ष की समान अवधि के 2,12,832.08 करोड़ के मुकाबले 10,228.10 करोड़ अधिक है।

वित्त मंत्री ने बताया कि प्रदेश "रेवेन्यू सरप्लस स्टेट" की स्थिति में है और राज्य के पास 35,000 करोड़ से अधिक का अधिशेष उपलब्ध है। उन्होंने यह भी जानकारी दी कि वित्तीय वर्ष 2025-26 में मूल बजट का लगभग 81% व्यय किया जा चुका है, जो बेहतर वित्तीय प्रबंधन का संकेत है। उन्होंने आगामी वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए सभी विभागों को निर्देशित किया कि वे अपनी कार्य योजना को शीघ्र अंतिम रूप दें, ताकि विकास कार्यों को गति मिल सके और प्रदेश की आर्थिक प्रगति को और तेज किया जा सके।

### मार्च में जीएसटी, स्टाम्प और परिवहन से बढ़ी आय

- माह मार्च 2026 के राजस्व मदों पर नजर डालें तो जीएसटी से 7,347.31 करोड़ की प्राप्ति हुई, जो पिछले वर्ष 6,785.34 करोड़ थी। वैट के तहत 4,438.82 करोड़ की आय हुई, जबकि पिछले वर्ष यह 4,472.70 करोड़ थी। आबकारी से 9,269.44 करोड़ प्राप्त हुए, जो पिछले वर्ष के 9,744.50 करोड़ से कुछ कम है। स्टाम्प एवं निबंधन के क्षेत्र में वृद्धि दर्ज करते हुए 2,728.74 करोड़ की आय हुई, जबकि पिछले वर्ष 2,617.56 करोड़ प्राप्त हुए थे। परिवहन क्षेत्र में उल्लेखनीय उछाल के साथ 1,624.84 करोड़ की आय हुई, जो पिछले वर्ष 951.98 करोड़ थी। वहीं भू-तत्व एवं खनिकर्म से 784.41 करोड़ की प्राप्ति हुई, जो पिछले वर्ष 600.95 करोड़ थी।

### पूरे वित्तीय वर्ष में सभी प्रमुख मदों में मजबूत प्रदर्शन

- वित्तीय वर्ष 2025-26 में विभिन्न मदों में प्राप्ति की बात करें तो जीएसटी से 82,547.40 करोड़ (पिछले वर्ष 82,535.14 करोड़), वैट से 33,006.35 करोड़ (पिछले वर्ष 32,096.54 करोड़), आबकारी से 57,722.29 करोड़ (पिछले वर्ष 52,574.52 करोड़), स्टाम्प एवं निबंधन से 32,598.49 करोड़ (पिछले वर्ष 30,205.97 करोड़), परिवहन से 12,764.61 करोड़ (पिछले वर्ष 11,043.15 करोड़) तथा भू-तत्व एवं खनिकर्म से 4,421.04 करोड़ (पिछले वर्ष 4,376.76 करोड़) की राजस्व प्राप्ति हुई, जो प्रदेश की मजबूत वित्तीय प्रगति को दर्शाती है।

## योगी आज देंगे ग्रेटर आगरा की सौगात

**लखनऊ, अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ मंगलवार को आगरा को 5142 करोड़ रुपये की महत्वाकांक्षी 'ग्रेटर आगरा' योजना की सौगात देंगे। इस दौरान वह रायपुर और रहन कलां में प्रस्तावित टाउनशिप का भूमिपूजन व शिलान्यास करेंगे और परियोजना के मॉडल का अवलोकन भी करेंगे।करीब 449.65 हेक्टेयर क्षेत्र में विकसित होने वाली इस टाउनशिप में विश्वस्तरीय सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

योजना के तहत आधुनिक आवासीय सेक्टर, चौड़ी सड़कें, हरित क्षेत्र, बेहतर जल-बिजली आपूर्ति और सार्वजनिक सुविधाओं का समावेश किया जाएगा, जिससे आगरा के शहरी विस्तार को नई दिशा मिलेगी। कार्यक्रम के तहत मुख्यमंत्री अन्य विकास परियोजनाओं का भी लोकार्पण व शिलान्यास करेंगे और जनसभा को संबोधित करेंगे।

# आंबेडकर की प्रतिमाओं पर लगेगा छत्र, बनेगी बाउंड्रीवॉल

### गोरखपुर में भाजपा के स्थापना दिवस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने किया एलान

राज्य ब्यूरो, लखनऊ



गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन में लोगों की शिकायतें सुनते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ।

**अमृत विचार:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भाजपा के स्थापना दिवस पर आंबेडकर जयंती से पहले बड़ा एलान करते हुए कहा है कि प्रदेश भर में जहां-जहां डॉ भीमराव आंबेडकर की प्रतिमाएं स्थापित हैं, वहां सरकार की ओर से छत्र (कैनोपी) लगाया जाएगा। साथ ही इन स्थलों का सौंदर्यीकरण करते हुए पार्क विकसित किए जाएंगे और बाउंड्री वॉल का निर्माण भी कराया जाएगा।

गोरखपुर में आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कहा कि बाबा साहेब का योगदान भारतीय समाज और संविधान के निर्माण में अतुलनीय है। ऐसे में उनके सम्मान में स्थापित प्रतिमाओं का संरक्षण और व्यवस्थित विकास सरकार की जिम्मेदारी है। उन्होंने स्पष्ट किया कि प्रदेश सरकार इस कार्य को मिशन मोड में पूरा करेगी। सीएम योगी ने बताया कि जहां भी डॉ. आंबेडकर की प्रतिमा होगी, वहां आसपास के क्षेत्र को विकसित कर एक व्यवस्थित पार्क का स्वरूप दिया जाएगा, जिससे यह स्थल सामाजिक और सांस्कृतिक गतिविधियों का केंद्र बन सके। बाउंड्री वॉल के निर्माण से इन स्थलों की सुरक्षा भी सुनिश्चित की जाएगी।

मुख्यमंत्री ने कहा कि यह पहल केवल सौंदर्यीकरण तक सीमित नहीं है, बल्कि सामाजिक सम्मान और समरसता का संदेश भी देती है। सरकार का उद्देश्य है कि समाज के महापुरुषों के योगदान को नई पीढ़ी तक प्रभावी ढंग से पहुंचाया जाए। उन्होंने बताया कि 14 अप्रैल तक प्रदेश में विशेष कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। इसके तहत प्रतिमाओं के आसपास स्वच्छता अभियान, पुष्पांजलि कार्यक्रम और जनजागरूकता गतिविधियां भी संचालित की जाएंगी। सीएम योगी ने कहा कि सरकार बाबा साहेब के विचारों को आगे बढ़ाने के लिए प्रतिबद्ध है और सामाजिक न्याय की स्थापना के लिए लगातार कार्य कर रही है। यह पहल उसी दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

### 'बच्चा बाबू' की स्मृति में आधुनिक लैब

**अमृत विचार, लखनऊ/गोरखपुर :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को गोरखपुर के दिग्विजयनाथ पीजी कॉलेज में पूर्व शिक्षक डॉ. तेज प्रताप शाही की स्मृति में स्थापित आधुनिक कंप्यूटर प्रयोगशाला का उद्घाटन किया। उन्होंने कहा कि यह लैब इमर्जिंग टेक्नोलॉजी, शोध-अनुसंधान और नवाचार के क्षेत्र में विद्यार्थियों के लिए नई संभावनाएं खोलेगी।मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ. शाही ने जीवन भर संस्थान और समाज के प्रति समर्पण भाव से कार्य किया। राजनीतिक मतभेदों के बावजूद उनकी गोरक्षपीठ के प्रति आस्था और निष्ठा उनके व्यक्तित्व को विशिष्ट बनाती है। मुख्यमंत्री ने इस पहल के लिए डॉ. शाही के परिजनों अनन्य प्रताप शाही और अतिरेक शाही की सराहना करते हुए कहा कि यह केवल एक लैब नहीं, बल्कि शिक्षा और समाज के प्रति समर्पण की जीवंत मिसाल है।

# बेटी की पढ़ाई नहीं रुकेगी फीस जमा कराने के निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को जनता दर्शन के दौरान एक जरूरतमंद छात्रा की समस्या पर तत्काल संज्ञान लेते हुए उसकी स्कूल फीस जमा कराने का निर्देश दिया। आर्थिक तंगी के कारण पढ़ाई रुकने की आशंका जताने पर मुख्यमंत्री ने साफ कहा कि किसी भी बेटी की शिक्षा पैसे के अभाव में नहीं रुकेगी। योगी आदित्यनाथ ने गोरखनाथ मंदिर में आयोजित जनता दर्शन के दौरान मुख्यमंत्री ने करीब 200 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। इसी दौरान एक बेटी ने मुख्यमंत्री को बताया कि वह पढ़ना चाहती है, लेकिन परिवार की कमजोर आर्थिक स्थिति की वजह से फीस जमा करने में बाधा आ रही है। इस पर त्वरित संवेदनशीलता दिखाते हुए सीएम योगी ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि अविलंब बिटिया की स्कूल फीस की व्यवस्था की जाए। मुख्यमंत्री ने कहा कि आर्थिक दिक्कत की वजह से किसी बेटी की पढ़ाई नहीं रुकनी चाहिए। हर बेटी को सुरक्षा के साथ-साथ उसका सर्वांगीण विकास राज्य सरकार की शीर्ष प्राथमिकताओं में शामिल है। जब एक बेटी शिक्षित होती है तो पूरे समाज पर सकारात्मक असर पड़ता है। उन्होंने सभी फरियादियों को आश्वस्त किया कि उनकी समस्याओं का समयबद्ध और संतोषजनक निस्तारण किया जाएगा। मुख्यमंत्री ने संबंधित अधिकारियों को प्रार्थना पत्र सौंपते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि हर मामले में संवेदनशीलता बरती जाए और किसी भी प्रकार की लापरवाही न हो।योगी ने गंभीर बीमारियों से जूझ रहे लोगों को भी राहत का भरोसा दिया। उन्होंने कहा कि उच्चीकृत अस्पताल से इलाज का एस्टीमेट मंगवाया जाए, सरकार पूरा खर्च उठाने में मदद करेगी। अधिकारियों को निर्देश दिया गया कि ऐसे मामलों में प्रक्रिया तेजी से पूरी कर शासन को प्रस्ताव भेजा जाए।

रूबरू

### फिक्की फ्लो के कार्यक्रम में लखनऊ आईं देश की पहली महिला आईपीएस किरण बेदी ने अमृत विचार से की विशेष बातचीत

# लक्ष्य प्राप्ति के लिए जुनूनी बनना जरूरी : किरण बेदी

शबाहत हुसैन विजेता, लखनऊ

**अमृत विचार:** देश की पहली महिला आईपीएस अधिकारी किरण बेदी की पहचान उनके कई रूपों से है। वो प्रसिद्ध टेनिस खिलाड़ी रही हैं। सामाजिक कार्यकर्ता के रूप में उन्होंने भ्रष्टाचार के खिलाफ लड़ाई लड़ी। आम आदमी पार्टी के साथ उन्होंने राजनीतिक सफ़र शुरू किया। भाजपा ने उन्हें दिल्ली में मुख्यमंत्री के चेहरे के रूप में पेश किया। वो पुडुचेरी की उप राज्यपाल रहीं। सोमवार को एक होटल में फिक्की फ्लो के कार्यक्रम में शामिल होने वह लखनऊ आईं तो 'अमृत विचार' से भी मुखातिब हुईं।

अपनी पढ़ाई के दौर से आज के दौर की तुलना करते हुए वो कहती हैं कि प्रगति ने बहुत लंबी दूरी तय कर ली है। अब अवसरों की कमी नहीं है, सुविधाएं बढ़ गई हैं। लड़कियों को चाहिए कि मां-बाप की परवरिश, शिक्षक से मिल रही शिक्षा और तकनीक का प्रयोग शिक्षा में करते हुए वह अगर अपने चरित्र निर्माण पर ध्यान दें तो वह अपने आप आगे बढ़ती चली जाएंगी। किरण बेदी से यह पूछने पर कि उन्हें अपना कौन सा रूप पसंद है, पुलिस अधिकारी वाला, भ्रष्टाचार के खिलाफ संघर्ष करने वाला, विधानसभा चुनाव लड़ने वाला या फिर उप राज्यपाल वाला? सवाल सुनकर वो मुस्कुराईं। बोलीं हर रूप पर ईश्वर का धन्यवाद। मैंने कोई रूप नहीं बदला। जब जिस रूप में चुनौती महसूस हुई उसे अपनाया। मेरा लक्ष्य सेवा भाव रहा और कुर्बानी के स्तर तक जाकर अपने लक्ष्य को हासिल किया। एक सवाल का जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि लक्ष्य प्राप्ति के लिए जुनूनी बनना जरूरी। वह जुनून ही था जिसके कारण मैं समाज की बेहतर सेवा कुछ हद तक कर पाई।



फिक्की फ्लो के कार्यक्रम में महिलाओं के साथ पूर्व आईपीएस किरण बेदी। अमृत विचार

### बुलडोजर का डर अच्छा है...

- किरण बेदी ने कहा कि भ्रष्टाचार को खत्म करने के लिए और कानून व्यवस्था को सुधारने के लिए दोनों मामलों में सामने वाले पर डर हावी होना चाहिए। डर हावी करने वाले को ईमानदार होना चाहिए, फिर सब कुछ ठीक हो जाएगा। उनसे पूछा कि कैसा डर... बुलडोजर जैसा? वो बोलीं कि हां बुलडोजर जैसा। उत्तर प्रदेश में बुलडोजर के डर ने न जाने कितने अपराधियों पर लगाम लगा दी। इसे न चलाया जाता तो हम न जाने क्या-क्या खो चुके होते।

### धुरंधर ने दिखाया कैसे काम करते गैंगस्टर

- किरण बेदी ने संवाददाता से ही पूछ लिया कि क्या धुरंधर मूवी देखी? उसे देखिए, पता चलेगा कि गैंगस्टर कैसे काम करते हैं। जब उनसे पूछा कि आप फ़िल्में देखती हैं? तो वो बोलीं कि धुरंधर जैसी फ़िल्में आती हैं तो जरूर देखती हूं।

### बगैर मां-बाप के लड़कियों के घूमने का समय अब आ गया

- किरन बेदी से पूछा कि आपको डर लगता है? उन्होंने कहा कि अपराधियों से नहीं भगवान से डर लगता है। मैंने माहौल बदलते हुए देखा है। बगैर मां-बाप के लड़कियों के घूमने का समय आ गया है। काफी चीजें ठीक हुई हैं। अपराधियों को सजाएं मिलने लगी हैं। सजा समय से मिलने लग जाए तो सब कुछ ठीक हो जाए, फिर किसी को भी डर नहीं लगेगा। किरण बेदी की उल्लेखनीय सेवाओं के लिए उन्हें राष्ट्रपति पुलिस पदक, रेमन मैग्सेसे पुरस्कार और नेहरू फेलोशिप हासिल हुई। दिल्ली में सहायक पुलिस अधीक्षक से अपनी सेवाएं शुरू करने वाली किरण बेदी ने दिल्ली की यातायात व्यवस्था को दुरुस्त किया। तिहाड़ जेल में महानिदेशक रहते हुए जेल की दशा सुधारी। वो संयुक्त राष्ट्र पुलिस की प्रमुख रहीं। किरण बेदी चुनौतियों से लड़ने की शौक़ीन रही हैं। नौकरी के दौरान उन्होंने कार्रवाई करते समय यह नहीं देखा कि सामने वाला धीरेन्द्र ब्रह्मचारी है या फिर अपना ही कोई अफसर। कानून का डंडा उन्होंने समान रूप से चलाया। इसका नुकसान भी उठाया, लेकिन कदम कभी डगमगाए नहीं।

## फार्मर रजिस्ट्री के लिए 15 तक विशेष अभियान


**अमृत विचार, लखनऊ:** प्रदेश में किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ पारदर्शी और सुगम तरीके से उपलब्ध कराने के लिए योगी आदित्यनाथ सरकार ने फार्मर रजिस्ट्री तैयार कराने हेतु विशेष अभियान शुरू करने का निर्णय लिया है। यह अभियान 15 अप्रैल तक पूरे प्रदेश में संचालित होगा, जिसके तहत प्रत्येक ग्राम सचिवालय में कैंप लगाकर किसानों का पंजीकरण कराया जाएगा।

सरकार ने निर्देश दिए हैं कि शिविरों के माध्यम से न केवल नए किसानों का पंजीकरण किया जाए, बल्कि नाम या अन्य विवरणों में त्रुटियों का भी मौके पर ही निस्तारण किया जाए। इस कार्य में ग्राम प्रधान, पंचायत सचिव और लेखपालों की सक्रिय भागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। लेखपालों को अपने क्षेत्र की प्रत्येक ग्राम पंचायत के कम से कम एक शिविर में अनिवार्य रूप से उपस्थित रहने के निर्देश दिए गए हैं।

# अमृत विचार

मंगलवार, 7 अप्रैल 2026



शारीरिक प्रशिक्षण के मामले में किसी को भी नौसिखिया होने का अधिकार नहीं है। किसी व्यक्ति के लिए यह शर्म की बात है कि वह अपने शरीर की सुंदरता और शक्ति को देखे बिना बूढ़ा हो जाए।
– सुकरात, दार्शनिक

## विकास के दावों की परीक्षा

पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष ने भारतीय अर्थव्यवस्था के सामने एक गंभीर प्रश्न खड़ा कर दिया है कि क्या भारत के उच्च विकास दर के दावे वास्तविकता की कसौटी पर टिक पाएंगे? हाल के अंतर्राष्ट्रीय आकलनों ने संकेत दिया है कि बाहरी झटकों के प्रति भारत की संवेदनशीलता अभी भी काफी अधिक है। मूडीज द्वारा वित्त वर्ष 2027 के लिए विकास दर को घटाकर लगभग 6 से अधिकतम 6.4 प्रतिशत करने का अनुमान, ओईसीडी के 6.1 प्रतिशत के आकलन और आईसीआरए के 6.5 प्रतिशत के अनुमान, ये तीनों इस बात की पुष्टि करते हैं कि भारत की वृद्धि दर पर इस जंग का दबाव बढ़ रहा है। भले ही यह दर वैश्विक मानकों में अभी भी मजबूत मानी जाए, लेकिन 1 से 1.5 प्रतिशत अंक की संभावित गिरावट को नजरअंदाज कतई नहीं किया जा सकता। इस दबाव का सबसे बड़ा कारण भारत की ऊर्जा निर्भरता है।

कच्चे तेल और एलपीजी का बड़ा हिस्सा पश्चिम एशिया से आता है। यदि होर्मुज जलडमरूमध्य में बाधा उत्पन्न होती है, तो ऊर्जा आपूर्ति और कीमतें दोनों प्रभावित होंगी। इसका सीधा असर परिवहन लागत, औद्योगिक उत्पादन और अंततः उपभोक्ता महंगाई पर पड़ेगा। बेशक उपभोक्ताओं लिए यह संकट का समय होगा तथा परोक्ष रूप से विकास बाधित होगा। मूडीज का 4.8 प्रतिशत मुद्रास्फीति का अनुमान एक संतुलित परिदृश्य पर आधारित है, लेकिन वास्तविकता इससे अधिक जटिल हो सकती है। एलपीजी और उर्वरकों की आपूर्ति में बाधा खाद्य मुद्रास्फीति को बढ़ा सकती है, जबकि ईवाई घरेलू एजेंसी का आकलन इसे 6 प्रतिशत के करीब पहुंचने की आशंका जताते हैं। ऐसे में निश्चय ही मौद्रिक नीति पर भी दबाव बढ़ेगा और ब्याज दरों में कटौती की संभावनाएं बहुत सीमित हो जाएंगी। ऐसी स्थिति में राजकोषीय स्थिति भी चुनौतीपूर्ण हो सकती है। ऊर्जा कीमतों में वृद्धि से सब्सिडी का बोझ बढ़ेगा, वहीं पेट्रोल-डीजल पर उत्पाद शुल्क में कटौती और कॉर्पोरेट लाभ में कमी से कर संग्रह प्रभावित हो सकता है। इसका परिणाम यह होगा कि राजकोषीय घाटा नियंत्रित रखना बहुत कठिन हो जाएगा। चालू खाता घाटे के मोर्चे पर भी स्थिति फिलहाल संतोषजनक नहीं कही जा सकती। वर्तमान में यह लगभग 0.4 प्रतिशत से बढ़कर 1-1.5 प्रतिशत तक पहुंचने का अनुमान है। यह बहुत अधिक है। यदि संघर्ष लंबा खिंचता है और आयात बिल बढ़ता है, तो यह और इससे भी ज्यादा बढ़ सकता है। साथ ही, पश्चिम एशिया भारत के कृषि निर्यात का एक प्रमुख बाजार है, वहां व्यापारिक बाधाएं बढ़ने से निर्यात पर भी दबाव आएगा। इन चुनौतियों के बावजूद भारत के पास कुछ मजबूत आधार भी हैं, जैसे बुनियादी ढांचे पर सरकार का निरंतर निवेश, सेवा क्षेत्र की मजबूती और घरेलू मांग। ये कारक विकास को सहारा दे सकते हैं, परंतु बाहरी झटकों के प्रभाव को पूरी तरह संतुलित नहीं कर सकते।

कुल मिलाकर भारत की अर्थव्यवस्था अभी भी मजबूत है, लेकिन इसमें कोई शक नहीं कि यह मजबूती अब वैश्विक अनिश्चितताओं की परीक्षा से गुजर रही है। यह समय आत्मसंतोष का नहीं, बल्कि सतर्क और यथार्थवादी नीति-निर्माण का है। ऊर्जा स्रोतों का विविधीकरण, निर्यात बाजारों का विस्तार और राजकोषीय अनुशासन ये तीनों कदम भारत को इस संकट से सुरक्षित निकालने में निर्णायक सिद्ध होंगे।

### प्रसंगवश

## स्वास्थ्य: अधिकार या महंगी सुविधा

स्वास्थ्य किसी भी समाज की सबसे बड़ी पूंजी होता है। यह केवल बीमारी के अभाव का नाम नहीं, बल्कि शारीरिक, मानसिक और सामाजिक संतुलन की स्थिति है। हर वर्ष विश्व स्वास्थ्य दिवस हमें यह याद दिलाता है कि स्वस्थ जीवन केवल व्यक्तिगत जिम्मेदारी नहीं, बल्कि सामूहिक प्रयास का परिणाम होता है, लेकिन यदि हम अपने आसपास की स्थिति को देखें, तो यह सवाल उठना स्वाभाविक है कि क्या स्वास्थ्य आज भी एक अधिकार है या धीरे-धीरे एक महंगी सुविधा बनता जा रहा है?



संध्या अग्रवाल
साहित्यकार

भारत जैसे विशाल और विविधता वाले देश में स्वास्थ्य सेवाओं की तस्वीर एक जैसी नहीं है। शहरों में आधुनिक अस्पताल, नई तकनीक और विशेषज्ञ डॉक्टर उपलब्ध हैं, लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में आज भी प्राथमिक स्वास्थ्य सुविधाओं की कमी महसूस होती है। कई स्थानों पर लोगों को इलाज के लिए लंबी दूरी तय करनी पड़ती है, जिससे समय पर उपचार मिल पाना कठिन हो जाता है। सरकारी स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। आयुष्मान भारत योजना जैसी पहल इस दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, जिसके अंतर्गत पात्र परिवारों को गंभीर बीमारियों के इलाज के लिए आर्थिक सहायता उपलब्ध कराई जाती है। यह योजना स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सुलभ बनाने का प्रयास करती है, हालांकि इसका लाभ अंतिम व्यक्ति तक प्रभावी रूप से पहुंचना भी उतना ही आवश्यक है। इसके साथ ही नए अस्पतालों का निर्माण, स्वास्थ्य योजनाओं का विस्तार और जागरूकता अभियानों के माध्यम से भी व्यवस्था को मजबूत करने की दिशा में कार्य हो रहा है, लेकिन बढ़ती जनसंख्या और संसाधनों के दबाव के बीच इन सेवाओं तक समान पहुंच सुनिश्चित करना अभी भी एक चुनौती बना हुआ है।

दूसरी ओर, निजी स्वास्थ्य सेवाओं का विस्तार तेजी से हुआ है। आधुनिक सुविधाएं और त्वरित उपचार निश्चित रूप से सकारात्मक हैं, लेकिन इसके साथ बढ़ती लागत एक बड़ी चिंता बनकर सामने आती है। मध्यम और निम्न आय वर्ग के लिए महंगा इलाज कई बार आर्थिक दबाव का कारण बन जाता है। स्वास्थ्य का एक महत्वपूर्ण पहलू मानसिक स्वास्थ्य भी है, जिस पर अभी भी अपेक्षित ध्यान नहीं दिया जाता। तेजी से बदलती जीवनशैली, प्रतिस्पर्धा और सामाजिक दबाव के कारण मानसिक तनाव बढ़ रहा है, लेकिन इसके प्रति जागरूकता और स्वीकार्यता अभी सीमित है। इसके साथ ही एक और चुनौती है, सूचना और भ्रम के बीच संतुलन। आज के डिजिटल युग में स्वास्थ्य से जुड़ी अनेक जानकारियां उपलब्ध हैं, लेकिन हर जानकारी सही हो, यह जरूरी नहीं। कई बार लोग अपुष्ट जानकारी या अफवाहों के आधार पर निर्णय ले लेते हैं, जिससे स्थिति और जटिल हो जाती है।

स्वास्थ्य केवल अस्पतालों और दवाइयों तक सीमित नहीं है। स्वच्छता, पोषण, सुरक्षित पेयजल और जागरूकता ये सभी मिलकर एक स्वस्थ समाज का निर्माण करते हैं। यदि इन बुनियादी पहलुओं पर ध्यान दिया जाए, तो कई बीमारियों को प्रारंभिक स्तर पर ही रोका जा सकता है। आज आवश्यकता इस बात की है कि स्वास्थ्य को केवल उपचार के रूप में नहीं, बल्कि एक समग्र दृष्टिकोण से देखा जाए। नीतिगत प्रयास, सेवाओं की पहुंच और सामाजिक जागरूकता इन तीनों का संतुलन ही एक मजबूत स्वास्थ्य व्यवस्था की नींव रखता है। अंततः यह समझना जरूरी है कि स्वास्थ्य केवल व्यक्तिगत विषय नहीं, बल्कि सामाजिक जिम्मेदारी भी है, क्योंकि जब स्वास्थ्य अधिकार और सुविधा के बीच झूलने लगे, तो यह केवल व्यक्ति की नहीं, पूरे समाज की चिंता बन जाती है। (ये लेखिका के निजी विचार हैं।)

# तेल के खेल में फेल होती वैश्विक अर्थव्यवस्था





अनिल त्रिगुणायत
लखनऊ

अमेरिका-इजराइल द्वारा ईरान के खिलाफ शुरू युद्ध अब भयावह हो चला है। दुनिया की सबसे प्राचीन सभ्यता वाला देश ईरान इस युद्ध को अपने अस्तित्व से जोड़ते हुए "जैसे को तैसा" वाले तर्ज पर विरोधियों को मुंहतोड़ जवाब दे रहा है। 28 फरवरी से जारी युद्ध को अमेरिका जहां दो-चार दिनों में समाप्त कर देने का दावा कर रहा था, वह महासंग्राम अब छठे सप्ताह में पहुंच गया है। अब अमेरिका उसे नेस्तनाबूद करने और पाषाण युग में पहुंचा देने की धमकी दे रहा है। वहीं, इस युद्ध को ईरान ने शहीद हुए सर्वोच्च नेता अली खामनेई के विचारों से जोड़ लिया है। ईरानियों का भी स्पष्ट मानना है कि "व्यक्ति मर सकता है, उसके विचार कभी नहीं।" ऐसे में शहीद खामनेई के विचार को जिस देश की अति शिक्षित जनता ने आत्मसात कर लिया हो, उससे पार पा लेना अमेरिका-इजराइल के लिए आसान तो नहीं दिख रहा।

दुनिया के 17 वें सर्वाधिक आबादी वाले देश ईरान की करीब नौ करोड़ आबादी ने युद्ध को अपने अस्तित्व से जोड़ लिया है। ऐसे में खाड़ी के छोटे-बड़े देशों में अपना सैन्य अड्डा बनाकर सीमित सैनिकों से युद्ध जीत पाना अमेरिका के लिए सरल नहीं जान पड़ता। प्रश्न यह कि इजराइल के उकसाने पर अमेरिका ने ईरान पर हमला क्यों किया? कई नामचीन लोगों को अपनी गिरफ्त में लेने वाली एपस्टिन फाइल में अपना नाम बार-बार आने के बाद अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने युद्ध थोपकर "मुल्तानी दांव" क्यों मारा? बार-बार "अमेरिका प्रथम" की बात कर ट्रंप अमेरिकियों की सहानुभूति क्यों लेना चाहते हैं? दुनिया के संपूर्ण तेल भंडारों को अपनी मुट्ठी में क्यों करना चाहते हैं?

इसका जवाब फिलहाल भविष्य की गर्भ में ही। युद्ध का उनका मंतव्य चाहें जो हो, लेकिन यह सच है कि ट्रंप की "तुगलकी सोच" ने आज दुनिया के अधिकांश देशों की अर्थव्यवस्था की कमर तोड़ने में कोई कसर नहीं छोड़ रखी है। युद्ध ने कई देशों में कच्चे तेल, एलपीजी व एलएनजी की आपूर्ति असामान्य तो कर ही दी है। आधुनिकता की आड़ में ऊर्जा को ही जीवन का अहम अंग मान लेने वालों के लिए यह युद्ध किसी त्रासदी से कम नहीं। कच्चे तेल के सर्वाधिक भंडार वाले देश वेनेजुएला के बाद क्रमशः सऊदी अरब, ईरान, इराक, संयुक्त अरब अमीरात, रूस, कनाडा तथा अमेरिका का स्थान आता है।

विश्व के कुल कच्चे तेल का करीब 15 प्रतिशत भाग अकेले सऊदी अरब निर्यात करता है। ऊर्जा शक्ति संपन्न ईरान के पास भी कच्चे तेल के विशाल भंडार हैं, जो फारस की खाड़ी क्षेत्र में जमीन व समुद्र के अंदर मौजूद है। यदि उस पर से अंतर्राष्ट्रीय प्रतिबंध पूरी तरह हटा दिए जाएं तो वैश्विक तेल व्यापार में वह एक बड़ा बदलाव लाने की शक्ति रखता है। अमेरिका ने वेनेजुएला पर प्रत्यक्ष कब्जा कर उसका तेल भंडार हथिया लिया है। सऊदी अरब की तेल संबंधी व्यापारिक गतिविधियों को अप्रत्यक्ष रूप से नियंत्रित किए हुए है।

यही हाल संयुक्त अरब अमीरात तथा कुवैत का भी है। तेल निर्यात करते हुए अमेरिका की रजामंदी खाड़ी के उक्त देशों के लिए अपरिहार्य है। ईरान उसके "अश्वमेध यज्ञ के घोड़े" को पकड़ने का माद्दा रखता है। इसीलिए वह अमेरिका की आंख का किरकिरी बना है। "कहीं पे निगाहें... कहीं पे निशाना" की तर्ज पर अमेरिका की गिद्ध दृष्टि अब ईरान के विशाल तेल भंडार पर है न कि निर्माणाधीन न्यूक्लियर प्लांट पर। यह बताना भी समीचीन है कि विश्व में प्राकृतिक गैस का करीब 24 प्रतिशत भंडार केवल रूस में है। इसके बाद ईरान व कतर का स्थान आता है। तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) के शीर्ष निर्यातक देशों में रूस, कतर व अमेरिका का स्थान है।

भारत की बात करें तो मार्च 2026 की एक रिपोर्ट के अनुसार इसके पास करीब 53 लाख टन कच्चे तेल का भंडार है। यह भंडार देश की 30-35 दिनों की तेल जरूरतों को ही पूरा कर पाएगा। भारत अपनी आवश्यकता का करीब 85 प्रतिशत कच्चा तेल 40 से अधिक देशों से आयात करता है, जिसमें रूस, इराक, सऊदी अरब, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), अमेरिका व नाइजीरिया प्रमुख रूप से शामिल हैं। इसी प्रकार करीब 60 प्रतिशत द्रवीकृत पेट्रोलियम गैस (एलपीजी) का आयात कतर, यूएई, सऊदी अरब व कुवैत से करता है। द्रवीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) का एक बड़ा भाग कतर से आयात करता है। यूएई, ओमान, नाइजीरिया अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया व अंगोला भी हमारे बड़े आपूर्तिकर्ता देश हैं।

विश्व के समुद्री तेल व्यापार का करीब 30 प्रतिशत हिस्सा ईरान के कब्जे वाले होर्मुज जलडमरूमध्य से होता है। भारत में करीब 80 प्रतिशत कच्चा तेल व ईंधन गैस इसी रास्ते से आता है। ईरान ने इस अतिमहत्वपूर्ण जल गलियारे को लगभग बंद ही कर दिया है। इससे उबरने को भारत रूस के अलावा करीब 40 देशों से महंगे दर पर कच्चा तेल, एलपीजी व एलएनजी खरीद रहा है। चीन, जापान, दक्षिण कोरिया, इंडोनेशिया, मलेशिया, सिंगापुर व आस्ट्रेलिया तो होर्मुज संकट से दो-चार हो ही रहे, अफ्रीका, यूरोप व दक्षिण अमेरिकी महाद्वीपों के देशों के अलावा यूएसए और कनाडा की अर्थव्यवस्था पर भी बुरा असर दिखने लगा है। खाड़ी देशों में जारी युद्ध कच्चे तेल व ईंधन निर्यात करने वाले देशों की अर्थव्यवस्था को भी झुलसाने पर आमादा दिख रही है। इस युद्ध में जहां अमेरिका की "साख" दांव पर लगी दिख रही, वहीं ईरान अपने "अस्तित्व" के लिए लड़ता दिख रहा है। कौन पीछे हटेगा व किसकी जीत होगी? यह तो आने वाला वक्त ही बताएगा।

भारत की बात करें तो मार्च 2026 की एक रिपोर्ट के अनुसार इसके पास करीब 53 लाख टन कच्चे तेल का भंडार है। यह भंडार देश की 30-35 दिनों की तेल जरूरतों को ही पूरा कर पाएगा।

### आमने सामने



पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ने कहा कि वे कोलकाता को निशाना बनाएंगे। नरेंद्र मोदी ने यह क्यों नहीं कहा कि हम कड़ी कार्रवाई करेंगे? इसका क्या कारण है? क्या ब्लूप्रिंट तैयार है? चुनाव से पहले एक और पहलगाम?
–ममता बनर्जी
मुख्यमंत्री पंश्चिम बंगाल

ममता पहलगाम आतंकी हमले को एक स्क्रिप्ट, एक ब्लूप्रिंट बता रही हैं। टीएमसी ने अपने वोट बैंक को खुश करने के लिए पहलगाम हमले को स्क्रिप्ट तक कह डाला, जिसमें पाकिस्तानी आतंकवादियों ने बेकसूर हिंदुओं की हत्या की थी। हिंदू विरोधी टीएमसी।
–प्रदीप भंडारी
प्रवक्ता, भाजपा



# युद्ध का खामियाजा भुगतता एनर्जी सेक्टर



अमित बैजनाथ गर्ग
वरिष्ठ पत्रकार

अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच युद्ध के बहाने एक बार फिर दुनियाभर के एनर्जी सेक्टर को निशाना बनाया जा रहा है। हाल ही में ईरान और इजरायल ने पहली बार जीवाश्म ईंधन ऊर्जा उत्पादन से जुड़े संयंत्रों पर हमले किए, जिससे वैश्विक स्तर पर ऊर्जा संकट की आशंका बढ़ गई है। असल में ऊर्जा को अब युद्ध का हथियार बनाया जा रहा है। इजराइल ने कतर के साथ साझा किए जाने वाले दक्षिण पार्स गैस क्षेत्र पर हमला किया। इसके बाद ईरान ने सऊदी अरब में तेल कंपनी अरामको की समरेफ रिफाइनरी के साथ-साथ कतर और यूएई में गैस सुविधाओं पर ड्रोन और मिसाइलों से हमलाकर जवाबी कार्रवाई की, जो युद्ध में खतरनाक मोड़ साबित हुई है।

दुनिया का सबसे बड़ा साउथ पार्स गैस क्षेत्र भारत सहित वैश्विक एलएनजी आपूर्ति की रीढ़ है। इजरायली हमले के बाद तेल और गैस की कीमतों में आई वृद्धि दुनिया के तमाम देशों के साथ आम आदमी की कमर तोड़ने वाली साबित हो रही है। वहीं इतिहास पर नजर डालने से पता चलता है कि साल 2003 में अमेरिका द्वारा इराक पर आक्रमण के बाद क्षतिग्रस्त ऊर्जा सुविधाओं की मरम्मत में महीनों लग गए थे। करीब दो साल बाद ही उत्पादन युद्ध के पूर्व स्तर पर वापस आ पाया था। इस दौरान दुनिया को भारी ऊर्जा संकट का सामना करना पड़ा था। विशेषज्ञों का कहना है कि क्षतिग्रस्त ऊर्जा उत्पादन बुनियादी ढांचे की मरम्मत में वर्षों लग जाते हैं। खासकर एलएनजी संयंत्र को नुकसान पहुंचना सबसे बुरा होता है। इसकी मरम्मत में कई साल लग सकते हैं। गैस संयंत्रों पर जवाबी हमलों के वैश्विक प्रभाव हैं।

यह सर्वविदित है कि ऊर्जा व्यवधान ईंधन की कीमतों और आपूर्ति श्रृंखलाओं को प्रभावित करते हैं, जिसका असर अर्थव्यवस्थाओं पर पड़ता है। खाड़ी क्षेत्र यूरोप, एशिया और भारत के लिए एक प्रमुख ऊर्जा गलियारा बना हुआ है। वहीं युद्ध के बीच ईरान ने कहा है कि अगर उसके ऊर्जा ठिकानों पर दोबारा हमला हुआ, तो वह खाड़ी देशों के तेल और गैस सेक्टर को पूरी तरह तबाह कर देगा।

ईरान की सैन्य यूनिट आईआरजीसी ने कहा कि अमेरिका और इजरायल ने ईरान के ऊर्जा ढांचे पर हमला कर बड़ी गलती की है। अगर ऐसा दोबारा हुआ, तो जवाब और भी ज्यादा खतरनाक होगा। इससे पहले ईरान के सबसे बड़े गैस क्षेत्र साउथ पार्स गल्फ फील्ड पर हमला हुआ था। यह दुनिया का सबसे बड़ा गैस फील्ड है, जो बुशहर के पास समुद्र में स्थित है। इसके तुरंत बाद ईरान ने कतर, सऊदी अरब और संयुक्त अरब अमीरात को चेतावनी दी कि उनके तेल और गैस ठिकानों को निशाना बनाया जा सकता है। एनर्जी सेक्टर पर लगातार हमले यह दिखाते हैं कि अब यह जंग सिर्फ सैन्य ठिकानों तक सीमित नहीं रही है, बल्कि दुनिया की एनर्जी सप्लाई भी सीधे खतरे में आ गई है। अगर हालात ऐसे ही बिगड़ते रहे, तो तेल और गैस की कीमतों में तेज बढ़ोतरी हो सकती है और इसका असर पूरी दुनिया पर पड़ेगा। इधर, ईरान में जारी जंग की वजह से स्ट्रेट ऑफ होर्मुज में स्थिति बेहद खराब बनी हुई है। सैकड़ों की संख्या में जहाज फंसे हुए हैं, जिस वजह से ग्लोबल लेवल पर ऊर्जा संकट बना हुआ है। गौरतलब है कि स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से दुनिया के 20 फीसदी तेल का एक्सपोर्ट किया जाता है। इसको लेकर अमेरिका ने हाल ही में स्ट्रेट ऑफ होर्मुज पर हमला किया था, जिसके बाद स्थिति और भी ज्यादा खतरनाक बन गई है।

असल में अमेरिका-इजरायल और ईरान के बीच शुरू हुआ यह टकराव अब तेल युद्ध में तब्दील हो चुका है, जो लगातार खतरनाक मोड़ लेता जा रहा है। आगे हालात और भी भयावह होने की उम्मीद जताई जा रही है। वहीं ईरान द्वारा होर्मुज जलडमरूमध्य से जहाजों की आवाजाही पर रोक लगाने के कारण दुनिया पहले से ही कच्चे तेल की आपूर्ति में व्यवधान से जूझ रही है। ऐसे में उत्पादन सुविधाओं को होने वाली किसी भी क्षति का प्रभाव वर्षों तक बना रह सकता है।

एक अनुमान के अनुसार, साउथ पार्स गैस क्षेत्र में 1800 ट्रिलियन क्यूबिक फीट गैस का भंडार है, जो दुनिया की कई वर्षों की जरूरतों को पूरा करने के लिए पर्याप्त है। तेहरान के लिए साउथ पार्स उसकी ऊर्जा आपूर्ति का केंद्र है। ईरान की लगभग 80 फीसदी बिजली इसी गैस क्षेत्र से उत्पन्न होती है। यह गैस क्षेत्र केवल ईरान का नहीं है। ईरान इसे कतर के साथ साझा करता है, जो अमेरिका का सहयोगी और दुनिया का सबसे बड़ा एलएनजी उत्पादक है। कतर के हिस्से को नॉर्थ फील्ड के नाम से जाना जाता है, जहां से बड़ी मात्रा में एलएनजी वैश्विक बाजारों में निर्यात की जाती है।

अंतर्राष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी ने पिछले साल बताया था कि दुनिया में करीब 730 मिलियन लोग ऐसे हैं, जो बिजली के बिना रहते हैं। उन्हें बिजली से जोड़ने की दिशा में प्रगति 2020 से रुकी हुई है। वहीं भारत सहित दुनिया के तमाम देशों में ऊर्जा संकट का प्रमुख कारण यह है कि बिजली की मांग उसकी आपूर्ति से कहीं अधिक है, जो कि लगातार बढ़ रही है। अब सबसे बड़ी चुनौती जीवाश्म ईंधनों का विकल्प तलाशते हुए स्वच्छ ऊर्जा से इस बढ़ती मांग को पूरा करना है। स्वच्छ, प्रचुर, सस्ती और भरोसेमंद ऊर्जा का भविष्य संभव है, बशर्ते कि दुनिया वित्त, नीति और बुनियादी ढांचे में मौजूद कमियों को दूर कर सके। साल 2030 तक सभी के लिए सस्ती और स्वच्छ ऊर्जा के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय सहयोग और नीतियों को और अधिक मजबूत करने की आवश्यकता है। हमें इसके लिए मिलकर प्रयास करने होंगे। वहीं युद्ध और संघर्षों से एनर्जी सेक्टर को हर हाल में बचाना होगा। अगर ऐसा नहीं हुआ, तो दुनिया अंधेरे में डूब जाएगी। (ये लेखक के निजी विचार हैं।)

साल 2030 तक सभी के लिए सस्ती और स्वच्छ ऊर्जा के लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अंतर्राष्ट्रीय सहयोग और मजबूत नीतियों की आवश्यकता है। इसके लिए सामूहिक प्रयासों की दरकार है।

### सोशल फोरम

## पिंग शुन जहाज

3 अप्रैल 2026 को ईरान से भारत आ रहा एक तेल का टैंकर बीच रास्ते से ही चीन की ओर मुड़ गया है। इस जहाज का नाम 'पिंग शुन' है। ब्रिटेन की अगुवाई में होर्मुज खाली कराने के लिए जो साठ देशों की बैठक हुई है, उसमें भारतीय विदेश मंत्रालय के प्रतिनिधि विक्रम मिस्री ने बयान दे दिया कि होर्मुज में सबसे अधिक भारत को भुगतना पड़ा है,



आरएन शाही
लेखक

हमारे कई नाविक विभिन्न देशों के जहाजों पर ईरानी हमलों में मारे गए हैं, लेकिन भारत आ रहे तेल टैंकर पिंग शुन के भारत के रास्ते से एकाएक चीन की तरफ मुड़ने वाली घटना की जब विस्तृत छानबीन की गई, तो कुछ और तथ्य सामने आए हैं।

पिंग शुन एक 'अफ्रेमैक्स' श्रेणी का टैंकर है। पहले यह गुजरात के वाड़िनार पोर्ट की ओर आ रहा था और 4 अप्रैल तक इस पोर्ट पर पहुंचने वाला था, लेकिन 3 अप्रैल को इसने अपना रास्ता बदलकर चीन के डोंगयिंग पोर्ट की ओर कर लिया। अगर यह भारत आता, तो पिछले 7 सालों में ईरान से भारत आने वाली यह पहली तेल की खेप होती। शिप-ट्रैकिंग फर्म केप्लर और अन्य विशेषज्ञों के अनुसार, इसके पीछे कई तकनीकी और व्यापारिक कारण माने जा रहे हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, तेल बेचने वाली कंपनियों ने भुगतान की शर्तों को सख्त कर दिया है। पहले जहां 30 से 60 दिनों का समय भुगतान क्रेडिट के लिए मिलता था, अब वे तुरंत या बहुत कम समय में भुगतान की मांग कर रही हैं। ईरान पर अमेरिकी प्रतिबंधों के कारण अंतर्राष्ट्रीय बैंकिंग सिस्टम के जरिए भुगतान करना अभी भी बहुत जटिल है। भारत किसी अमेरिकी भय के कारण नहीं, बल्कि इन ट्रांजैक्शनल पचड़ों के कारण ईरान से तेल खरीदने से बचता रहा है। भय होता तो रूस से भी इतनी बड़ी मात्रा में क्रूड ऑयल भारत ने नहीं खरीदा होता, क्योंकि रूस पर तो और बड़े और कड़े प्रतिबंध थे।

'पिंग शुन' पर अमेरिका ने पहले से ही प्रतिबंध लगा रखे हैं। ऐसे जहाजों के लिए इंश्योरेंस और सुरक्षित पेमेंट का इंतजाम करना भारतीय कंपनियों के लिए चुनौतीपूर्ण होता है, जबकि चीन के खरीदार ऐसे सौदों में अधिक सहज रहते हैं। रिकॉर्ड के अनुसार, इस जहाज का प्रबंधन चीन की एक कंपनी के पास है, जो इसके वापस मुड़ने का एक स्वाभाविक कारण भी हो सकता है। भारत सरकार ने भी स्पष्ट किया है कि तेल खरीदना पूरी तरह से तेल कंपनियों का व्यावसायिक निर्णय होता है, सरकार डायरेक्ट हस्तेक्षेप नहीं करती। इसी समय, भारत का एक अन्य एलपीजी टैंकर 'ग्रीन सांवी' सुरक्षित रूप से होर्मुज जलडमरूमध्य को पार कर भारत की ओर बढ़ रहा है।

–फेसबुक वॉल से

### सामयिकी

## कोयले से ऊर्जा उत्पादन की ओर लौटती दुनिया

जलवायु परिवर्तन के घातक संकेतों के बीच दुनिया तेजी से गैस आधारित ऊर्जा उत्पादन की ओर बढ़ी थी। किंतु रूस-यूक्रेन, इजरायल-फिलीस्तीन और अब अमेरिका-ईरान के बीच छिड़े युद्धों ने ऐसे विकट हालात पैदा कर दिए हैं कि विश्व गहरे ऊर्जा संकट से घिर गया है। जिन देशों ने कोयले को त्यागकर गैस आधारित बुनियादी ढांचा तैयार किया था, वे अब अपने बंद पड़े कोयला संयंत्रों को फिर से चालू करने की विवशता झेल रहे हैं। इस महायुद्ध में तेल भंडारों के साथ-साथ बिजली संयंत्रों को भी निशाना बनाया गया है। ईरान द्वारा पश्चिमी



प्रमोद भार्गव
वरिष्ठ लेखक

एशियाई देशों के ऊर्जा केंद्रों को क्षति पहुंचाने और जवाब में अमेरिका-इजरायल द्वारा ईरान के परमाणु एवं गैस संयंत्रों को ध्वस्त करने से वैश्विक बाजार में गैस की भारी किल्लत पैदा हो गई है। नतीजतन, जापान, जर्मनी, नीदरलैंड, पोलैंड और चेक गणराज्य जैसे विकसित राष्ट्रों ने पुनः जीवाश्म ईंधन यानी कोयले का रुख कर लिया है। यह तब हो रहा है, जब ब्लूमबर्ग की रिपोर्ट के अनुसार, 2015 से यूरोप में कोयला बिजली क्षमता में 45 प्रतिशत की गिरावट आ चुकी थी।

उभरती अर्थव्यवस्थाओं को गैस आधारित ऊर्जा को एक 'ब्रिज फ्यूल' के रूप में बेचा गया था- एक ऐसा स्वच्छ विकल्प जो सस्ता, भरोसेमंद और शून्य कार्बन उत्सर्जन वाला माना जाता था। किंतु वर्तमान युद्धों ने इस भरोसे को तोड़ दिया है। इंटरनेशनल ऊर्जा एजेंसी और गोल्डमेन सैक्स ग्रुप का मानना है कि ऊर्जा आपूर्ति में आया यह दूसरा सबसे बड़ा झटका है, जिससे दुनिया को लंबे समय तक कोयले पर निर्भर रहना पड़ सकता है। ऐतिहासिक रूप से देखें, तो वैश्विक बिजली का लगभग 37 प्रतिशत हिस्सा आज भी थर्मल पावर से आता है। 1500 ईसवी के बाद औद्योगिक क्रांति की नींव कोयले पर ही रखी गई थी। चाहे कारखाने हों, रेलें हों या भोजन, कोयला और लकड़ी सदियों तक आधार रहे, लेकिन इसके दुष्प्रभावों और बढ़ते तापमान को देखते हुए 1992 में 'रियो पृथ्वी सम्मेलन' और 2005 में 'क्योटो प्रोटोकॉल' अस्तित्व में आए। 192 देशों ने ग्रीन हाउस गैसों, विशेषकर कार्बन डाइऑक्साइड के उत्सर्जन को कम करने की प्रतिबद्धता जताई। वर्ष 2018 में भारत और चीन में कोयला खपत में कमी देखी गई थी, जिसके चलते भारत पहली बार 'जलवायु परिवर्तन प्रदर्शन सूचकांक' में शीर्ष दस देशों में शामिल हुआ। स्पेन के 'कॉप 25' सम्मेलन की रिपोर्ट ने भी दर्शाया था कि दुनिया के 90 प्रतिशत कार्बन उत्सर्जन के लिए जिम्मेदार 57 देशों में से 31 में उत्सर्जन कम होने के रुझान थे। उस समय अमेरिका का प्रदर्शन सबसे खराब रहा था, क्योंकि उसने जलवायु समझौते से बाहर होने का निर्णय लिया था।

हालांकि वर्तमान युद्धों ने समीकरण बदल दिए हैं। नवंबर 2021 के ग्लासगो सम्मेलन में तय हुआ था कि विकसित देश 2030 और विकासशील देश 2040 तक कोयले का प्रयोग बंद कर देंगे। ऑस्ट्रेलिया की 'रियो टिंटो' जैसी बड़ी कंपनियों ने भविष्य को भांपते हुए अपनी खदानें बेच दी थीं। इसी अवसर को भुनाते हुए भारतीय उद्यमी गौतम अडानी ने 'ऑस्ट्रेलिया कोल कंपनी' के माध्यम से क्वींसलैंड में खनन शुरू किया, जिससे हजारों लोगों को रोजगार भी मिला। 2022 में भारत में आए कोयला संकट के दौरान एनटीपीसी ने वहीं से कोयला आयात किया था। स्पष्ट है कि युद्धों के कारण पैदा हुआ यह ऊर्जा संकट न केवल अर्थव्यवस्थाओं को प्रभावित कर रहा है, बल्कि धरती के बढ़ते तापमान को रोकने के वैश्विक प्रयासों को भी भारी पीछे धकेल रहा है। (ये लेखक के निजी विचार हैं।)


स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक हरि ओम गुप्ता द्वारा अमृत विचार प्रकाशन, नवादा जोगियान, चक रोड, रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज के सामने, बरेली (उत्तर प्रदेश) से मुद्रित एवं एलआईजी 23, प्रथम तल, आशियाना फेस-1, कांठ रोड मुरादाबाद (उत्तर प्रदेश) से प्रकाशित। **संपादक- राजेश श्रीनेत, कार्यकारी संपादक- सुनील कुमार सिंह*** 0591-3551286(कार्यालय), ईमेल-editorschoice@amritvichar.com, आर.एन.आई नं0-UPHIN/2020/79034 *इस अंक में प्रकाशित समाचार के चयन एवं संपादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट की धारा 7 के अंतर्गत उत्तरदायी।(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र मुरादाबाद होगा)।



# सूर्य अष्टम पाठ जीवन की बाधाओं को हरने वाला

## शत्रु पर विजय प्राप्ति

जो व्यक्ति सूर्य देव जी के भक्त हैं, जो नियमित रूप से उनका पूजा करते हैं, श्री सूर्य अष्टकम का पाठ करते हैं, कोई भी शत्रु उनका कुछ भी बिगाड़ नहीं सकता है। शत्रु चाहे जितना भी बलवान क्यों नहीं रहे बाल भी बांका नहीं कर सकता। श्री सूर्य अष्टकम के पाठ से शत्रु पर विजय प्राप्त होता है।

## मानसिक विकास

श्री सूर्य अष्टकम के पाठ से सभी प्रकार के मानसिक विकार दूर होता है। अच्छे बुरे को सोचने समझने की ताकत आती है। वह व्यक्ति कुसंगति का त्याग कर सत्संगति को अपनाता है। व्यक्ति मानसिक रूप से मजबूत बनता है। वह व्यक्ति अच्छे बुरे का अच्छे से पहचान कर पाता है। इसके पाठ से दुराचारी व्यक्ति भी सदाचारी बनने लगता है। व्यक्ति सात्विक बनता है सकारात्मक सोच रखता है। व्यक्ति के मन से तामसिक भावना नष्ट होती है। वह साधुवाद को प्राप्त होता है। ऐसे व्यक्ति से सभी लोग प्रेम करते हैं।



## कार्यों में सफलता प्राप्त होना

श्री सूर्य अष्टकम पाठ से मानसिक विकास होता है। व्यक्ति मानसिक रूप से मजबूत बनता है। लोगों को रोगों से छुटकारा मिलता है। जब व्यक्ति शारीरिक और मानसिक रूप से मजबूत एवं स्वस्थ रहता है, तो उन्हें सभी कार्यों में निश्चय ही सफलता प्राप्त होता है। ऐसे व्यक्ति सफलता हासिल होने तक मेहनत से पीछे नहीं हटते हैं और जो व्यक्ति पूरी लगन पूरी मेहनत के साथ किसी कार्य को करते हैं, तो उन्हें निश्चय ही सफलता प्राप्त होती है।

सूर्य अष्टकम का पाठ करने से व्यक्ति के जीवन में नवजीवन का संचार होता है। इस धरा धाम में श्री सूर्य देव जी ही एक ऐसे देव हैं, जिनका दर्शन हम सभी को प्रतिदिन होता है। ज्योतिष के नवग्रह मंडल में सूर्य देव का स्थान सर्वोपरि है, सूर्य देव की नियमित साधना जीवन में चमत्कारिक रूप से लाभ पहुंचती है, जिन युवाओं को सरकारी नौकरी चाहिए या सरकार से संबंधित कार्य करने पड़ते हैं, ऐसे लोगों को नियमित रूप से सूर्य अष्टम का पाठ करना चाहिए।



अनिल सुधांशु
ज्योतिषाचार्य

## सूर्य अष्टकम पढ़ने के लाभ

श्री सूर्य अष्टकम के पाठ से व्यक्ति के जीवन में चमत्कारिक परिवर्तन देखने को मिलता है, लेकिन हम यहां पर आप सभी को बता दें कि किसी भी देवी-देवता की पूजा आराधना करने से व्यक्ति के जीवन में बदलाव या मनोवांछित लाभ तभी मिल पाता है, जब पूजा आराधना पूर्ण श्रद्धा व सच्चे मन से की जाती है।

## ग्रह बाधा से मुक्ति

ज्योतिष विद्या में श्री सूर्य देव जी को नवग्रह मंडल का प्रमुख माना गया है। श्री सूर्य अष्टकम का पाठ करने से सभी प्रकार की नौ ग्रह शांत होते हैं। शनि दोष राहु-केतु सभी का दोष दूर होते हैं। जिस साधक की कुंडली में या उनकी राशि में किसी भी प्रकार का ग्रह दोष उत्पन्न होता है, तो उन्हें श्री सूर्य अष्टकम का पाठ निश्चय ही करनी चाहिए।

## रोगों से मुक्ति

श्री सूर्य अष्टकम के पाठ से असाध्य रोगों में भी आशातीत लाभ मिलता है। जब कोई व्यक्ति किसी गंभीर बीमारी या दुर्घटना का शिकार हो गया हो, तो, उन्हें या उनके परिजन को उनके लिए सूर्य अष्टकम का पाठ अवश्य ही करनी चाहिए। इससे उस तकलीफ में उसे शीघ्र लाभ मिलता है और शीघ्र ही स्वास्थ्य लाभ प्राप्त करता है।



## सुख समृद्धि की प्राप्ति

श्री सूर्य अष्टकम के नियमित पाठ से घर परिवार एवं जीवन में सुख समृद्धि आती है। जीवन खुशियों से भर जाती है। इसके पाठ से व्यक्ति को उनके जीवन में सफलता मिलती है। उनका हर कार्य सफल होता है। जहां सफलता है, वहां खुशियां आती है।

## दूर होती है बेरोजगारी

ऐसे व्यक्ति जो बेरोजगार हैं या जिनके पास आय का कोई साधन नहीं हैं, उन्हें श्री सूर्य अष्टकम का पाठ अवश्य ही करनी चाहिए। इसके नियमित पाठ से शीघ्र ही नौकरी या व्यवसाय का मार्ग प्रशस्त होता है। व्यक्ति को योग्यता अनुसार मनचाही नौकरी की प्राप्ति होती है। अगर कोई व्यापार या किसी व्यवसाय के क्षेत्र में है, तो उन्हें अपने कार्य में सफलता मिलती है।

## प्रतिद्वंद्वियों से आगे होना

आज का युग कंपटीशन एवं चुनौतियों से भरा पड़ा है। आप किसी भी कार्य क्षेत्र में रहे सभी कार्यों में चुनौतियां और कंपटीशन बहुत ज्यादा है। श्री सूर्य अष्टकम के पाठ से व्यक्ति मानसिक रूप से प्रबल रहता है। उनका हौसला बढ़ा हुआ रहता है। वह किसी भी कार्य को पूरे जोश उत्साह के साथ करता है। उनमें इतना जोश उत्साह रहता है कि वह चुनौतियों का सामना करने से कभी घबराता नहीं है। कभी हारता नहीं है, कभी थकता नहीं है, फल स्वरूप वह अपने प्रतिद्वंद्वियों से सदा आगे रहता है।

## मानसिक शांति

श्री सूर्य अष्टकम के पाठ से व्यक्ति के सभी कार्य सफल होते हैं। जीवन में खुशियां आती हैं। ग्रह बाधा से मुक्ति मिलती है। बीमारियों से छुटकारा मिलता है। बेरोजगारी दूर होती है। इन सब कारणों से व्यक्ति का जीवन खुशियों से भरा रहता है, फलस्वरूप मानसिक शांति की प्राप्ति होती है।

## पूर्ण होती हैं मनोकामनाएं



श्री सूर्य अष्टकम का पाठ मनुष्य जिस उद्देश्य से या जिस कामना की पूर्ति के लिए करता है वह निश्चय ही पूरा होता है। इसका पाठ पूर्ण विश्वास व श्रद्धा भक्ति के साथ करने से सारी मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। सारी मनोकामनाएं से तात्पर्य यह है कि वह मनोकामनाएं, जो आपके अनुकूल है या उस कामना के लिए आप योग्य हैं। अगर आप में लगन है उस काम के प्रति आप में समर्पण का भाव है, तो सूर्य अष्टकम का पाठ करने से आपके मार्ग में आ रही परेशानियां और अड़चनें दूर होगी और आपकी मनोकामनाएं पूरी होगी।

## सूर्य अष्टक पढ़ने की विधि

प्रात: काल सूर्य उदय होते समय लकड़ी की चौकी पर लाल रंग का कपड़ा बिछाकर उसके ऊपर सिर्फ सूर्य यंत्र रखें, यंत्र पर लाल चंदन, कुमकुम, केसर का तिलक लगाए, यदि संभव हो सके तो, रविवार का व्रत रखें, यदि व्रत नहीं रह सकते तो, रविवार के दिन नमक न खाएं। सूर्यदेव कैरियर और व्यापार से संबंधित रुकावटों को दूर करते हैं। रोजी, रोजगार व्यापार की चाह रखने वाले अगर प्रति रविवार उनका दूध-भात-मिश्री का भोग लगा कर पूजन करें, तो 7 रविवार के बीच में ही सरकारी नौकरी लगने की संभावना होती है, सूर्य देव की कृपा से बहुत अच्छा चलता है। सूर्य देव मनुष्य की सभी कामनाओं को पूर्ण करने वाले देवताओं हैं, लेकिन पूरे मन चित्त से पूजन करना अनिवार्य है।

# उस महान यात्रा की तैयारी अभी से की जाए

हमें एक दिन मृत्यु की गोद में जाना ही है। जीवन का उद्देश्य है कि हम ईश्वर का साक्षात्कार करें, परमपद को पाएं। किंतु कितने लोग हैं, जो इस ओर ध्यान देते हैं? किसी को तृष्णा से छुटकारा नहीं। कोई इन्द्रिय भोगों में मस्त है। कोई अहंकार में ऐंठा जा रहा है, तो कोई भ्रम जंजाल में ही मस्त है। इन विडंबनाओं को उलझाते-सुलझाते यह सुनहरा अवसर निकलता जा रहा है। मृत्यु सिर के ऊपर नाच रही है। पल का भरोसा नहीं। न जाने किस घड़ी मौत गला दबा दे। आज आप जाने क्या-क्या योजनाएं बना रहे हो, हो सकता है कल यह सब धरे के धरे रह जाएं और हमारा डेरा किसी दूसरे देश ही जा गड़े। ऐसी विषम बेला में अचेत रहना बड़े दुर्भाग्य की बात है। अभी भी समय है।



डॉ. प्रदीप द्विवेदी 'रमण'
आध्यात्मिक लेखक

आंखें खोलिए। सचेत हो जाइए। जीवन क्या है, हम क्या हैं, संसार क्या है, हमारा उद्देश्य क्या है? इन प्रश्नों को उतना ही महत्वपूर्ण समझिए, जितना कि रोटी को समझते हैं। निरंतर इन प्रश्नों पर विचार करने से आप उस मार्ग पर चल पड़ेगें, जिसे मृत्यु की तैयारी कहते हैं, जो काम कल करना है, उसका बंधन आज से सोचना होगा। आपकी मृत्यु का समय आपको नहीं पता, इसलिए उसकी तैयारी आज से, इसी क्षण से आरंभ करनी चाहिए।

अनासक्ति कर्मयोग के तत्वज्ञान को समझकर जीना उत्तम है। माया के बंधन हमें इसलिए बांध दते हैं कि हम उनमें लिपट जाते हैं। तन्मय हो जाते हैं। स्त्री, पुत्र, कुटुंब, परिवार का बड़े प्रेमपूर्वक पालन कीजिए, उन्हें अपनी संपत्ति नहीं, पूजा का आधार बनाइए। उन्हें अपनी जायदाद न मानना। नहीं तो बुरी तरह मारे जाओगे। बड़ा भारी धोखा खाओगे। संपत्ति उपार्जन अवश्य कीजिए, पर किसी सही उद्देश्य से। न कि शहद की मक्खियों की तरह कष्ट सहने के लिए। सब काम उसी प्रकार कीजिए जैसा संसारी लोग करते हैं, पर अपना दृष्टिकोण दूसरा रखिए। स्मरण रखिए संसार की वस्तुएं आपकी वस्तु नहीं है। दूसरी आत्माएं आपकी गुलाम नहीं हैं।

मेरा-तेरा दोनों एक साथ नहीं रह सकते। बस, माया की सारी गांठ इतनी ही है। योग का सारा ज्ञान इसी गांठ को सुलझाने के लिए है। पाप कर्म हम इसलिए करते हैं कि हमारा अहंभाव बहुत ही संकुचित होता है। जब आप कहते हैं कि मेरी जायदाद इतनी है, तो प्रकृति गाल पर



तमाचा मारती है कि मूर्ख! तू कुछ ही समय से आकर इस पर अधिकार जमाता है, यह प्रवाह अनादिकाल से चला आ रहा है। सोना-चांदी तेरा नहीं है प्रकृति का है, जिसे तू स्त्री समझता है, यह पूर्व जन्मों में तुम्हारी मां हो चुकी होगी। आत्माएं स्वतंत्र हैं, कोई किसी का गुलाम नहीं है। विश्व का कण-कण बड़ी ही द्रुतगति से नाच रहा है। कोई वस्तु स्थिर नहीं है। बहती हुई नदी का आनंद देखना है, तो देख, रोकने खड़ा होगा, तो एक ओर हटा दिया जाएगा।

दुख, विपत्ति, व्यथा और पीड़ा का कारण अज्ञान है। मृत्यु के समय दुख प्राप्त करने का, नरक की ज्वाला में जलने का, भूत-प्रेतों में भटकने का, जन्म-मरण की फांसी में लटकने का एक ही कारण है- अज्ञान, केवल अज्ञान। अंधकार से प्रकाश की ओर चलिए। मृत्यु से अमृत की ओर चलिए। मजहबी कर्मकांड आत्मा का हित नहीं कर सकते। दूसरों की ओर मत ताकिए कि कोई हमें पार कर देगा। केवल पूर्णगुरु की आपको पार कर सकता है। उनके मार्गदर्शन में अपने हृदय को विशाल, उदार, उच्च और महान बनाइए। अहंभाव को हटाकर सबको आत्मदृष्टि से देखिए। अपनी अंतरात्मा को प्रेम में सराबोर कर लीजिए और प्रेम का अमृत समस्त संसार पर बिना भेदभाव के छिड़किए। अपना कर्तव्य धर्मनिष्ठापूर्वक पालन कीजिए। व्यवहार कर्मों में रत्ती भर भी शिथिलता मत आने दीजिए, पर रहिए कमलपत्र की तरह। राजा जनक की तरह कर्मयोगी बनिए। अनासक्त रहिए। सर्वत्र आत्मीयता की दृष्टि से देखिए। अपनी महानता का अनुभव कीजिए और गर्व के साथ सिर ऊंचा उठाकर कहिए- सोहम, अर्थात वह मैं हूं।

आत्मज्ञान द्वारा आप इहलोक व परलोक को परिपूर्ण आनंदमय बना सकते हैं। मृत्यु फिर आपको दुख नहीं देगी। वरन एक खेल प्रतीत होगी। आप ऊंचे उठेंगे और महान उद्देश्य को प्राप्त कर पाएंगे। मृत्यु की तैयारी के लिए आज से ही आत्मा के विशुद्ध स्वरूप का चिंतन आरंभ कर देना चाहिए। अपनी महानता का ज्ञान होते ही माया-मोह के सारे बंधन टूटकर गिर पड़ेंगे।

बोध कथा

# मानसिक संतोष में खुशी

एक बार की बात है, एक बहुत ही अमीर व्यापारी अपने विशाल महल की खिड़की पर खड़ा था। वह बहुत चिंतित और उदास था, क्योंकि उसका व्यापार ठीक नहीं चल रहा था। तभी उसकी नजर खिड़की के ठीक नीचे सड़क के किनारे रहने वाले एक गरीब मोची पर पड़ी। वह मोची फटे-पुराने कपड़े पहने हुए था, लेकिन वह बहुत जोर-जोर से गाना गा रहा था और जूते सिलते समय उसके चेहरे पर गजब की मुस्कान थी। व्यापारी को बड़ा आश्चर्य हुआ। उसने सोचा, "मेरे पास इतना धन, महल और नौकर-चाकर हैं, फिर भी मैं परेशान हूं। इस आदमी के पास कुछ नहीं है, फिर भी यह इतना खुश कैसे है?"

व्यापारी ने मोची की खुशी का रहस्य जानने के लिए एक योजना बनाई। उसने चुपके से एक थैली में 100 सोने की मोहरें डालीं और रात के अंधेरे में मोची की झोपड़ी के बाहर रख दीं। अगली सुबह जब मोची को वह थैली मिली, तो उसकी खुशी का ठिकाना न रहा। उसने कभी इतनी दौलत नहीं देखी थी। उसने मोहरें गिनीं कुल 99 थीं (व्यापारी ने जानबूझकर एक कम रखी थी)। मोची ने सोचा, "सिर्फ एक मोहर और मिल जाए, तो पूरे 100 हो जाएंगे।" अब मोची का व्यवहार पूरी तरह बदल गया। वह उस एक मोहर को कमाने के लालच में दिन-रात काम करने लगा। वह अब गाना नहीं गाता था,




न ही किसी से हंसकर बात करता था। उसे डर सताने लगा कि कहीं कोई उसकी मोहरें चुरा न ले। वह देर रात तक जागता और हर समय तनाव में रहता।

कुछ दिनों बाद व्यापारी ने फिर खिड़की से देखा। मोची अब दुबला हो गया था, उसके चेहरे की मुस्कान गायब थी और वह हर पल चिड़चिड़ा रहता था। व्यापारी समझ गया कि मोची '99 के फेर' में फंस गया है। इस कथा से सार निकलता है कि हम अक्सर उन चीजों के पीछे भागते हैं, जो हमारे पास नहीं हैं (वह 100 वीं मोहर) और इस चक्कर में हम उन चीजों का आनंद लेना भूल जाते हैं, जो हमारे पास पहले से मौजूद हैं। खुशी बाहरी संपत्ति में नहीं, बल्कि मन के संतोष में होती है।

-प्रमोद श्रीवास्तव

# शनिदेव का रहस्य

हिंदू मान्यताओं के अनुसार शनिदेव को कर्मफलदाता और न्याय के देवता माना जाता है। वे सूर्यदेव और संज्ञा देवी के पुत्र हैं। उनकी चाल मंद मानी जाती है और इसी कारण उनका प्रभाव भी लंबे समय तक रहता है। शनि की साढ़ेसाती और ढैया को लेकर लोगों में भय अवश्य रहता है, लेकिन उनके स्वरूप को समझें तो वे अनुशासन और न्याय के प्रतीक हैं। पौराणिक कथा के अनुसार, सूर्यदेव के तेज को सहन न कर पाने के कारण संज्ञा देवी ने अपनी प्रतिमूर्ति स्वर्णा को उनके स्थान पर छोड़ दिया। स्वर्णा ने संज्ञा की संतानों के प्रति भेदभाव किया। एक दिन क्रोध में आकर शनिदेव ने उन्हें मारने के लिए पैर उठाया, जिस पर स्वर्णा ने उन्हें श्राप दे दिया। बाद में सूर्यदेव ने उस श्राप को कम करते हुए कहा कि शनि अपंग तो नहीं होंगे, परंतु जीवनभर लंगड़ाकर चलेंगे। यही कारण है कि उनकी गति धीमी मानी जाती है।



एक अन्य कथा हनुमान जी से जुड़ी है। जब हनुमान जी प्रभु राम के ध्यान में लीन थे, तब शनिदेव ने उन्हें युद्ध के लिए ललकारा। हनुमान जी ने अपनी पूंछ से उन्हें बांध लिया और कष्ट दिया। अंतत: शनिदेव ने अपनी भूल स्वीकार की और वचन दिया कि वे राम और हनुमान भक्तों को कष्ट नहीं देंगे। हनुमान जी द्वारा दिए गए तेल से उनके घाव शांत हुए, तभी से शनिदेव को तेल चढ़ाने की परंपरा प्रचलित हो गई। इन कथाओं का सार यही है कि शनिदेव दंड के साथ-साथ सुधार के भी प्रतीक हैं। वे हमें सिखाते हैं कि क्रोध और अहंकार से बचकर, संयम और अच्छे कर्मों का पालन करें। सच्ची भक्ति और विनम्रता ही उनके प्रकोप से बचाकर जीवन में सुख और संतुलन प्रदान करती है।



# मांगलिक योग या दोष



डॉ. विपिन शर्मा
ज्योतिषाचार्य

समाज ने 'मांगलिक' शब्द को डर से जोड़ दिया है। कहा जाता है कि मांगलिक व्यक्ति से शादी करने पर जीवनसाथी को खतरा होता है, पर ज्योतिष का गहरा सच इससे अलग है। मांगलिक होना कोई बीमारी नहीं, बल्कि मंगल ग्रह की तीव्र ऊर्जा का शरीर और मन में उतर आना है। मंगल अग्नि है। वही अग्नि जो लोहे को पिघलाती भी है और तलवार भी बनाती है। मांगलिक व्यक्ति के भीतर यही अग्नि ज्यादा होती है। इसलिए वे सामान्य लोगों से ज्यादा तेज, साहसी, भावुक और क्रियाशील होते हैं। वे जल्दी प्रतिक्रिया करते हैं, जल्दी गुस्सा भी होते हैं और जल्दी प्रेम भी करते हैं। यही कारण है कि उनके रिश्तों में तीव्रता अधिक होती है- चाहे वह लड़ाई हो या आकर्षण। यह समझना बहुत जरूरी है कि 'मांगलिक से मांगलिक की शादी' कोई अंधविश्वास नहीं, बल्कि ऊर्जा-संतुलन का सिद्धांत है। अगर एक व्यक्ति में मंगल की ऊर्जा बहुत ज्यादा है और दूसरा बहुत शांत, तो टकराव तय है। मानसिक, शारीरिक और यहां तक कि दांपत्य जीवन में भी असंतुलन बनता है। पर जब दो लोगों की मंगल-ऊर्जा बराबर होती है, तो वही तीव्रता आपसी समझ, आकर्षण और मजबूत रिश्ते में बदल जाती है।

## रिश्तों पर अशुभ मंगल के मुख्य प्रभाव

- **क्रोध और अहंकार** : व्यक्ति गुस्सैल, अहंकारी और आक्रामक हो सकता है, जिससे रिश्तों में अनावश्यक बहस और टकराव होता है।
- **वैवाहिक जीवन में तनाव** : सप्तम भाव (विवाह भाव) में मंगल होने से वैवाहिक जीवन में मारपीट, झगड़े और अविश्वास की भावना पैदा होती है, जिससे तलाक का खतरा भी बढ़ सकता है।
- **ससुराल पक्ष से मतभेद** : ससुराल वालों के साथ संबंध खराब होते हैं और उनसे अनबन बनी रह सकती है।
- **भाई-बहनों से अनबन** : छोटे भाई-बहनों और अन्य रिश्तेदारों (चाचा, ताऊ) से रिश्ते बिगड़ते हैं, भाई के साथ धोखा मंगल को और खराब करता है।
- **अविश्वास और संदेह** : रिश्तों में एक-दूसरे पर शक करने की प्रवृत्ति बढ़ती है, जिससे दूरियां आती हैं।
- **शारीरिक समस्याएं** : रिश्तों में तनाव के कारण शारीरिक स्वास्थ्य पर भी बुरा असर पड़ सकता है।
- **अलगाव और तलाक** : गंभीर मामलों में, मंगल दोष रिश्ते टूटने का कारण बन सकता है, खासकर जब मुद्दों को सुलझाया न जाए।
- **कर्ज और मुकदमेबाजी** : अशुभ मंगल कर्ज और कानूनी मामलों में उलझा सकता है, जो रिश्तों को भी प्रभावित करता है।

## मंगल शांति के लिए उपाय और आराधना

- मंगलवार को हनुमान जी की पूजा, हनुमान चालीसा या सुंदरकांड का पाठ करें।
- भगवान नरसिंह और कार्तिकेय की आराधना करें।

## दान

लाल मसूर दाल, गुड़, सौंफ, गेहूं, तांबे के बर्तन, लाल वस्त्र, लाल कनेर के फूल दान करें। लाल कपड़े में मिश्री और सौफ दान करना भी लाभकारी है।

## अनिष्ठ मंगल का रिश्तों पर प्रभाव

अशुभ मंगल रिश्तों में क्रोध, आक्रामकता, अहंकार और असहमति बढ़ाता है, जिससे वैवाहिक जीवन में झगड़े, अविश्वास और अलगाव तक हो सकता है, खासकर ससुराल पक्ष से संबंध खराब होते हैं और भाई-बहनों से मनमुटाव रहता है, क्योंकि यह उग्रता और टकराव पैदा करता है, लेकिन उपाय से इसे शांत किया जा सकता है।

## नकारात्मक प्रभाव को कम करने वाली स्थितियां

कुछ संयोजन मंगल दोष के नकारात्मक प्रभावों को खत्म करते हैं। ये संयोजन न केवल प्रभावों को बेअसर करेंगे, बल्कि आपको एक खुशहाल वैवाहिक जीवन भी देंगे।

- मुख्य रूप से यदि मंगल मेष, सिंह या कुंभ राशि में लग्न में स्थित हो, तो मंगल दोष के बुरे प्रभाव समाप्त हो जाते हैं। अत: इस स्थिति से मांगलिक दोष स्वत: ही समाप्त हो जाता है।
- जब मंगल अपनी राशि में या अपने मित्रों के घर में हो, तो मांगलिक दोष समाप्त हो जाता है।
- यदि मंगल दूसरे भाव में हो, लेकिन कन्या या मिथुन राशि में हो, तो मांगलिक दोष नहीं बनता।
- यदि मंगल 8 वें घर में धनु या मीन राशि में हो, तो मांगलिक दोष आंशिक होता है।
- यदि मंगल अपनी ही राशि अर्थात मेष या वृश्चिक में हो, तो प्रभाव कमजोर हो जाता है और मांगलिक दोष आंशिक ही होता है।
- यदि मंगल दूसरे भाव में मिथुन या कन्या राशि में हो, तो मांगलिक दोष नहीं होता।
- यदि मंगल 12 वें भाव में वृषभ या तुला राशि में हो, तो मांगलिक दोष कमजोर हो जाता है।
- यदि मंगल पर किसी शुभ ग्रह की दृष्टि हो, जिसके नैसर्गिक लाभकारी और सकारात्मक प्रभाव हों तथा जो पाप ग्रह जैसे बृहस्पति के विपरीत हो, तो मांगलिक दोष नहीं होता।
- यदि शुक्र लग्न में हो, तो मांगलिक दोष नहीं होता।
- यदि मंगल उच्च का हो, तो यह मंगल दोष को रद्द नहीं करता।
- यदि किसी जातक की जन्म कुंडली में शुक्र उच्च राशि अर्थात मीन राशि में, प्रथम, चतुर्थ, सप्तम भाव में हो, तो मांगलिक दोष नहीं होता।
- यदि लड़का और लड़की दोनों मांगलिक हों,तो मांगलिक दोष समाप्त हो जाता है।
- यदि शुभ बृहस्पति सप्तम भाव या सप्तम भाव के स्वामी को देख रहा हो, तो जातक का वैवाहिक जीवन काफी अच्छा रहता है।
- यदि शनि मंगल पर दृष्टि डाले या उसके साथ स्थित हो, तो मंगल दोष समाप्त हो जाता है, लेकिन इस स्थिति में मंगल सातवें घर में नहीं होना चाहिए।
- यदि नवमांश कुंडली में मंगल कमजोर हो, तो मंगल दोष कम हो जाता है।

| बाजार | सेंसेक्स ↑ | निफ्टी ↑ |
|---|---|---|
| बंद हुआ | 74,1062.85 | 22,968.25 |
| बढ़त | 787.30 | 255.15 |
| प्रतिशत में | 1.07 | 1.12 |

सोना 1,53,800 प्रति 10 ग्राम

चांदी 2,42,000 प्रति किलो

अमृत विचार

मुरादाबाद, मंगलवार, 7 अप्रैल 2026

www.amritvichar.com

# कारोबार

## बिजनेस ब्रीफ

### रचनात्मक दृष्टिकोण अपनाएं कंपनियों के स्वतंत्र निदेशक: सेबी

**मुंबई।** बाजार नियामक सेबी के चेयरमैन तुहिन कांत पांडेय ने सोमवार को किसी कंपनी के कामकाज में स्वतंत्र निदेशकों की भूमिका को बेहद अहम बताते हुए कहा कि उन्हें अपने दायित्व निभाते समय 'रचनात्मक दृष्टिकोण' अपनाने की जरूरत है। पांडेय की यह टिप्पणी अतनु चक्रवर्ती के एचडीएफसी बैंक से हालिया इस्तीफे के कुछ सप्ताह बाद आई है। वह एचडीएफसी बैंक के स्वतंत्र निदेशक और अंशकालिक चेयरमैन थे। मूल्यों और नैतिकता में असंगति का हवाला देते हुए दिए गए चक्रवर्ती के इस्तीफे के बाद बैंक के शेयर में खासी गिरावट आई है। सेबी के चेयरमैन ने यहां संवाददाताओं से कहा कि स्वतंत्र निदेशकों की भूमिका केवल अनुपालन तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें प्रबंधन से मिलने वाली जानकारी और विश्लेषण का आकलन, कंपनी संचालन, जोखिम प्रबंधन और वित्तीय मामलों की निगरानी भी शामिल है।

### रिकॉर्ड 141 अरब यूनिट रहा बिजली कारोबार

**नई दिल्ली।** बिजली खरीद-बिक्री मंच इंडियन एनर्जी एक्सचेंज (आईईएक्स) पर वित्त वर्ष 2025-26 में बिजली कारोबार सालाना आधार पर 17% बढ़कर रिकॉर्ड 141 अरब यूनिट दर्ज किया गया। इसकी मुख्य वजह 'रियल-टाइम' बिजली बाजार का मजबूत प्रदर्शन रही। बयान के अनुसार वित्त वर्ष 2025-26 में आईईएक्स पर कुल 187.20 लाख नवीकरणीय ऊर्जा प्रमाणपत्र (आरईसी) का कारोबार हुआ जो सालाना आधार पर 5% अधिक है।

### यूको बैंक का ऋण 2.62 लाख करोड़ रुपये पर

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र के यूको बैंक का ऋण वित्त वर्ष 2025-26 की जनवरी-मार्च तिमाही में 19 प्रतिशत बढ़कर 2.62 लाख करोड़ रुपये हो गया। यूको बैंक ने सोमवार शेयर बाजार को दी जानकारी में बताया कि मार्च, 2025 में समाप्त हुई पिछले वित्त वर्ष की समान तिमाही में उसका कुल अग्रिम 2.20 लाख करोड़ रुपये था। तिमाही में बैंक की कुल जमा राशि में 11 % की वृद्धि दर्ज की गई और यह बढ़कर 3.27 लाख करोड़ रुपये हो गई, जो वित्त वर्ष 2024-25 की चौथी तिमाही के अंत में 2.94 लाख करोड़ रुपये थी।

### विनय टोंसे बने यस बैंक के नए सीईओ

**नई दिल्ली।** निजी क्षेत्र के यस बैंक ने सोमवार को कहा कि विनय मुरलीधर टोंसे ने तीन साल के लिए बैंक के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) का पदभार संभाल लिया है। टोंसे ने प्रशांत कुमार की जगह ली है, जिनका विस्तारित कार्यकाल पांच अप्रैल को पूरा हो गया।

## 4.88 करोड़ उपभोक्ताओं तक पहुंच रही एलपीजी : संजय

### इंडियन ऑयल कॉरपोरेशन के कार्यकारी निदेशक ने कृषि विभाग के साथ की प्रेसवार्ता

- बोले, 12,330 सिलेंडर जब्त 245 एफआईआर के साथ 22 गिरफ्तारी की गईं

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड (आईओसीएल) के कार्यकारी निदेशक एवं राज्य प्रमुख संजय भंडारी ने कहा कि प्रदेश में लगभग 4.88 करोड़ उपभोक्ताओं तक एलपीजी गैस पहुंच रही है।

पेट्रोलियम उत्पाद एवं गैस की जमाखोरी और अवैध डायवर्जन पर नियंत्रण रखने के लिए 21,939 निरीक्षण करके 12,330 सिलेंडर जब्त किए हैं। 245 एफआईआर दर्ज कराते हुए 22 गिरफ्तारियां हुई हैं। वर्तमान में आपूर्ति पूरी तरह स्थिर है। सोमवार को आईओसीएल ने विभूति खंड स्थित अपने उप्र राज्य कार्यालय-1 में कृषि विभाग के साथ संयुक्त प्रेसवार्ता की।

पश्चिम एशिया में चल रहे घटनाक्रमों के संदर्भ में पेट्रोलियम उत्पाद और गैस आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए केंद्र एवं राज्य के प्रयासों की जानकारी दी। संजय भंडारी ने कहा कि राज्य में 13,168 रिटेल आउटलेट तथा 28 सप्लाई लोकेशन/डिपो के माध्यम से नियमित आपूर्ति हो रही है। एलपीजी आपूर्ति 4,143 वितरकों एवं 36 बॉटलिंग प्लांट के माध्यम से लगभग 4.88 करोड़ उपभोक्ताओं तक पहुंच रही है। पत्र सूचना कार्यालय के निदेशक दिलीप कुमार शुक्ल ने कहा कि सोशल मीडिया एवं अन्य माध्यमों पर प्रसारित भ्रामक सूचनाओं पर कड़ी निगरानी रखी जा रही है। सही जानकारी आम जनता तक पहुंचा रहे हैं। नागरिक केवल आधिकारिक स्रोतों से प्राप्त जानकारी पर ही विश्वास करें।




लखनऊ के विभूति खंड स्थित इंडियन ऑयल कॉर्पोरेशन लिमिटेड के कार्यालय में प्रेसवार्ता करते कार्यकारी निदेशक एवं राज्य प्रमुख संजय भंडारी।

#### पीएनजी के बढ़े 28,210 उपभोक्ता

कार्यकारी निदेशक संजय भंडारी ने पीएनजी क्षेत्र का उल्लेख करके प्रगति बताई। कहा कि जहां राज्य में लगभग 20 लाख कनेक्शन उपलब्ध हैं तो वहीं पिछले एक माह में 28,210 नए उपभोक्ता जुड़े हैं। 44 जनपद सीजीडी नेटवर्क के अंतर्गत आ चुके हैं। नेटवर्क विस्तार को और गति दे रहे हैं। प्रवासी मजदूरों एवं छात्रों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए पांच किलो का एलपीजी सिलेंडर लांच किया है। जो सभी गैस वितरकों के पास आसानी से उपलब्ध है। इसे प्राप्त करने की प्रक्रिया सरल है। उपभोक्ता केवल एक पहचान पत्र देकर प्रदेश के किसी भी हिस्से में गैस वितरक से कनेक्शन प्राप्त कर सकते हैं।

#### प्रदेश में पर्याप्त उर्वरक : अपर निदेशक

प्रेसवार्ता में अपर निदेशक (कृषि) आशुतोष कुमार मिश्रा ने बताया कि वर्तमान में राज्य में उर्वरकों की उपलब्धता पर्याप्त है। सभी किसानों को आवश्यकता अनुसार उर्वरक उपलब्ध करा रहे हैं। खरीफ 2026 के लिए निर्धारित लक्ष्यों के अनुरूप उर्वरकों की आपूर्ति सुनिश्चित की गई है। यूरिया, डीएपी एवं एनपीके समेत सभी प्रमुख उर्वरकों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है। किसानों से अपील है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और आवश्यकता अनुसार ही उर्वरक खरीदें।

## आबकारी विभाग ने बनाया 57,722 करोड़ का रिकॉर्ड

### पिछले वर्ष की तुलना में 9.79% बढ़ोतरी

- अवैध शराब पर सख्ती और तकनीकी सुधार से बढ़ा राजस्व

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में आबकारी विभाग ने वित्तीय वर्ष 2025-26 में 57,722.26 करोड़ रुपये का रिकॉर्ड राजस्व अर्जित किया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में 9.79 प्रतिशत अधिक है। यह जानकारी आबकारी एवं मद्यनिषेध राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) नितिन अग्रवाल ने दी।

गौतमपल्ली स्थित सरकारी आवास पर आबकारी मंत्री ने बताया कि एथनॉल उत्पादन में वृद्धि, शीरा उत्पादन और तकनीकी सुधारों के चलते राजस्व में उल्लेखनीय बढ़ोतरी हुई है। विभाग ने 2026-27 के लिए 71,278 करोड़ रुपये का लक्ष्य तय किया है।

उन्होंने बताया कि शराब दुकानों का आवंटन ई-लॉटरी के माध्यम से किया गया है। 25,613 दुकानों का नवीनीकरण किया गया, जबकि 811 दुकानों का आवंटन लॉटरी से हुआ है।

अवैध शराब पर कड़ा एक्शन नितिन अग्रवाल ने बताया कि विभाग ने अवैध शराब के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए 1.09 लाख से अधिक केस दर्ज किए।

इस दौरान 28.08 लाख लीटर अवैध मदिरा बरामद की गई और करीब 20 हजार लोगों को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि आईईएससीएमएस सिस्टम, जीपीएस ट्रैकिंग, क्यूआर कोड और पीओएस मशीनों के जरिए शराब की बिक्री और परिवहन पर निगरानी रखी जा रही है, जिससे राजस्व में बढ़ोतरी हुई है।

## संकट से प्रभावितों को समर्थन देने के लिए पर्याप्त वित्तीय गुंजाइश: वित्तमंत्री

### स्थिति से निपटने के लिए ब्याज दरों में और कटौती कर सकता है भारतीय रिजर्व बैंक

नई दिल्ली, एजेंसी

वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण ने सोमवार को कहा कि राजकोषीय सूझबूझ ने सरकार को पूंजीगत व्यय बढ़ाने और पश्चिम एशिया संकट से प्रभावित क्षेत्रों को समर्थन देने के लिए पर्याप्त वित्तीय गुंजाइश दी है। उन्होंने कहा कि इसके अलावा भारतीय रिजर्व बैंक उभरती स्थिति से निपटने के लिए ब्याज दरों में और कटौती कर सकता है।

सीतारमण ने चुनौतीपूर्ण समय में अच्छी सार्वजनिक वित्त नीति के महत्व का जिक्र करते हुए कहा कि इससे आर्थिक नरमी के दौर में उससे निपटने, विशेष रूप से विपरीत परिस्थितियों में भी टिके रहने की क्षमता में सुधार होता है।

उन्होंने यहां राष्ट्रीय लोक वित्त एवं नीति संस्थान (एनआईपीएफपी) के कार्यक्रम में कहा कि आज भारी कर्ज और बड़े घाटे वाले कई देशों के पास कोई विकल्प नहीं बचा है और उन्हें मितव्ययिता और अस्थिरता के बीच एक कठिन विकल्प का सामना करना पड़ रहा है। वित्त मंत्री ने कहा कि इसके उलट, भारत के पास



राजकोषीय संसाधन हैं। पूंजीगत व्यय कार्यक्रम को जारी रखने की गुंजाइश है। आरबीआई के पास ब्याज दरें कम करने की गुंजाइश है और प्रभावित क्षेत्रों को लक्षित सहायता प्रदान करने की क्षमता है। यह एक दशक की राजकोषीय सूझबूझ और अनुशासन का परिणाम है। कहा कि राजकोषीय गुंजाइश को देखते हुए ही हाल ही में पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क कम किए गए और प्रमुख पेट्रोरसायन उत्पादों पर सीमा शुल्क से छूट दी गयी। एसईजेड (विशेष आर्थिक क्षेत्र) को घरेलू शुल्क क्षेत्र में परिचालन की अनुमति दी गयी।

सरकार ने 26 मार्च को पेट्रोल और डीजल पर उत्पाद शुल्क में 10 रुपये प्रति लीटर की कटौती की ताकि युद्ध के बीच बढ़ती वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों के प्रभाव से उपभोक्ताओं को बचाया जा सके। अमेरिका और इजराइल के 28 फरवरी को ईरान पर सैन्य हमले के बाद से वैश्विक कच्चे तेल की कीमतों में लगभग 50 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। इसके परिणामस्वरूप ईरान ने व्यापक जवाबी कार्रवाई की।

सरकार ने डीजल पर 21.50 रुपये प्रति लीटर और विमान ईंधन (एटीएफ) पर 29.50 रुपये प्रति लीटर का निर्यात शुल्क भी लगाया। पेट्रोल पर उत्पाद शुल्क घटाकर तीन रुपये प्रति लीटर कर दिया गया है, जबकि डीजल पर यह वर्तमान में शून्य है। भारत ने दो अप्रैल को पश्चिम एशिया संघर्ष के कारण पोत परिवहन मार्गों में समस्याओं के बीच आपूर्ति स्थिरता सुनिश्चित करने और अंतिम उत्पादों के उपभोक्ताओं को राहत प्रदान करने को पेट्रोरसायन उत्पादों के आयात को सीमा शुल्क से छूट दी। यह साल पिछले वर्ष की तुलना में अधिक चुनौतीपूर्ण है। पश्चिम एशिया में बढ़ता संघर्ष अब केवल क्षेत्रीय सुरक्षा तक सीमित नहीं रहा, बल्कि यह वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति को प्रभावित करने वाला बड़ा झटका बन गया है और नई बहुध्रुवीय विश्व व्यवस्था का संकेत दे रहा है।

#### आपूर्ति श्रृंखलाओं में अनिश्चितता

निर्मला सीतारमन ने कहा कि शुल्क और अन्य बाधाओं के कारण व्यापार के प्रभावित होने से वैश्विक आपूर्ति श्रृंखलाओं में गंभीर अनिश्चितता पैदा कर दी है। इसके चलते वैश्विक वृद्धि अनुमान में भारी गिरावट आई...। भारत के ऋण-जीडीपी अनुपात का उल्लेख करते हुए वित्त मंत्री ने कहा कि सामान्य सरकारी ऋण-जीडीपी अनुपात (राज्यों के कर्ज के साथ) 81 प्रतिशत के साथ भारत, जर्मनी के बाद प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में सबसे कम है। कहा कि इससे भी महत्वपूर्ण बात यह है कि भारत एकमात्र ऐसी प्रमुख अर्थव्यवस्था है जहां अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष का अनुमान है कि यह अनुपात 2030 तक घटकर 75.8 प्रतिशत हो जाएगा। जबकि अमेरिका, चीन, जर्मनी और अन्य जैसी विकसित अर्थव्यवस्थाओं के लिए ऋण की स्थिति और खराब होने का अनुमान है।

## कच्चे तेल के दाम में नरमी से सेंसेक्स 787 अंक चढ़ा, निफ्टी 23,000 के करीब

### बैंक और आईटी शेयरों में अच्छी लिवाली से निवेशकों को समर्थन

मुंबई, एजेंसी

सोमवार को शुरुआती गिरावट से उबरते हुए स्थानीय शेयर बाजार लगातार तीसरे कारोबारी सत्र में बढ़त में रहे। बीएसई सेंसेक्स 787 अंक चढ़ा, जबकि एनएसई निफ्टी 23,000 अंक के करीब पहुंच गया। पश्चिम एशिया में युद्धविराम के प्रयासों की रिपोर्ट के बीच कच्चे तेल की कीमतों में नरमी से बाजार बढ़त में रहा। कारोबारियों के अनुसार, बैंक और आईटी शेयरों में अच्छी लिवाली और रुपये में मजबूती से भी निवेशकों को समर्थन मिला।

उतार-चढ़ाव भरे कारोबार में तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स



787.30 अंक यानी 1.07 प्रतिशत बढ़कर 74,106.85 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 887.91 अंक चढ़कर 74,207.46 अंक पर पहुंच गया था। बीएसई में सूचीबद्ध शेयरों में से 3,207 लाभ में रहे, जबकि 1,147 में गिरावट दर्ज की गयी। वहीं 190 के भाव अपरिवर्तित रहें। पचास शेयरों पर आधारित एनएसई निफ्टी 255.15 अंक यानी 1.12 प्रतिशत बढ़कर 22,968.25 पर बंद हुआ।

रेलिगेयर ब्रोकिंग लि. के वरिष्ठ उपाध्यक्ष (शोध) अजित मिश्रा ने कहा कि पश्चिम एशिया में संभावित युद्धविराम की खबरों के कारण कच्चे तेल की कीमतों में सुधार के साथ वैश्विक जोखिम धारणा में भी सुधार हुआ। सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से ट्रेंट में सबसे अधिक 7.89 प्रतिशत की तेजी रही। इसके अलावा एक्सिस बैंक, टाइटन, लार्सन एंड टुब्रो, अल्ट्राटेक सीमेंट और बजाज फाइनेंस भी प्रमुख रूप से लाभ में रहीं। दूसरी ओर, रिलायंस इंडस्ट्रीज, एचसीएल टेक और सन फार्मा के शेयर नुकसान में रहे।

## जीएसटी 2.0 इम्पैक्ट: एक साल में बिके 2.96 करोड़ वाहन

नई दिल्ली, एजेंसी

देश में सभी श्रेणियों में वाहनों की खुदरा बिक्री वित्त वर्ष 2025-26 में 13.3 प्रतिशत बढ़कर रिकॉर्ड 2,96,71,064 इकाई पर पहुंच गई। फेडरेशन ऑफ ऑटोमोबाइल डीलर्स एसोसिएशंस (फाडा) ने सोमवार को यह जानकारी दी। वाहन उद्योग के निकाय के अनुसार इससे गत वित्त वर्ष 2024-25 में कुल खुदरा बिक्री 2,61,87,255 इकाई थी। वर्ष की शुरुआत सुस्त रहने के बावजूद माल एवं



सेवा कर में बदलाव (जीएसटी 2.0) के लागू होने से बाजार में तेजी आई। फाडा के बयान के अनुसार, यात्री वाहन की खुदरा बिक्री वित्त वर्ष 2025-26 में 13% बढ़कर 47,05,056 इकाई हो गई, जो 2024-25 में 41,63,927 इकाई थी। दोपहिया वाहनों की बिक्री भी पिछले साल 13.4 प्रतिशत बढ़कर 2,14,20,386 इकाई हो गई जबकि 2024-25 में यह 1,88,89,595 इकाई थी। वित्त वर्ष 2025-26 में तिपहिया वाहनों की खुदरा बिक्री 13,63,412 इकाई रही जो वित्त वर्ष 2024-25 की 12,20,834 इकाई के मुकाबले 11.68% अधिक है। फाडा के अनुसार वाणिज्यिक वाहनों की खुदरा बिक्री भी 11.74 प्रतिशत बढ़कर 10,60,906 इकाई हो गई।



## पांच राज्यों में विधानसभा चुनाव महासंग्राम



## कांग्रेस पाकिस्तान के 'सुर में सुर' मिलाती है, यह की देश सुरक्षा से समझौता : मोदी

### कहा- कांग्रेस ने हमेशा भ्रष्टाचार के लिए अपनाए अल्पकालिक उपाय

भाबनीपुर-सोरभोग (असम), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को कहा कि उनकी सरकार ने पाकिस्तान में स्थित आतंकी शिविरों के खिलाफ ऑपरेशन सिंदूर चलाया, लेकिन कांग्रेस पड़ोसी देश के 'सुर में सुर' मिलाती रहती है। विकास के मोर्चे पर उन्होंने आरोप लगाया कि कांग्रेस ने हमेशा इस मामले में संकीर्ण सोच अपनाई है, जबकि भाजपा देश का दीर्घकालिक विकास सुनिश्चित करने के लिए काम करती है।

मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा अल्पकालिक उपाय अपनाए ताकि वे भ्रष्टाचार में लिप्त रह सकें। लेकिन भाजपा समाज के सभी वर्गों के सर्वांगीण विकास के लिए निर्णय लेते समय दूरदर्शी सोच रखती है। असम के बरपेटा जिले में एक चुनावी



रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने आरोप लगाया कि कांग्रेस हमेशा पाकिस्तान के सुर में सुर मिलाती रही है। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान से यह संबंध देश की सुरक्षा से समझौता है, लेकिन हम कभी इसकी अनुमति नहीं दे सकते।

उन्होंने कांग्रेस पर 'वन रैंक, वन पेंशन' योजना लागू न करके सेना की उपेक्षा करने का आरोप भी लगाया। मोदी ने कहा कि भाजपा ने यह सुनिश्चित किया कि देश की रक्षा करने वालों को न्याय मिले। उन्होंने कहा कि असम में अनेक बलिदानों और पिछले दस वर्षों में हस्ताक्षरित विभिन्न शांति समझौतों को लागू करने की दिशा में भाजपा के ईमानदार प्रयासों के कारण शांति स्थापित हुई है। प्रधानमंत्री ने कहा कि राज्य में शांति और स्थिरता ने भाजपा शासन में विकास को गति दी है... इसे जारी रखने के लिए कांग्रेस को सत्ता से बाहर रखना आवश्यक है।

महिला मतदाताओं को लुभाते हुए मोदी ने कहा कि संसद में महिलाओं के लिए 33 प्रतिशत आरक्षण 2029 के आम चुनावों से लागू किया जाएगा। प्रधानमंत्री ने कहा कि असम की महिलाओं को सभी दलों से इस उद्देश्य से तैयार किए गए विधेयक को पारित कराने का आग्रह करना चाहिए।

## हिमंत भगवद्गीता की कसम खाकर कहें कि उनकी पत्नी पर लगे आरोप गलत हैं : गोगोई

**नगांव (असम), एजेंसी।** कांग्रेस की असम इकाई के अध्यक्ष एवं लोकसभा सदस्य गौरव गोगोई ने सोमवार को मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा को भगवद् गीता की कसम खाकर पत्नी पर लगे आरोपों का खंडन करने की चुनौती दी। गोगोई का यह बयान शर्मा द्वारा अपनी पत्नी के कथित तौर पर कई पासपोर्ट और विदेशों में संपत्ति रखने के कांग्रेस के आरोपों का खंडन करने के कुछ घंटों बाद आया।

कांग्रेस नेता ने राहा में एक चुनावी जनसभा को संबोधित करने के बाद संवाददाताओं से बातचीत के दौरान शर्मा से सवाल किया कि क्या वह राजनीतिक प्रतिद्वंद्वियों के बारे में 'झूठ' फैलाते हुए विदेशों में अपनी संपत्ति और व्यावसायिक हितों को छिपा रहे हैं। कांग्रेस नेताओं पवन खेड़ा और गौरव गोगोई ने रविवार को शर्मा से सवाल किया था कि क्या उनकी पत्नी के पास 3 विदेशी पासपोर्ट हैं, दुबई में संपत्ति है, अमेरिका में कंपनियां हैं, या उन्होंने मुखौटा कंपनियों में संपत्ति रखी है?

मुख्यमंत्री ने सोमवार सुबह दावा किया कि विपक्षी पार्टी ने एक पाकिस्तानी सोशल मीडिया समूह से मिली झूठी जानकारी के आधार पर ये आरोप गढ़े हैं। गोगोई ने कहा, 'मैंने यह बात कल भी कही थी और अब फिर दोहरा रहा हूं – मैं भगवद्गीता की शपथ लेकर कह सकता हूं कि लंदन में मेरी कोई संपत्ति नहीं है, जैसा कि शर्मा ने आरोप लगाया है। क्या वह ऐसा कर सकते हैं? मैं उन्हें चुनौती देता हूं कि वह अपनी सुविधा के स्थान पर आएं और भगवद्गीता की शपथ लेकर यही बात साबित करें।'

## तमिलनाडु के खिलाफ हैं मोदी और ईपीएस: कनिमोझी

चेन्नई, एजेंसी

द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) की संसदीय दल की नेता कनिमोझी ने सोमवार को अन्नाद्रमुक और केंद्र सरकार पर तीखा हमला बोलते हुए कहा कि श्री ईके पलानीस्वामी (ईपीएस) दिल्ली के आका से डरते हैं, जबकि प्रधानमंत्री मोदी अमेरिका के प्रभाव में हैं, लेकिन तमिलनाडु के मामले में दोनों एक साथ खड़े हैं।

सुश्री कनिमोझी ने कोयंबटूर जिले के सुलूर और कवुंडमपलायम विधानसभा क्षेत्रों में चुनावी सभाओं को



संबोधित करते हुए कहा कि यह चुनाव द्रमुक गठबंधन और अन्नाद्रमुक नीत राजग के बीच नहीं, बल्कि तमिलनाडु और राजग के बीच की लड़ाई है।

उन्होंने कहा कि द्रमुक गठबंधन समावेशिता और अल्पसंख्यकों के अधिकारों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है, जबकि विरोधी दल देश को सांप्रदायिक आधार पर बांटने की कोशिश कर रहे हैं।

आरोप लगाया कि भाजपा शासित राज्यों में लोगों के अधिकार प्रभावित हो रहे हैं और वहां अशांति का माहौल पैदा किया जा रहा है। उन्होंने केंद्र सरकार पर राज्य के लिए शिक्षा मद में देय धन रोकने का आरोप लगाया और कहा कि कोयंबटूर जैसे औद्योगिक केंद्र को मेट्रो रेल परियोजना से वंचित रखा गया है। उन्होंने छोटे और मध्यम उद्योगों के लिए प्रशिक्षण केंद्र स्थापित करने का वादा भी किया।

### भाजपा कार्यकर्ता के घर फेंका विस्फोटक

**कन्नूर (केरल), एजेंसी।** कन्नूर के काथिरूर में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक कार्यकर्ता के आवास पर विस्फोटक फेंके जाने के बाद पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, यह घटना रविवार रात काथिरूर के पास कोंकाची इलाके में मजीशा पथायाकुन्नु के आवास पर हुई।

## अन्नाद्रमुक प्रमुख पलानीस्वामी और अन्य नेताओं ने अंतिम दिन भरे पर्चे

चेन्नई, एजेंसी

ऑल इंडिया अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) प्रमुख ई. के. पलानीस्वामी, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता एल. मुरुगन, तमिलिसई सौंदरराजन, वी. श्रीनिवासन और डीएमडीके नेता प्रेमलता विजयकांत तमिलनाडु में 23 अप्रैल को होने वाले विधानसभा चुनाव के लिए सोमवार को नामांकन पत्र दाखिल करने वाले प्रमुख नेताओं में शामिल थे। सोमवार को नामांकन दाखिल करने का अंतिम दिन था। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष नैनार नागेंद्रन ने भी विरुधुनगर जिले के सत्तूर विधानसभा सीट से अपना नामांकन दाखिल किया। राज्यसभा सदस्य एवं केंद्रीय मंत्री एल. मुरुगन ने अवनासी (सुरक्षित) सीट से चुनाव लड़ने के लिए नामांकन पत्र दाखिल किया, जबकि भाजपा की एक अन्य नेता एवं पूर्व राज्यपाल तमिलिसई सौंदरराजन ने चेन्नई के मायलापुर विधानसभा क्षेत्र से अपना नामांकन पत्र दाखिल किया। अन्नाद्रमुक महासचिव एवं राज्य के पूर्व मुख्यमंत्री पलानीस्वामी ने अपने गृह जिले सलेम के एडप्पाडी विधानसभा क्षेत्र से नामांकन पत्र दाखिल किया, जहां से वे पहले पांच बार चुनाव जीत चुके हैं। भाजपा महिला मोर्चा की प्रमुख वी. श्रीनिवासन, राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष के. अन्नामलाई के साथ, कोयंबटूर उत्तर से नामांकन पत्र दाखिल करने पहुंचीं। वे निवर्तमान विधानसभा में कोयंबटूर दक्षिण का प्रतिनिधित्व करती हैं। आज अपने नामांकन पत्र दाखिल करने वाले अन्य प्रमुख व्यक्तियों में वेल्लोर जिले के कटपडी से राज्य के जल संसाधन मंत्री एवं द्रमुक के वरिष्ठ महासचिव दुरईमुरुग शामिल रहे।

### सुवेंदु अधिकारी ने लगाया प्रचार के दौरान निगरानी का आरोप

**कोलकाता, एजेंसी।** पश्चिम बंगाल में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के उम्मीदवार सुवेंदु अधिकारी ने मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार को पत्र लिखकर भबानीपुर चुनाव प्रचार के दौरान राज्य पुलिस पर सत्ताधारी तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) की 'निगरानी शाखा' के तौर पर काम करने का आरोप लगाया है। श्री अधिकारी ने अपनी शिकायत में दावा किया कि भबानीपुर में घर-घर जाकर प्रचार करने के दौरान सादे कपड़ों में पुलिसकर्मी लगातार उनका पीछा करते हैं। उनके अनुसार ये अधिकारी न केवल उनकी गतिविधियों पर नजर रखने का काम कर रहे हैं बल्कि उन मतदाताओं की पहचान करके उनका विवरण भी नोट कर रहे हैं जो उनसे बातचीत करते हैं।

## पाकिस्तान की 'कोलकाता धमकी' पर चुप क्यों हैं प्रधानमंत्री : ममता

कोलकाता,एजेंसी

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर तीखा हमला बोला और पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ के कथित 'कोलकाता को निशाना बनाने' वाले बयान पर प्रधानमंत्री की चुप्पी को लेकर सवाल उठाये। नदिया जिले के बेथुआदहारी में चुनावी रैली को संबोधित करते हुए सुश्री बनर्जी ने कहा कि जब पाकिस्तान के रक्षा मंत्री कोलकाता को लेकर धमकी भरी बात करते हैं, तो प्रधानमंत्री इस पर कुछ क्यों नहीं बोलते? उन्होंने इसे राष्ट्रीय सुरक्षा और बंगाल की जनता की सुरक्षा से जुड़ा गंभीर मामला करार दिया। यह विवाद इस्लामाबाद में दिये गये श्री ख्वाजा आसिफ के उस बयान के बाद बढ़ा, जिसमें उन्होंने कहा था कि यदि भारत भविष्य में पाकिस्तान में



कोई कार्रवाई करता है, तो उसका जवाब कोलकाता तक पहुंच सकता है।सुश्री बनर्जी ने केंद्र सरकार पर इस मुद्दे पर चुप रहने का आरोप लगाते हुए कहा कि यह 'गंभीर चिंता' का विषय है। उन्होंने सवाल किया कि क्या चुनाव से पहले किसी 'राजनीतिक मकसद' के तहत ऐसी स्थिति बनायी जा रही है। क्या हम चुनाव से पहले फिर किसी पहलगाम जैसी स्थिति की ओर बढ़ रहे हैं? क्या यह सिर्फ राजनीतिक ड्रामा है?"

# न्यायमूर्ति शर्मा को सुनवाई से अलग करने का अनुरोध

**नई दिल्ली, एजेंसी**

● **आबकारी नीति मामले में दिल्ली हाईकोर्ट में पेश हुए केजरीवाल**

दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल सोमवार को दिल्ली उच्च न्यायालय में व्यक्तिगत रूप से पेश हुए और न्यायमूर्ति स्वर्ण कांता शर्मा को आबकारी नीति मामले में उन्हें तथा अन्य सभी आरोपियों को आरोप मुक्त किए जाने के फैसले के खिलाफ सीबीआई की ओर से दायर याचिका पर सुनवाई से अलग किए जाने का अनुरोध किया।

न्यायमूर्ति शर्मा ने उन्हें मामले की सुनवाई से अलग किए जाने की केजरीवाल की अर्जी को रिकॉर्ड में ले लिया और इसकी सुनवाई 13 अप्रैल को तय की। न्यायमूर्ति शर्मा को बताया गया कि मामले की सुनवाई उच्च न्यायालय की अन्य पीठ को सौंपने के अनुरोध को लेकर शीर्ष अदालत में दाखिल याचिका वापस ले ली गई है। सीबीआई की ओर से पेश सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने दलील दी कि अदालत नौटंकी का मंच नहीं है और अगर केजरीवाल मामले में व्यक्तिगत रूप से पेश होना चाहते हैं, तो उन्हें अपने वकील को हटा देना चाहिए। मेहता ने केजरीवाल की अर्जी पर कड़ी आपत्ति जताई और कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री की ओर से संस्था पर लगाए गए आरोप बेबुनियाद हैं।

# कहीं आपके घर में तो नहीं हो रही जासूसी




अक्सर ऐसा होता है कि आप किसी दोस्त से किसी खास जूते, वेकेशन या गैजेट के बारे में बात करते हैं और कुछ ही देर बाद आपके फेसबुक, इंस्टाग्राम या गूगल पर उसी चीज के विज्ञापन आने लगते हैं। दुनिया भर में लाखों यूजर्स का मानना है कि कंपनियां उनके फोन के माइक्रोफोन का इस्तेमाल करके उनकी निजी बातें सुन रही हैं। डिजिटल युग में प्राइवेसी एक भ्रम मात्र है। हम जो भी 'फ्री' इस्तेमाल कर रहे हैं, उसकी कीमत हम अपनी जानकारी देकर चुका रहे हैं।



## असली खेल क्या है

● एआई लग्गोरिदम : तकनीकी दिग्गज हमेशा इस बात से इनकार करते हैं कि वे आपकी बातें रिकॉर्ड कर रहे हैं। लेकिन असलियत में खेल एआई एल्गोरिदम का है।

● कीवड़्र्स का जाल : जब आप किसी ऐप को माइक्रोफोन की परमिशन देते हैं, तो बैकग्राउंड में एक्टिव एआई सिस्टम पूरी बातचीत नहीं, बल्कि कुछ खास कीवड़्र्स को पकड़ लेता है।

● प्रेडिक्टिव मॉडलिंग : एआई सिर्फ आपकी बात नहीं सुनता, बल्कि वह आपके लोकेशन डेटा, सर्च हिस्ट्री और आपके दोस्तों की पसंद को भी ट्रैक करता है। वह अनुमान लगा लेता है कि आप आगे क्या खरीदने वाले हैं।

● लिसनिंग टूल्स : हाल ही में कॉक्स मीडिया ग्रुप जैसी कंपनियों की कुछ रिपोर्ट्स लीक हुई थीं, जिनमें एक्टिव लिसनिंग सॉफ्टवेयर की बात कही गई थी जो विज्ञापनों के लिए डेटा जुटाते हैं।

## आपके लिए जरूरी बातें

● एम्बिएंट लिसनिंग : एआई केवल शब्दों को नहीं, बल्कि आपके बैकग्राउंड की आवाजों को भी डिकोड करता है। अगर पीछे प्रेशर कुकर की सीटी या बच्चे के रोने की आवाज है, तो एआई समझ जाता है कि आप घर पर हैं और आपको किचन के सामान या बेबी प्रोडक्ट्स के विज्ञापन दिखाने लगता है।

● साउंड वेव फिंगरप्रिंटिंग : हर ब्रांड के टीवी विज्ञापनों की एक साउंड वेव होती है। घर में टीवी पर कोई विज्ञापन चल रहा है, तो आपका फोन उसे पहचान लेता है और वही प्रोडक्ट आपके मोबाइल स्क्रीन पर आ जाता है।

● मशीन लर्निंग का प्रेडिक्शन मॉडल : एआई इतना स्मार्ट हो चुका है कि वह आपकी डिजिटल परछाई बना लेता है। आपकी उम्र, जेंडर, लोकेशन और पिछले 5 साल के डेटा के आधार पर वह पहले ही जान जाता है कि आज शाम आप क्या खरीदने की सोच रहे होंगे। इसे हाइपर-पर्सनलाइजेशन कहा जाता है।

● बैटरी और डेटा का हिडन इस्तेमाल : आपके फोन का डेटा यूसेज ग्राफ बिना किसी डाउनलोडिंग के बढ़ रहा है, तो मुमकिन है कि कुछ ऐप्स आपकी वॉइस फाइल्स को 'कंप्रेस' करके छोटे-छोटे पैकेट्स में सर्वर पर भेज रहे हों।

## एक्सपर्ट टिप्स

● सेंसर्स पर नजर : एंड्रॉइड 12 और आईफोन के लेटेस्ट वर्जन में ऊपर की तरफ एक ग्रीन डॉट दिखता है। अगर आप फोन इस्तेमाल नहीं कर रहे और फिर भी वह ग्रीन डॉट दिख रहा है, तो समझ लीजिए कि कैमरा या माइक चोरी-छिपे ऑन है।

● वर्चुअल असिस्टेंट ऑफ करें : गूगल असिस्टेंट में जाकर वायस मैच और हे गूगल को पूरी तरह बंद करना ही सबसे सुरक्षित रास्ता है।

● परमिशन ऑडिट : अपने फोन की सेटिंग में जाएं। देखें कि किन ऐप्स को माइक का एक्सेस है। कैलकुलेटर, टॉर्च या गेमिंग ऐप्स को इसकी जरूरत नहीं है, इनका एक्सेस तुरंत बंद करें।

● ट्रैकिंग बंद करें : अपने गूगल अकाउंट में जाकर वेब और ऐप एक्टिविटी को ऑफ करें।

## फैक्ट

● एक औसत स्मार्टफोन में करीब 10 से 15 ऐसे ऐप्स होते हैं जो आपकी मर्जी के बिना माइक्रोफोन इस्तेमाल कर सकते हैं। हार्वर्ड की एक स्टडी के अनुसार, एआई आपकी पिछली सर्च हिस्ट्री और लोकेशन के आधार पर 90% सटीकता से बता सकता है कि आप अगले एक घंटे में कहां होंगे और क्या खरीदेंगे।

## वर्ल्ड ब्रीफ

### इटली में ऊर्जा संकट की आशंका : मेलोनी

**रोम।** इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी ने स्वीकार किया है कि यदि पश्चिम एशिया में स्थिति और बिगड़ती है तो देश को ऊर्जा की कमी का सामना करना पड़ सकता है। कोरिरे डेला सेरा अखबार ने शनिवार को इटली के चार हवाई अड्डों-मिलान, वेनिस, ट्रेविसो और बोलोग्ना में जेट ईंधन पर लागू किए गए पहले प्रतिबंध की जानकारी दी। मेलोनी ने सोशल मीडिया पर एक वीडियो पोस्ट कर कहा कि जब खाड़ी देशों में अस्थिरता बढ़ती है, तो इसका सीधा असर ऊर्जा की लागत, व्यवसायों, नौकरियों और अंतत: परिवारों की क्रय शक्ति पर पड़ता है। प्रधानमंत्री का मानना है कि वैश्विक ऊर्जा बाजार में फारस की खाड़ी के देश प्रमुख भूमिका निभाते हैं। अगर वहां उत्पादन कम या बंद होता है, तो ऊर्जा की कीमतें हर किसी के लिए बढ़ जायेंगी। मेलोनी ने आगाह किया, अगर स्थिति और खराब होती है तो हम ऐसी स्थिति में पहुंच सकते हैं, जहां हमारे पास जरूरत भर ऊर्जा उपलब्ध न हो, यहां तक कि इटली में भी।

### नेपाल के विदेश मंत्री से मिले भारतीय राजदूत

**काठमांडू।** भारतीय राजदूत नवीन श्रीवास्तव ने सोमवार को यहां नेपाल के नवनियुक्त विदेश मंत्री शिशिर खनाल से शिष्टाचार भेंट की और उनके साथ द्विपक्षीय संबंधों के विभिन्न पहलुओं पर चर्चा की। खनाल ने 27 मार्च को विदेश मंत्रालय के प्रमुख का कार्यभार संभाला था। विदेश मंत्रालय के अनुसार भेंट के दौरान श्रीवास्तव ने खनाल को नेपाल का विदेश मंत्री नियुक्त किये जाने पर विदेश मंत्री एस जयशंकर की ओर से बधाई दी। इस अवसर पर नेपाल-भारत संबंधों और सहयोग से संबंधित विभिन्न मामलों पर चर्चा हुई। जयशंकर ने खनाल के पदभार ग्रहण करने के दिन ही एक्स पर उन्हें बधाई दी थी। जयशंकर ने कहा था कि वह भारत एवं नेपाल के बीच पारंपरिक साझेदारी को और मजबूत करने के लिए अपने नेपाली समकक्ष के साथ मिलकर काम करने के लिए उत्सुक हैं।

### शरीफ विवि पर हमला ट्रंप की अज्ञानता

**नई दिल्ली।** ईरान के उपराष्ट्रपति मोहम्मद रजा आरिफ ने तेहरान के शरीफ प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय को निशाना बनाकर किए गए बंकर-बस्टर बम हमले की निंदा करते हुए इसे अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की बर्बरता करार दिया है। स्टैनफोर्ड विश्वविद्यालय से शिक्षा प्राप्त आरिफ ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, शरीफ विश्वविद्यालय पर बंकर-बस्टर बम हमला ट्रंप के पागलपन और अज्ञानता का प्रतीक है। ईरानी उपराष्ट्रपति ने कहा, वह (ट्रंप) यह समझने में विफल रहे हैं कि ईरान का ज्ञान कंक्रीट में नहीं दबा है जिसे बमों से नष्ट किया जा सके, असली किला तो हमारे प्रोफेसरों और लोगों की इच्छाशक्ति है।

# राजमार्गों पर मवेशियों को रोकने की मांग, केंद्र व राज्यों से जवाब-तलब

## सुप्रीम कोर्ट ने कहा, राज्य गो-उपकर वसूल रहे लेकिन कर कुछ नहीं रहे

**नई दिल्ली, एजेंसी**

उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को उस याचिका पर केंद्र सरकार और अन्य पक्षों से जवाब मांगा, जिसमें देशभर में राष्ट्रीय और राज्य राजमार्गों से आवारा मवेशियों को दूर रखने के लिए अधिकारियों को निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की पीठ ने केंद्र और राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों और भारतीय जीव जंतु कल्याण बोर्ड सहित अन्य पक्षों को नोटिस जारी कर चार सप्ताह के भीतर जवाब देने को कहा है।

पीठ ने पाया कि कई राज्य 10 प्रतिशत गौ-उपकर तो वसूल रहे हैं लेकिन इस संबंध में कोई कार्रवाई नहीं कर रहे हैं। भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) की ओर से पेश वकील ने पीठ को बताया कि उच्चतम न्यायालय पहले ही आवारा कुत्तों के मामले में अपना फैसला सुरक्षित रख चुका है, जिसमें राजमार्गों पर आवारा पशुओं के प्रवेश का मुद्दा भी शामिल है। याचिकाकर्ता 'लॉयर्स फॉर ह्यूमैन राइट्स इंटरनेशनल' की ओर से पेश वकील ने कहा कि अधिकतर मुद्दे आवारा कुत्तों से जुड़े मामले के फैसले में शामिल हो जाएंगे, लेकिन इस याचिका में कुछ अन्य पहलू भी उठाए गए हैं। पीठ ने याचिका पर नोटिस जारी करते हुए मामले की अगली सुनवाई चार सप्ताह बाद तय की है। याचिका में अधिकारियों को राजमार्गों पर मवेशियों के प्रवेश को रोकने के लिए एक समान राष्ट्रीय दिशा-निर्देश बनाने और उन्हें लागू करने का निर्देश देने का अनुरोध किया गया है। इस याचिका में विशेष रूप से दुर्घटना के लिहाज से संवेदनशील क्षेत्रों में राष्ट्रीय राजमार्गों और एक्सप्रेसवे पर अनिवार्य रूप से बाड़ लगाने का अनुरोध किया गया है। इसके अलावा, वैज्ञानिक तरीके से संचालित गोशालाओं/पशु आश्रयों की स्थापना के लिए निर्धारित वित्त पोषण सुनिश्चित करने का और मवेशियों को अवैध रूप से छोड़ने पर सख्त दंडात्मक कार्रवाई करने का भी अनुरोध किया गया है।



### मुआवजा ढांचा भी तैयार करने की अपील

याचिका में आवारा मवेशियों के कारण होने वाली सड़क दुर्घटनाओं के पीड़ितों के लिए दोष रहित मुआवजा (ऐसा मुआवजा जिसमें यह साबित करने की जरूरत नहीं होती कि गलती किसकी थी) ढांचा तैयार करने की भी अपील की गई है। उच्चतम न्यायालय ने आवारा कुत्तों के स्थानांतरण और नसबंदी से जुड़े पिछले वर्ष सात नवंबर के उसके आदेश में संशोधन का अनुरोध करने वाली याचिकाओं के एक समूह पर अपना फैसला सुरक्षित रख लिया था। न्यायालय ने शैक्षणिक संस्थानों, अस्पतालों और रेलवे स्टेशनों जैसे संस्थागत क्षेत्रों में कुत्तों के काटने की घटनाओं में चिंताजनक वृद्धि का संज्ञान लेते हुए सात नवंबर 2025 को निर्देश दिया था कि आवारा कुत्तों को नसबंदी और टीकाकरण के बाद तुरंत निर्धारित आश्रयों में स्थानांतरित किया जाए।

### सेंगर की सजा के निलंबन के खिलाफ याचिका की सुनवाई टली

**नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) द्वारा दायर उस याचिका पर सुनवाई मई के पहले सप्ताह तक के लिए टाल दी, जिसमें 2017 के उन्नाव बलात्कार मामले में पूर्व भाजपा विधायक कुलदीप सिंह सेंगर की आजीवन कारावास की सजा के निलंबन को चुनौती दी गई है। प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमाल्या बागची की पीठ ने कहा कि शबरिमला मामले में पुनर्विचार याचिका पर नौ-सदस्यीय संविधान पीठ द्वारा सुनवाई पूरी कर लिये जाने के बाद इस मामले की सुनवाई की जाएगी। सेंगर की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता मुकुल रोहतगी ने पीड़िता के पिता की कथित हिरासत में मौत से संबंधित एक अन्य मामले में याचिकाओं की सुनवाई दिल्ली उच्च न्यायालय में नहीं होने का मुद्दा उठाया और कहा कि उस मामले में सेंगर को 10 साल की सजा सुनाई गई थी। उन्होंने कहा कि दस साल संभवत: जल्द ही पूरे होने वाले हैं और अभी तक उच्च न्यायालय में कोई ठोस सुनवाई नहीं हुई है। सेंगर को इस मामले में जमानत मिलनी चाहिए।

# फ्रांस ने बेचा अमेरिका में रखा अपना सोना

**पेरिस।** बैंक ऑफ फ्रांस ने कहा है कि उसने न्यूयॉर्क में रखे अपने शेष स्वर्ण भंडार को वापस ले लिया है और उसके स्थान पर पेरिस स्थित अपने भंडार में समान मात्रा का सोना रख लिया है। बैंक के अनुसार यह मात्रा 129 टन है, जो उसके कुल स्वर्ण भंडार का लगभग पांच प्रतिशत है। फ्रांस लंबे समय से अपने कुछ स्वर्ण भंडार को फेडरल रिजर्व बैंक ऑफ न्यूयॉर्क में रखता आया था। फ्रांस ने 1960 के दशक में ही अपने स्वर्ण भंडार को वापस लाने की प्रक्रिया शुरू कर दी थी।

इसके बावजूद न्यूयॉर्क में थोड़ी मात्रा में सोना अब तक रखा हुआ था। पिछले दो दशकों में बैंक पुराने या गैर-मानक स्वर्ण भंडार को आधुनिक अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुरूप बार से बदल रहा है। फ्रांस ने 2024 की आंतरिक समीक्षा के बाद जुलाई 2025 से जनवरी 2026 के बीच अमेरिका में रखे सोने को बदलने की प्रक्रिया पूरी की। इस प्रक्रिया में सोने को सीधे लाने के बजाय उसे बेचकर यूरोप में नए मानक के स्वर्ण बार खरीदे गए। सोने की बढ़ती कीमतों के कारण इस कदम से बैंक को लगभग 13 अरब यूरो (15 अरब डॉलर) का पूंजीगत लाभ हुआ। इससे बैंक ने 2025 में 8.1 अरब यूरो का शुद्ध लाभ दर्ज किया, जबकि 2024 में 7.7 अरब यूरो का घाटा हुआ था।

# बांग्लादेश के साथ अपने संबंधों को फिर मजबूत करेगा भारत

**ढाका, एजेंसी**



● **भारतीय राजदूत ने बताया पीएम रहमान को नई दिल्ली का इरादा**

भारत बांग्लादेश के साथ भविष्योन्मुखी दृष्टिकोण अपनाते हुए संबंधों को फिर से मजबूत करने के लिए तैयार है। भारतीय उच्चायुक्त प्रणय वर्मा ने सोमवार को बांग्लादेश के प्रधानमंत्री तारिक रहमान को यह जानकारी दी।

यह मुलाकात ऐसे समय में हुई, जब भारत और बांग्लादेश फरवरी में हुए संसदीय चुनाव में बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) की जीत के परिणामस्वरूप तारिक रहमान के प्रधानमंत्री बनने के बाद द्विपक्षीय संबंधों को फिर से मजबूत करने के प्रयास कर रहे हैं। इससे पहले, मोहम्मद यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार के कार्यकाल के दौरान दोनों देशों के रिश्तों में काफी तनाव आ गया था।

भारतीय उच्चायोग ने एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि बैठक के दौरान वर्मा और रहमान ने दोनों देशों की राष्ट्रीय विकास प्राथमिकताओं के अनुरूप विभिन्न क्षेत्रों में जन-केंद्रित सहयोग पर ध्यान देते हुए द्विपक्षीय सहभागिता पर चर्चा की। भारतीय उच्चायुक्त ने यह भी कहा कि भारत सकारात्मक, रचनात्मक और भविष्योन्मुखी दृष्टिकोण अपनाते हुए तथा परस्पर हित और परस्पर लाभ के आधार पर बांग्लादेश की सरकार और जनता के साथ मिलकर काम करने के लिए प्रतिबद्ध है। सरकारी समाचार एजेंसी बीएसएस ने प्रधानमंत्री कार्यालय के प्रवक्ता के हवाले से बताया कि वर्मा ने यहां बांग्लादेश सचिवालय स्थित कैबिनेट डिवीजन कार्यालय में रहमान से शिष्टाचार भेंट की। हालांकि इस बारे में तत्काल कोई विस्तृत जानकारी नहीं दी गई। हालांकि, बैठक के बारे में जानकारी रखने वाले अधिकारियों ने बताया कि राजदूत ने रहमान से कहा कि भारत और बांग्लादेश को अपनी भौगोलिक निकटता को मजबूत अर्थव्यवस्था, कनेक्टिविटी और सांस्कृतिक एवं लोगों के आदान-प्रदान को बढ़ाकर नए अवसरों में बदलना चाहिए।

# नाइजीरिया में तीन हमलों में 26 लोगों की गई जान

**अबुजा, एजेंसी।** उत्तरी नाइजीरिया में बीते सप्ताहांत नागरिकों और पुलिसर्मियों को निशाना बनाकर किए गए तीन अलग-अलग हमलों में कम से कम 26 लोगों की मौत हो गई। नाइजीरियाई सेना और स्थानीय अधिकारियों ने यह जानकारी दी। सेना ने बताया कि शनिवार को उत्तर-मध्य बेनू प्रांत के ग्वेर वेस्ट क्षेत्र में म्बालोम समुदाय पर हथियारबंद समूह के हमले में कम से कम 17 लोग मारे गए। बेनू की गवर्नर हायसिंथ आलिया ने इस हमले की रविवार को पुष्टि की। बोर्नो पुलिस के जनसंपर्क अधिकारी (पीआरओ) केनेथ डासो ने बताया कि देश के उत्तर-पूर्वी हिस्से में स्थित बोर्नो प्रांत में शनिवार तड़के एक पुलिस मुख्यालय पर हुए हमले में इस्लामिक स्टेट (आईएस) से जुड़े एक समूह के साथ लंबी मुठभेड़ के दौरान चार पुलिस अधिकारियों की मौत हो गई। सेना के मुताबिक, रविवार को कडुना प्रांत के अरिको गांव में ईस्टर के मौके पर आयोजित एक प्रार्थना सभा में बंदूकधारियों ने पांच लोगों की हत्या कर दी। सेना ने बताया कि हमलावर की पहचान फिलहाल नहीं की जा सकी है, हालांकि, सैनिक 31 बंधकों को उनके चंगुल से आजाद कराने में सफल रहे।

● **पुलिस कर्मियों और नागरिकों को बनाया गया हमलों में निशाना**

# भारत-पाकिस्तान सीमा पर ड्रोन से हथियार तस्करी की एनआईए जांच

**नई दिल्ली, एजेंसी**

● **एनआई को संदेह, यह तस्करी भारत में आतंकी हमले की साजिश का हो सकती है व्यापक हिस्सा**

राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) ने भारत-पाकिस्तान सीमा पर ड्रोन के जरिए हथियारों और गोला-बारूद की तस्करी की जांच शुरू कर दी है। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि एनआईए को संदेह है कि यह तस्करी भारत में आतंकी हमले करने के लिए रची गई व्यापक साजिश का हिस्सा हो सकती है।

उन्होंने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्रालय के निर्देश पर कार्रवाई करते हुए आतंकवाद रोधी एजेंसी ने पाकिस्तान स्थित आतंकी जसवीर चौधरी, उसके भारतीय सहयोगी शुभम कुमार और अन्य अज्ञात व्यक्तियों की कथित भूमिका की जांच के लिए मामला दर्ज किया है। यह मामला मूल रूप से इस वर्ष फरवरी में पंजाब पुलिस द्वारा दर्ज किया गया था। उन्होंने बताया कि अमृतसर स्थित राज्य विशेष अभियान प्रकोष्ठ (एसएसओसी) को विश्वसनीय सूचना मिली थी कि चौधरी के निर्देश पर उसके भारतीय सहयोगियों ने भारत-पाकिस्तान सीमा पर ड्रोन के जरिए हथियारों, गोला-बारूद और परिष्कृत विस्फोटक उपकरणों (आईईडी) की एक बड़ी खेप प्राप्त की थी, जिसका उद्देश्य पंजाब, दिल्ली और देश के अन्य हिस्सों में विस्फोट करना था।

इस संबंध में राज्य पुलिस ने 10 फरवरी को प्राथमिकी दर्ज की थी। गृह मंत्रालय ने अपने आदेश में कहा कि यह मामला एक 'विदेशी तत्व' द्वारा भारत में हथियारों, गोला-बारूद और विस्फोटकों का उपयोग करके आतंकवादी कृत्यों को अंजाम देने के लिए रची गई आपराधिक साजिश से संबंधित है। आदेश में कहा गया है कि अपराध की गंभीरता, इसके गंभीर सुरक्षा परिणामों, राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय संबंधों और व्यापक साजिश का पर्दाफाश करने की आवश्यकता को देखते हुए, इसकी जांच एनआईए द्वारा की जानी आवश्यक है।

# तटरक्षक बल के लिए चौथे तीव्र गश्ती पोत का निर्माण शुरू

**नई दिल्ली।** भारतीय तटरक्षक बल के लिए एक तीव्र गश्ती पोत (एफपीवी) के निर्माण की सोमवार को शुरूआत की गई। यह तटीय सुरक्षा, खोज और बचाव तथा कानून प्रवर्तन के लिए बनाए जा रहे 14 जहाज़ों की श्रृंखला में चौथा जहाज़ है। अधिकारियों ने कहा कि ये जहाज़ देश के 'आत्मनिर्भर भारत' विज़न के अनुरूप बनाए जा रहे हैं और इनसे हिंद महासागर क्षेत्र में भारतीय तटरक्षक बल की मौजूदगी मजबूत होगी। भारतीय तटरक्षक बल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि 14 एफपीवी परियोजना के तहत एफपीवी-4 के साथ ही एफपीवी-7 के निर्माण की शुरूआत के लिए आज एमडीएल, मुंबई में समारोह आयोजित किया गया। एफपीवी को अत्याधुनिक मशीनों से लैस किया जा रहा है, जिसमें कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) आधारित रखरखाव प्रणाली और बहुउद्देशीय ड्रोन शामिल हैं। इस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में तटरक्षक बल के एक वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। इस अवसर पर मझगांव डॉक शिपबिल्डर्स लिमिटेड के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद थे।

## कैसा रहेगा आपका आज का दिन

**मेष** – आज नए प्रयास शुभ रहेगे। यात्रा या बातचीत से लाभ मिलेगा। परियोजनाओं में गति आएगी। जीवनसाथी के साथ उत्तम समय का आनंद उठाएंगे।

**वृष** – आज परिवार में शांति रहेगी। व्यावसायिक निर्णय सकारात्मक दिशा में बढ़ेंगे। आर्थिक मामलों में लाभ मिलेगा।

**मिथुन** – आज संचार, बुद्धि और योजनाओं में दृढ़ता रहेगी। नए संपर्क लाभदायक रहेंगे। पति-पत्नी के आपसी संबंधों में मधुरता आएगी।

**कर्क** – आज भावनात्मक संतुलन आवश्यक है। घर और रिश्तों में सामंजस्य बनाए रखें। किसी भी निवेश पर पुनर्विचार करें।

**सिंह** – आज मंगल के प्रभाव से आत्मविश्वास बढ़ेगा। सामाजिक प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। खर्च पर नियंत्रण जरूरी है।

**कन्या** – आज व्यापार में अवसर, कार्यक्षेत्र में मान-सम्मान बढ़ेगा। स्वास्थ्य संतुलित रहेगा। जीवनसाथी के साथ संबंध मधुर होंगे।

**तुला** – आज चंद्रमा की स्थिति अनुकूल रहेगी, समझदारी से निर्णय लें। रिश्तों में मधुरता बनी रहेगी। छात्र करियर को लेकर योजना बना सकते हैं।

**वृश्चिक** – आज रचनात्मक कार्यों में सफलता प्राप्त होगी। व्यापार में आप बहुत अच्छा प्रदर्शन करेंगे। प्रेम संबंधों को परिवार में स्वीकृति मिल सकती है।

**धनु** – आज यात्रा और शिक्षा कर्म में लाभ मिलेगा। भाग्य आपका साथ देगा। समूह कार्यों में सफलता मिलेगी। मन में उमंग-उत्साह बढ़ेगा।

**मकर** – आज करियर में स्थिरता रहेगी। वरिष्ठों का सहयोग मिलेगा। आर्थिक स्थिति सुदृढ़। वैवाहिक जीवन सुखद रहने वाला है।

**कुंभ** – आज रणनीति और बुद्धिमत्ता से कार्य सिद्ध होंगे। सामाजिक परिचय बढ़ेगा। आप अपने प्रेमी को प्रपोज कर सकते हैं।

**मीन** – आज नया कार्य शुरू करने के लिए दिन अनुकूल है। धन लाभ के मजबूत संकेत हैं। सरकारी कार्यों में बाधाएं आ सकती हैं।

# किम जोंग की बेटी हो सकती है उनकी उत्तराधिकारी

**सियोल।** दक्षिण कोरिया की खुफिया एजेंसी का कहना है कि अब उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन की किशोरवय बेटी को उनकी उत्तराधिकारी के रूप में देखना उचित होगा। यह किम जोंग उन की बेटी की बढ़ती राजनीतिक स्थिति पर अब तक का सबसे जोरदार आकलन है, जिसके बारे में एजेंसी का मानना है कि वह अपने परिवार के शासन को चौथी पीढ़ी तक बढ़ा सकती है। सरकारी मीडिया द्वारा किम की सबसे प्रिय या सम्मानित संतान के बतायी जा रही यह लड़की, 2022 के अंत से अपने पिता के साथ कई हाई-प्रोफाइल कार्यक्रमों में शामिल हुई है, जिससे यह अटकलें लगाई जा रही हैं कि उसे उत्तर कोरिया की भावी नेता के रूप में तैयार किया जा रहा है। नेशनल असेंबली में हुई एक गुप्त बैठक के दौरान, दक्षिण कोरिया की राष्ट्रीय खुफिया सेवा के निदेशक ली जोंग-सीओक ने कहा कि लड़की को किम का उत्तराधिकारी माना जा सकता है।

छानबीन

**बैंक ऋण धोखाधड़ी मामले की जांच कर रहे केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो का सुप्रीम कोर्ट में दावा**

# अनिल अंबानी समूह ने बैंकों के हड़पे 73 हजार करोड़ रुपये

**नई दिल्ली, एजेंसी**

केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) रिलायंस अनिल अंबानी समूह के खिलाफ दर्ज सात मामलों में कुल 73,000 करोड़ रुपये की बैंक ऋण धोखाधड़ी की जांच कर रहा है। यह जानकारी उच्चतम न्यायालय में फरवरी में दायर स्थिति रिपोर्ट में दी गई है।

जांच एजेंसी ने शीर्ष अदालत को सूचित किया कि वह इन सात मामलों की जांच कर रही है और कुछ सरकारी कर्मचारियों की भूमिकाओं की भी छानबीन कर रही है। सीबीआई और वित्तीय जांच एजेंसी प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दायर स्थिति रिपोर्ट की समीक्षा के बाद, उच्चतम न्यायालय ने 23 मार्च को एक आदेश जारी किया। शीर्ष अदालत ने सीबीआई जांच का संदर्भ देते हुए अपने आदेश में कहा, ...अन्य मामलों में होने वाले नुकसान भी कई हजार करोड़ रुपये के हैं, जो लगभग 73,006 करोड़ रुपये के कुल दावे बनाते हैं। ईडी ने अदालत को बताया कि उसने कुछ दस्तावेज जब्त किए हैं, जो कथित प्रोजेक्ट हेल्प के बारे में जानकारी देते हैं, जिससे यह संकेत मिलता है कि दिवाला कार्रवाई जानबूझकर असंबंधित ऋणदाताओं के माध्यम से शुरू की गई थी।


न्यायालय ने ईडी की रिपोर्ट पढ़ने के बाद कहा कि रिपोर्ट के अनुसार, आईबीसी (दिवाला और शोधन अक्षमता संहिता) कार्रवाई के तहत अधिग्रहण संबंधी सभी फंडिंग आठ एनबीएफसी (नॉन-बैंकिंग वित्तीय कंपनियों) के समूह के माध्यम से की गई थी... इस बात का संज्ञान लिया गया कि लगभग 2,983 करोड़ के दावे का निपटारा 26 करोड़ रुपये में किया गया।

### मामले की जांच को ईडी ने किया विशेष दल का गठन

ईडी ने अदालत को यह भी सूचित किया कि उसने इन मामलों की जांच के लिए एक विशेष जांच दल का गठन किया है और वर्तमान में रिलायंस अनिल अंबानी समूह से जुड़े आठ मामलों की पड़ताल कर रहा है। न्यायालय ने कहा कि जहां तक आरोपों की सच्चाई की बात है, उस पर हम कोई राय नहीं व्यक्त कर रहे, केवल यह कहना चाहते हैं कि सीबीआई और ईडी के लिए यह अनिवार्य है कि वे अपनी जांच को निष्पक्ष, पारदर्शी और स्वतंत्र तरीके से पूरा करें और इसे समयबद्ध तरीके से तार्किक निष्कर्ष तक पहुंचाएं। ईडी ने प्रधान न्यायाधीश सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली तीन-सदस्यीय पीठ को यह भी सूचित किया कि उसे इस जांच के संबंध में अन्य जांच एजेंसियों से मांगी गई कुछ जानकारी प्राप्त नहीं हुई है।

## आज का पंचांग

-आचार्य मधुरेंद्र पांडेय




**आज की ग्रह स्थिति :** 7 अप्रैल, मंगलवार 2026 संवत-2083, शक संवत 1948 मास- वैशाख, पक्ष-कृष्ण पक्ष, पंचमी 16.34 तक तत्पश्चात पष्ठी।

**दिशाशूल**-उत्तर, **ऋतु**- वसंत।
**चन्द्रबल**- वृषभ, मिथुन, कन्या, वृश्चिक, मकर, कुंभ।
**ताराबल**-अश्विनी, भरणी, रोहिणी, आर्द्रा, पुष्य, आश्लेषा, मघा, पूर्वा फाल्गुनी, हस्त, स्वाति, अनुराधा, ज्येष्ठा, मूल, पूर्वाषाढ़ा, श्रवण, शतभिषा, उत्तराभाद्रपद, रेवती।
**नक्षत्र**-ज्येष्ठा पूर्ण रात्रि तक।

## सुडोकू - 111 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 3 | 9 | 1 | 7 | 6 | 4 | 2 | 5 |
| 7 | 5 | 4 | 9 | 2 | 8 | 1 | 3 | 6 |
| 2 | 1 | 6 | 4 | 5 | 3 | 7 | 9 | 8 |
| 6 | 2 | 1 | 3 | 4 | 7 | 5 | 8 | 9 |
| 4 | 8 | 5 | 6 | 9 | 1 | 3 | 7 | 2 |
| 3 | 9 | 7 | 2 | 8 | 5 | 6 | 4 | 1 |
| 9 | 7 | 2 | 5 | 6 | 4 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 4 | 3 | 8 | 1 | 2 | 9 | 6 | 7 |
| 1 | 6 | 8 | 7 | 3 | 9 | 2 | 5 | 4 |

## सुडोकू -112

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 7 | 8 | | | | | | 9 |
| | 1 | | | 6 | | | | 4 |
| 9 | | | | 8 | | | | |
| | 4 | | | | | | 6 | |
| | | 1 | | | | 4 | | |
| | 9 | | | 5 | | | 1 | |
| 1 | | | | 9 | | 3 | | 7 |
| 7 | | | | 4 | 8 | | 2 | |
| | | | | | | 5 | | |



"रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के देवदत्त पडिक्कल घरेलू क्रिकेट में शानदार प्रदर्शन के बाद जिस तरह आईपीएल में बल्लेबाजी कर रहे हैं उसे देखते हुए उन्हें लंबे समय तक भारतीय टीम से बाहर रखना मुश्किल होगा।
– दिनेश कार्तिक


# स्टेडियम

मुरादाबाद, मंगलवार, 7 अप्रैल 2026

अमृत विचार
www.amritvichar.com


IPL 2026

**आज के मुकाबले**

राजस्थान रॉयल्स
बनाम
मुंबई इंडियंस

**समय** - शाम 7:30 बजे

# बारिश के कारण पंजाब किंग्स और कोलकाता नाइट राइडर्स का मैच रुका

## बार्टलेट ने तीन गेंदों पर दो विकेट लेकर मेजबानों को संघर्ष के लिए मजबूर कर दिया

**कोलकाता, एजेंसी**

कोलकाता नाइट राइडर्स और पंजाब किंग्स के बीच इंडियन प्रीमियर लीग मैच सोमवार को यहां बारिश के कारण रुक गया जब मेजबान टीम 3.4 ओवर में दो विकेट पर 25 रन बनाकर संघर्ष कर रही थी।

हल्की बूंदाबांदी शुरू हुई जो बाद में तेज बारिश में बदल गई। मौजूदा सत्र में पहली जीत की तलाश में जुटे नाइट राइडर्स ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया लेकिन उन्हें शुरुआत में ही बड़ा झटका लगा जब जेवियर बार्टलेट ने दूसरे ओवर में दो विकेट झटक लिए। बार्टलेट ने सलामी बल्लेबाज फिन एलेन (06) और कैमरन ग्रीन (04) को तीन गेंद के भीतर आउट करके नाइट राइडर्स को दोहरा झटका दिया। दोनों ही बल्लेबाजों ने विकेटकीपर प्रभसिमरन सिंह को कैच थमाए।

ग्रीन 25.20 करोड़ रुपये की कीमत के साथ सबसे महंगे विदेशी खिलाड़ी हैं लेकिन उनका खराब प्रदर्शन जारी रहा। इससे पहले उन्होंने मुंबई इंडियंस के खिलाफ 18 और सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ दो रन बनाए थे। नाइट राइडर्स की टीम अपने शुरुआती दो मैच गंवा चुकी है। बारिश के कारण जब खेल रोका गया तब कप्तान अजिंक्य रहाणे आठ जबकि युवा विकेटकीपर बल्लेबाज अंगकृष रघुवंशी सात रन बनाकर खेल रहे थे। मैच के लिए बॉलीवुड सुपरस्टार और नाइट राइडर्स के सह मालिक शाहरुख खान भी दर्शकों के बीच मौजूद हैं। वह इस सत्र में पहली बार मैच देखने आए थे। संयोग से पिछले सत्र में भी ईडन गार्डन्स में नाइट राइडर्स और पंजाब किंग्स के बीच हुआ मैच (26 अप्रैल को) बारिश की वजह से प्रभावित हुआ था और दोनों टीम को एक-एक अंक बांटना पड़ा था। श्रेयस अय्यर की कप्तानी वाले पंजाब किंग्स ने चार विकेट पर 201 रन बनाए थे जिसके बाद नाइट राइडर्स ने जब बिना कोई विकेट खोए सात रन बनाए थे तो बारिश आ गई और मैच रद्द हो गया। अगर मैच बारिश की वजह से रद्द हो जाता है तो नाइट राइडर्स को बिना कोई मैच जीते भी अपना खाता खोलने का मौका मिल जाएगा क्योंकि उसे एक अंक मिलेगा।



ईडन गार्डन्स में बारिश की रुकावट के दौरान मैदान से बाहार आते पंजाब किंग्स के कप्तान श्रेयस अय्यर (बाएं)।

### हाईलाइट

#### लीड्स 1987 के बाद पहली बार एफए कप के सेमीफाइनल में

**लंदन।** लीड्स ने दूसरे हाफ के इंजरी टाइम में दो गोल की बढ़त गंवा दी लेकिन आखिर में वह वेस्ट हैम को पेनल्टी शूटआउट में 4-2 से हराकर 1987 के बाद पहली बार एफए कप फुटबॉल टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में जगह बनाने में सफल रहा। माटेउस फर्नांडेस और एक्सल दिसासी ने 93वें और 96वें मिनट में गोल दागकर वेस्ट हैम को लंदन स्टेडियम में खेले गए मैच में 2-2 से बराबरी पर ला दिया। इससे मैच अतिरिक्त समय तक खिंच गया। क्वार्टर फाइनल के इस मैच में अतिरिक्त समय में वेस्ट हैम के दो गोल ऑफसाइड के कारण रद्द कर दिए गए, जिसके बाद लीड्स ने शूटआउट में जीत हासिल की।

#### अदिति संयुक्त 27वें स्थान पर रहीं

**लास वेगास।** भारतीय गोल्फर अदिति अशोक अंतिम दौर में तीन ओवर 75 के स्कोर से यहां अरामको चैंपियनशिप में संयुक्त रूप से 27वें स्थान पर रहीं। अदिति ने अंतिम दौर में चौथे, छठे और 17वें होल में तीन बोगी की जबकि वह एक भी बर्डी नहीं कर पाईं जिससे उनका स्कोर तीन ओवर रहा। अदिति का कुल स्कोर आठ ओवर रहा। प्रणवी उर्स ने अंतिम चार में चार ओवर 76 के स्कोर से कुल 17 ओवर के स्कोर से 66वां स्थान हासिल किया।

### अंक तालिका

| | टीम | मैच | जीते | हारे | टाई | अंक | नेट रन रेट |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु | 2 | 2 | 0 | 0 | 4 | 2.415 |
| 2. | राजस्थान रॉयल्स | 2 | 2 | 0 | 0 | 4 | 2.233 |
| 3. | दिल्ली कैपिटल्स | 2 | 2 | 0 | 0 | 4 | 1.170 |
| 4. | पंजाब किंग्स | 2 | 2 | 0 | 0 | 4 | 0.637 |
| 5. | सनराइज़र्स हैदराबाद | 3 | 1 | 2 | 0 | 2 | 0.275 |
| 6. | मुंबई इंडियंस | 2 | 1 | 1 | 0 | 2 | -0.206 |
| 7. | लखनऊ सुपर जाएंट्स | 2 | 1 | 1 | 0 | 2 | -0.542 |
| 8. | गुजरात टाएटंस | 2 | 0 | 2 | 0 | 0 | -0.424 |
| 9. | कोलकाता नाइट राइडर्स | 2 | 0 | 2 | 0 | 0 | -1.964 |
| 10. | चेन्नई सुपर किंग्स | 3 | 0 | 3 | 0 | 0 | -2.467 |

#### ऑरेंज कैप



समीर रिजवी
दिल्ली - 160 रन
हेनरिच क्लासेन
हैदराबाद - 145 रन
रोहित शर्मा
मुंबई - 113 रन

#### पर्पल कैप



रवि बिश्नोई
राजस्थान- 5 विकेट
विजयकुमार वैशक
पंजाब- 5 विकेट
जेकब डफी
आरसीबी- 5 विकेट

## मेरे लिए बल्लेबाजी में बुनियादी बदलाव करना आसान नहीं था : पडिक्कल

**बेंगलुरु, एजेंसी।** रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के बल्लेबाज देवदत्त पडिक्कल ने सफेद गेंद के प्रारूपों में अपने अच्छे प्रदर्शन का श्रेय अपने 'कंफर्ट जोन' (आरामदायक दायरे) से बाहर निकलने और अपनी बल्लेबाजी में बुनियादी बदलाव करने को दिया। देवदत्त ने आईपीएल के पहले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 61 रन बनाने के बाद रविवार को चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) के खिलाफ 50 रन बनाए। आरसीबी ने यह मैच 43 रन से जीता। उन्होंने मैच के बाद पत्रकारों से कहा कड़ी मेहनत और आत्मविश्वास के दम पर मुझे इस मुकाम तक पहुंचने में मदद मिली। बल्लेबाजी में बदलाव करना आसान नहीं था क्योंकि क्रिकेट के इस प्रारूप के लिए मुझे अपनी बुनियाद को पूरी तरह से बदलना पड़ा। उन्होंने कहा यह बदलाव मुझे जानबूझकर करना पड़ा और आरसीबी और सहयोगी स्टाफ ने मेरा मार्गदर्शन करके बहुत मदद की। लेकिन क्या टी20 के एक आयामी होने का खतरा है क्योंकि सभी बल्लेबाज अपने पावर हिटिंग कौशल को बेहतर बनाने की कोशिश कर रहे हैं? इस सवाल पर देवदत्त ने कहा मुझे ऐसा नहीं लगता, क्योंकि इस टूर्नामेंट में बल्लेबाजी का स्तर काफी बढ़ गया है। मुझे लगता है कि हर कोई बड़े छक्के और चौके लगाने के लिए कड़ी मेहनत कर रहा है और अब गेंदबाजों की जिम्मेदारी है कि वे भी उसी राह पर चलते हुए अपने खेल का स्तर ऊपर ले जाएं। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज का मानना है कि गेंदबाज जल्द ही वापसी करेंगे।



# इम्पैक्ट प्लेयर नियम खेल से कौशल को काफी हद तक कर रहा खत्म

**नई दिल्ली, एजेंसी**


- दिल्ली कैपिटल्स के तेज गेंदबाज काइल जैमीसन ने भी की आलोचना



दिल्ली कैपिटल्स के तेज गेंदबाज काइल जैमीसन ने भी कई अन्य खिलाड़ियों की तरह इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के विवादास्पद इम्पैक्ट प्लेयर नियम की आलोचना करते हुए सोमवार को कहा कि इससे खेल का कौशल काफी हद तक खत्म हो रहा है। कई मौजूदा और पूर्व क्रिकेटरों ने इस नियम पर चिंता व्यक्त की है, जिससे टीम मैच के दौरान किसी भी समय पांच खिलाड़ियों की सूची में से एक खिलाड़ी को अंतिम एकादश में शामिल किसी अन्य खिलाड़ी की जगह मैदान पर उतार सकते हैं। कुछ खिलाड़ी इस नियम को ऑलराउंडर के विकास में बाधा मानते हैं जबकि कुछ का मानना है कि इससे खेल का पलड़ा बल्लेबाजों के पक्ष में झुक जाता है क्योंकि टीमें अब आठवें नंबर पर एक अतिरिक्त बल्लेबाज होने के कारण शुरू से लेकर आखिर तक आक्रामक अंदाज में खेल सकती हैं।

जैमीसन ने गुजरात टाइटन्स और दिल्ली कैपिटल्स के मैच से पहले यहां पत्रकारों से कहा निजी तौर पर मैं इस नियम का समर्थक नहीं हूं। मुझे लगता है कि इससे खेल में कौशल का महत्व काफी हद तक कम हो जाता है। उन्होंने कहा मुझे लगता है कि अगर आप नौवें या दसवें नंबर तक बल्लेबाज रख सकते हैं तो फिर आपको उस तरह के बल्लेबाजी कौशल की जरूरत नहीं पड़ेगी जो शायद आपको पहले की तरह चाहिए होती थी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने 2023 में यह नियम लागू किया था और यह 2027 तक बना रहेगा। इसके बाद इस नियम की समीक्षा की जाएगी। जैमीसन ने कहा मुझे लगता है कि इसका असर ऑलराउंडर पर पड़ रहा है। इससे ऐसे खिलाड़ी प्रभावित हो रहे हैं जो गेंदबाजी और बल्लेबाजी दोनों कर सकते हैं और टीम को संतुलन प्रदान कर सकते हैं। इस नियम से खेल से इस कौशल का महत्व थोड़ा कम हो जाता है। न्यूजीलैंड के इस तेज गेंदबाज ने कहा कि आईपीएल के अलावा दुनिया की किसी भी बड़ी लीग में इम्पैक्ट प्लेयर नियम का उपयोग नहीं किया जाता। उन्होंने कहा दुनिया भर में या अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में आपको बहुत कम ही ऐसी जगहें देखने को मिलेंगी जहां इम्पैक्ट प्लेयर का नियम लागू होता है। इसके पीछे कोई अच्छा कारण ही होगा। जैमीसन को दिल्ली कैपिटल्स की तरफ से वर्तमान सत्र में अभी तक खेलने का मौका नहीं मिला है क्योंकि टीम केवल चार विदेशी खिलाड़ियों को मैदान में उतार सकती हैं।

# राजस्थान की आक्रामकता से मुंबई को रहना होगा सतर्क



अभ्यास करते राजस्थान रॉयल्स के धाकड़ बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी। एजेंसी

**गुवाहाटी, एजेंसी**

पिछले मैच में हार के बाद वापसी के लिए प्रतिबद्ध मुंबई इंडियंस को उम्मीद होगी कि कप्तान हार्दिक पंड्या पूरी तरह से फिट होकर राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ मंगलवार को यहां होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में खेलेंगे।

हार्दिक अस्वस्थ होने के कारण दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ पिछले मैच में नहीं खेल पाए थे जिसमें उनकी टीम को छह विकेट से हार का सामना करना पड़ा था। हार्दिक की अनुपस्थिति में भारत के टी20 कप्तान सूर्यकुमार यादव ने अगुवाई की थी, लेकिन टीम को हार्दिक के ऑलराउंड खेल की कमी महसूस हुई। हार्दिक की अनुपस्थिति के कारण टीम संयोजन में भी फेरबदल करना पड़ा। उनकी जगह टीम में शामिल किए गए दीपक चाहर ने सधी हुई गेंदबाजी की, लेकिन अनुभवी तेज गेंदबाज ट्रेंट बोल्ट की जगह कॉर्बिन बॉश को लाने का फैसला उल्टा पड़ गया, क्योंकि दक्षिण अफ्रीकी गेंदबाज ने जमकर रन लुटाए। इसके बाद हार्दिक ने अभ्यास शुरू कर दिया है जिससे कि उनकी वापसी की संभावना मजबूत बन गई है। पहले मैच में गेंदबाजी में शानदार प्रदर्शन करने वाले शार्दुल ठाकुर पिछले मैच में महंगे साबित हुए, वहीं हमेशा भरोसेमंद रहने वाले जसप्रीत बुमराह किफायती तो रहे हैं लेकिन इस सत्र में अभी तक विकेट नहीं ले पाए हैं। स्पिन विभाग में मिचेल सैंटनर ने अफगानिस्तान के मिस्ट्री स्पिनर अल्लाह ग़ज़नफ़र की जगह टीम में अपने चयन को सही साबित किया और संभावना है कि वह अपना स्थान बरकरार रखेंगे।

### टीम

**राजस्थान रॉयल्स :** रियान पराग (कप्तान), ध्रुव जुरेल, डोनोवन फरेरा, लुआन-ड्रे प्रिटोरियस, रवि सिंह, अमन पेराला, शिमरोन हेटमायर, शुभम दुबे, वैभव सूर्यवंशी, यशस्वी जयसवाल, रवींद्र जड़ेजा, एडम मिल्ने, ब्रिजेश शर्मा, जोफ्रा आर्चर, कुलदीप सेन, क्वेना मफाका, नांद्रे बर्गर, रवि बिश्नोई और संदीप शर्मा।

**मुंबई इंडियंस :** हार्दिक पंड्या (कप्तान), रोहित शर्मा, सूर्यकुमार यादव, क्विंटन डीकॉक, मिचेल सेंटनर, शार्दुल ठाकुर, तिलक वर्मा, अश्विनी कुमार, ट्रेंट बोल्ट, जसप्रीत बुमराह, दीपक चाहर, एएम गजनफर, मयंक मार्कंडेय, दानिश मालेवार, रॉबिन मिंज, रयान रिकेल्टन, शेरफेन रदरफोर्ड, कॉर्बिन बॉश, विल जैक्स।

### राजस्थान का शीर्ष क्रम कर रहा अच्छा प्रदर्शन

राजस्थान के शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों ने अभी तक अच्छा प्रदर्शन किया है। राजस्थान की टीम ने अभी तक आक्रामक रवैया अपनाया है और मुंबई को उस सतर्क रहने की जरूरत होगी। सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल और युवा सनसनी वैभव सूर्यवंशी ने टीम को विस्फोटक शुरुआत दी है, जिसके बाद ध्रुव जुरेल ने लय कायम रखी है। कप्तान रियान पराग ने अभी तक बल्ले से कोई खास योगदान नहीं दिया है, लेकिन उन्हें अपने नेतृत्वकौशल से आत्मविश्वास मिलेगा। उन्होंने अब तक कप्तानी से प्रभावित किया है। डेथ ओवरों में लिए गए उनके रणनीतिक फैसलों से जिसके कारण रॉयल्स ने गुजरात टाएटंस पर रोमांचक जीत दर्ज की थी।

**जताई चिंता** | पूर्व दिग्गज अश्विन सीएसके की लगातार तीसरी हार पर बोले- कार्यशैली बदलने की जरूरत

# चेन्नई को युवा खिलाड़ियों में आत्मविश्वास जगाने की जरूरत

**नई दिल्ली, एजेंसी**



भारतीय स्पिन के दिग्गज रविचंद्रन अश्विन ने कहा है कि आईपीएल के वर्तमान सत्र में लगातार तीसरी हार झेलने वाली चेन्नई सुपर किंग्स (सीएसके) की टीम को अपने युवा खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ाने और अच्छी कार्यशैली अपनाने की जरूरत है।

सीएसके को रविवार को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु के हाथों 43 रन से हार का सामना करना पड़ा। उसे अभी तक अपने तीनों मैच में हार मिली है और वह अंकतालिका में सबसे निचले स्थान पर है। अश्विन ने कहा मुझे यकीन है कि ड्रेसिंग रूम का माहौल काफी तनावपूर्ण होगा। मुझे ठीक से नहीं पता कि शब्द कितने कठोर हो सकते हैं, लेकिन ईमानदारी से कहूं तो इतनी युवा टीम के साथ आगे बढ़ने का सिर्फ एक ही रास्ता है और वह है अतीत को पीछे छोड़कर अपने खेल का स्तर ऊंचा करना। इसके लिए उसे मजबूत कार्यशैली और टीम के अंदर अच्छा माहौल तैयार करना होगा। मुझे यकीन है कि आरसीबी से मिली इस करारी हार के बाद चेन्नई के ड्रेसिंग रूम में बेहद निराशा का माहौल होगा। भारत के पूर्व स्पिनर ने कहा कि युवा खिलाड़ियों से जवाबदेही की उम्मीद करना उचित नहीं है। अश्विन ने कहा आरसीबी के हाथों सीएसके की हार को शब्दों में बयां करना बहुत मुश्किल है। आरसीबी और सीएसके का मुकाबला आईपीएल के सबसे चर्चित मुकाबलों में से एक माना जाता है। उन्होंने कहा सीएसके की टीम में कुछ कमियां हैं। उसकी टीम में कई अनुभवहीन खिलाड़ी हैं। हम उनसे जवाबदेही की उम्मीद नहीं कर सकते। वे उस उम्र में हैं जहां उन्हें मैदान पर उतरकर क्रिकेट का आनंद लेना चाहिए। आप उन पर सीएसके जैसी फ्रेंचाइजी की विरासत को आगे बढ़ाने का दबाव नहीं डाल सकते। इस बीच दक्षिण अफ्रीका के पूर्व कप्तान फाफ डुप्लेसी ने भारत के टी20 विश्व कप हीरो संजू सैमसन का समर्थन करते हुए कहा कि शुरुआती तीन मैचों में अच्छा प्रदर्शन न कर पाने के बावजूद वह वापसी करने में सफल रहेंगे। डुप्लेसी ने कहा अगर आप सीएसके की बल्लेबाजी पर गौर करें तो वह काफी अच्छी है।

कप्तान रुतुराज गायकवाड ने हमेशा खुद को साबित किया है। संजू सैमसन एक बेहतरीन खिलाड़ी हैं। उन्होंने कहा इसके अलावा उनके शीर्ष क्रम में आयुष म्हात्रे जैसा एक बेहद प्रतिभाशाली युवा खिलाड़ी है, जिसने अपने छोटे से आईपीएल करियर में अब तक असाधारण प्रदर्शन किया है।

### थोड़ा और खेलने की थी इच्छा

**चेन्नई।** भारत के पूर्व ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने खुलासा किया है कि अगर वह चेन्नई सुपर किंग्स की तरफ से खेलते हुए मानसिक रूप से परेशान करने वाले और 'पीड़ादायक' दौर से नहीं गुजरे होते तो वह इंडियन प्रीमियर लीग में थोड़ा और समय तक खेल सकते थे। अश्विन ने 2024 में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। इसके बाद उन्होंने पिछले साल आईपीएल को भी अलविदा कह दिया था। इस स्टार स्पिनर ने अपने यूट्यूब चैनल 'ऐश की बात' में कहा कि उन्होंने फ्रेंचाइजी को उनके भविष्य के बारे में फैसला करने की दुविधा से बचाने के लिए आईपीएल से संन्यास लेने का फैसला किया।

# भारत बिली जीन किंग कप के प्लेऑफ में जगह बनाने की दौड़ में

**नई दिल्ली, एजेंसी**



टेनिस खिलाड़ी सहजा यमलापल्ली, अंकिता रैना, कैप्टन विशाल उप्पल, ज़ील देसाई, रुतुजा भोसले और वैष्णवी अडकर (बाएं से) एजेंसी

भारत 2026 के प्लेऑफ के लिए क्वालीफाई करने के लक्ष्य के साथ मंगलवार से यहां डीएलटीए कॉम्प्लेक्स में होने वाले बिली जीन किंग कप (बीजेकेसी) टेनिस टूर्नामेंट के एशिया-ओशिनिया ग्रुप एक के मुकाबलों में परिचित परिस्थितियों और घरेलू समर्थन का भरपूर लाभ उठाने की कोशिश करेगा।भारत को हालांकि प्रतिभाशाली श्रीवल्ली भामिदिपति के हटने से झटका लगा है।

इंडोनेशिया, कोरिया, मंगोलिया, न्यूजीलैंड और थाईलैंड की मौजूदगी में भारतीय टीम को कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा। इस टूर्नामेंट में शीर्ष पर रहने वाली दो टीमें ही आगे बढ़ेंगी, जबकि सबसे नीचे की दो टीमें 2027 के लिए ग्रुप दो में खिसक जाएंगी। भारत का बेंगलुरु में 2025 प्लेऑफ में निराशाजनक प्रदर्शन रहा था। वह तब तीन टीमों के ग्रुप जी में तीसरे स्थान पर रहा था। मेजबान टीम को स्लोवेनिया से 1-2 और नीदरलैंड से 0-3 की हार का सामना करना पड़ा, हालांकि नवोदित खिलाड़ी श्रीवल्ली और सहजा यमलापल्ली ने अपने प्रदर्शन से प्रभावित किया था। भारत की तरफ से अब एकल में पूरी जिम्मेदारी सहजा और वैष्णवी अडकर पर आ गई है। अनुभवी खिलाड़ी अंकिता रैना से युगल मुकाबलों में अच्छी प्रदर्शन की उम्मीद की जा रही है जहां वह रुतुजा भोसले के साथ मिलकर चुनौती पेश करेगी। अगर कप्तान विशाल उप्पल टूर्नामेंट के दौरान अंकिता को एकल खेलने के लिए भी कहें तो यह कोई आश्चर्य की बात नहीं होगी।